हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



शराब पीने के बाद अकड़ने लगे हाथ पैर, शरीर पड़ गया नीला, 14 की मौत

तीन अधिकारी निलंबित, दो पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई

"हाथ-पैर पटकने लगे... शरीर पर पड़ गए नीले निशान"



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सागर कांड से सबक, छग की सभी 701 शराब दुकानों में हर एक बोतल की होगी जांच, देखेंगे नकली या जहरीली तो नहीं!

मप्र के सागर में जहरीली शराब से बड़ी संख्या में लोगों की मौत के मद्देनजर अब छत्तीसगढ़ में बेहद सतर्कता बरती जाएगी। राज्य में शराब की 701 दुकानों में अधिकारी जाकर एक-एक बोतल की जांच करेंगे। यही नहीं अवैध शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले स्पिरिट की उपलब्धता और उसके इस्तेमाल पर भी नजर रखने को कहा है। आबकारी अमला उन जगहों पर भी रेड करेगा जहां अवैध शराब बनाने का काम होता है, इसके लिए जंगल और जलस्रोतों के आसपास भी जांच पड़ताल की जाएगी। ▶▶| शेष पेज 7 पर

खास खबर

सागर कांड का हवाला

आबकारी विभाग का यह निर्देश मध्य प्रदेश के सागर में जहरीली शराब के सेवन से लोगों की मौत और कई लोगों के गंभीर रूप से बीमार होने की घटना का उल्लेख करते हुए जारी किया गया है। पत्र में कहा गया है कि ऐसी घटनाओं से राज्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय एवं गंभीर घटना न हो, इसके लिए जिलों में आबकारी तंत्र को सक्रिय करते हुए तत्काल प्रभाव से कठोर और प्रभावी कार्रवाई की जाए।

जंगलों से लेकर दुर्गम क्षेत्रों के जलस्रोतों तक की जाएगी गश्त

जंगल और जलस्रोतों के आसपास गश्त

आदेश में अवैध कच्ची शराब बनाए जाने की संभावनाओं वाले इलाकों को भी विशेष रूप से चिह्नित किया गया है। दुर्गम क्षेत्र, जलस्रोतों के आसपास के तटवर्ती इलाके और वनांचल, जहां अवैध शराब निर्माण की आशंका रहती है, वहां लगातार गश्त करने को कहा गया है।अवैध शराब निर्माण की जगह मिलने पर वहां मौजूद सामग्री ▶▶| शेष पेज 7 पर



अवैध स्पिरिट और कच्चे माल की जांच

विभाग ने अवैध स्पिरिट की उपलब्धता और उसके इस्तेमाल पर भी नजर रखने को कहा है। यह पता लगाया जाएगा कि कहीं अवैध स्पिरिट का इस्तेमाल शराब बनाने या किसी अन्य अवैध कारोबार में तो नहीं किया जा रहा है। ▶▶| शेष पेज 7 पर

शराब दुकानों की नियमित और अचानक जांच

बताया गया है कि राज्य भर में 701 शराब दुकानों में जांच संबंधी निर्देश में कहा गया है कि आबकारी अधिकारी इन सभी दुकानों में जाकर वहां रखी शराब की हर बोतल, अद्धी और पौवा की शीशी की जांच करेंगे। जिले की सभी देशी और विदेशी मदिरा दुकानों का आबकारी अधिकारियों द्वारा नियमित और आकस्मिक निरीक्षण कराया जाएगा। विभाग ने यह तय करने को कहा है कि दुकानों में किसी भी स्थिति में अवैध शराब, नॉन-ड्यूटी पेड मदिरा, लिकर, मिलावटी या संदिग्ध जहरीली शराब मौजूद न हो। जब्त शराब के नमूनों की होगी रासायनिक ▶▶| शेष पेज 7 पर

- सीमावर्ती चौकियों पर नाकाबंदी और कोचियों पर निगरानी के निर्देश
- यही नहीं, अवैध शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले स्पिरिट की उपलब्धता और उसके इस्तेमाल पर भी नजर रखने को कहा
- आबकारी अधिकारियों द्वारा नियमित और आकस्मिक निरीक्षण कराया जाएगा

ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने आए रूसी राष्ट्रपति से हुई द्विपक्षीय बैठक

भारत, रूस की दोस्ती का 'पावर शो' मोदी-पुतिन ने दुनिया को दिया संदेश

भारत की मेजबानी में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में मुलाकात की। दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक में ऊर्जा, रक्षा, व्यापार, निवेश और औद्योगिक सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान पुतिन ने पीएम मोदी को रूस आने का न्योता दिया। पीएम मोदी ने उसे स्वीकार भी किया। चर्चा के दौरान मोदी ने यूक्रेन संघर्ष खत्म कराने में मदद को तैयार हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ व्यापक मुद्दों पर वार्ता की। इस वार्ता में मुख्य रूप से वर्ष 2030 तक वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने तथा रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

पुतिन के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार सुबह नयी दिल्ली पहुंचने के कुछ घंटे बाद दोनों नेताओं के बीच वार्ता हुई। भारत ने रूस में भारतीय निर्यातकों के लिए ▶▶| शेष पेज 7 पर

खास बातें

- आज से शुरू होगा दिल्ली में 18वां ब्रिक्स सम्मेलन
- रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा
- पुतिन ने दिया मोदी को रूस आने का न्योता
- मोदी बोले- यूक्रेन संघर्ष खत्म कराने में मदद को तैयार



यूक्रेन संघर्ष, यह बोले मोदी

बैठक के दौरान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस आने का न्योता दिया। मोदी ने इस निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। यह यात्रा 24वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन संघर्ष को लेकर भारत का रुख एक बार फिर साफ किया। मोदी ने कहा कि संघर्षों का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिए ही निकाला जा सकता है। उन्होंने भारत की ओर से शांति प्रयासों में मदद की पेशकश करते हुए कहा कि भारत यूक्रेन संघर्ष को खत्म कराने की कोशिशों में सहयोग के लिए तैयार है।

एक मंच,11 देश

भारत मंडपम में होने वाले 18वें शिखर सम्मेलन में 11 सदस्य देश जुटेंगे। ब्रिक्स दुनिया की 11 प्रमुख विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर-सरकारी संगठन है। इसके सदस्य देशों में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब और इंडोनेशिया शामिल हैं। बेलारूस, बोलीविया, कजाकिस्तान, क्यूबा, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, युगांडा, उज्बेकिस्तान और वियतनाम पिछले साल ब्रिक्स के साझेदार देश बने।

ब्रिक्स सम्मेलन की अहमियत

शिखर सम्मेलन के दौरान जहां वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी, वहीं प्रधानमंत्री मोदी की द्विपक्षीय बैठकों के जरिए भारत अलग-अलग देशों के साथ अपने रणनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाने की कोशिश करेगा।

देवरी चिचोली पिकनिक स्पॉट पर हादसा

हसदेव में बहे इंजीनियरिंग कॉलेज के तीन छात्र, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

सेल्फी लेते समय एक फिसला उसे बचाते दो और बहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

जिले देवरी चिचोली पिकनिक स्पॉट पर फिर एक बड़ा हादसा हो गया। यहां बिलासपुर इंजीनियरिंग कॉलेज से पिकनिक मनाने आए तीन छात्र हसदेव नदी में बह गए। बताया जाता है कि सेल्फी लेने के दौरान एक छात्र का अचानक पैर फिसल गया और वह नदी के तेज बहाव में जा गिरा। उसे बचाने के लिए नदी में कूदे दो अन्य छात्र भी तेज धार की चपेट में आ गए। गोताखोरों की टीम देर शाम तक तलाश करती रही लेकिन तीनों का कहीं कोई पता नहीं चला।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार 11 सितंबर को बिलासपुर के चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने वाले चार छात्र और चार छात्राएं फोर व्हीलर में ▶▶| शेष पेज 7 पर





कर रहे तलाश

नदी में छात्रों के बहने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। गोताखोरों की टीम बुलाई गई है, सर्च ऑपरेशन तत्काल शुरू किया गया, फिलहाल तीनों छात्रों का कोई सुराग नहीं मिला है। रेस्क्यू टीम लगातार तलाश में जुटी हुई है।

- योगिता बाली खापर्डे
सीएसपी, जांजगीर चाम्पा





ब्रिक्स के मंच से 'जी-7' देशों को दिखाया आईना

पीएम मोदी बोले- व्यापार बढ़ाने सुरक्षित समुद्री रास्ते जरूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समेत ब्रिक्स लीडर्स ने शुक्रवार को ब्रिक्स बिजनेस फोरम में ग्लोबल ट्रेड पर बात की। इसमें सबसे अहम बयान पुतिन का रहा। उन्होंने अमेरिका और यूरोप पर तंज कसते हुए कहा, पश्चिम अब कमजोर हो रहा है, पता नहीं ये देश खुद को जी7 क्यों कहते हैं। दुनिया की 40 प्रतिशत से ज्यादा जीडीपी ब्रिक्स देशों से आई, जी 7 की हिस्सेदारी सिर्फ 29 प्रतिशत रही। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भी बिजनेस फोरम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देशों में दुनिया की आधी आबादी रहती है। ये दुनिया की 40 प्रतिशत जीडीपी में हिस्सा रखते हैं। भारत व्यापार बढ़ाना चाहता है और इसके लिए सुरक्षित समुद्री रास्ते जरूरी हैं। नई दिल्ली में आयोजित इस फोरम में सदस्य देशों के व्यापारिक दिग्गजों और सरकारी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच ब्रिक्स देशों के बीच मजबूत व्यापारिक साझेदारी, भरोसेमंद सप्लाई चेन और डिजिटल अर्थव्यवस्था पर विशेष जोर दिया।



ब्रिक्स की अर्थव्यवस्था बढ़ी, लेकिन जी7 का दबदबा कायम

रूसी राष्ट्रपति पुतिन के मुताबिक, पीपीपी के आधार पर ब्रिक्स की हिस्सेदारी दुनिया की अर्थव्यवस्था में करीब 40% है, जबकि जी7 की 18%। यानी आर्थिक आकार में ब्रिक्स आगे है। हालांकि जी 7 को कमजोर नहीं माना जा सकता। डॉलर, बैंकिंग, निवेश और तकनीक में उसका प्रभाव अब भी बड़ा है। दूसरी तरफ ब्रिक्स की ताकत बड़ी आबादी, प्राकृतिक संसाधन और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं हैं।

बाजारों तक पहुंचने में सभी को मदद मिलेगी

भारत के विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने 'एक्स' पर लिखा ब्रिक्स बिजनेस फोरम 2026 से हमें मौजूदा ग्लोबल आर्थिक माहौल के जोखिमों और अवसरों को समझने और उनसे निपटने में मदद मिलेगी। मुझे पूरा भरोसा है कि ब्रिक्स बिजनेस फोरम पार्टनरशिप को मजबूत करने, बाजारों तक पहुंचने, सप्लाई नेटवर्क को जोड़ने और व्यावहारिक कमर्शियल संबंध बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

मोदी-पेजेश्कियान की अहम मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षित नौवहन और नाविकों की सुरक्षा पर जोर देते हुए शुक्रवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान से कहा कि पश्चिम एशिया के संघर्ष का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिए किया जाना चाहिए। मोदी ने क्षेत्र में स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने, नेविगेशन और व्यापार की आजादी की रक्षा करने और समुद्री यात्रियों की सुरक्षा और भलाई के लिए लगातार कोशिशों की जरूरत पर भी जोर दिया।

बिजनेस फोरम में नेताओं के अहम बयान

प्रधानमंत्री मोदी भारत- संघर्षों का समाधान डायलॉग और डिप्लोमेसी से ही निकलेगा, भारत शांति के प्रयासों में मदद के लिए तैयार है। राष्ट्रपति पजशकियान, ईरान- ब्रिक्स देशों को आपसी कारोबार में स्थानीय मुद्राओं का इस्तेमाल बढ़ाना चाहिए। राष्ट्रपति पुतिन, रूस- ब्रिक्स की अर्थव्यवस्था का आकार लगातार बढ़ रहा है। पश्चिमी देशों का दबदबा अब पहले जैसा नहीं रहा। राष्ट्रपति रामाफोसा, साउथ अफ्रीका- दुनियाभर के देशों को अपना खनिज देता रहे लेकिन वे अफ्रीकी देशों में निवेश न करे, ऐसा नहीं चलेगा।

संरा महासचिव से मिले पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के महत्व और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि वैश्विक संस्थाओं को मौजूदा परिस्थितियों के अनुरूप अधिक प्रतिनिधित्वकारी बनाया जा सके। गुटेरेस ने मुलाकात के दौरान भारत की चौथी बार ब्रिक्स अध्यक्षता संभालने के लिए पीएम मोदी को बधाई दी। दोनों नेताओं ने वैश्विक शासन व्यवस्था में बहुध्रुवीयता को मजबूत करने और बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार की आवश्यकता पर चर्चा की।

तीज मनाने जा रहे थे नागपुर, हादसे के बाद गांवों में कोहराम

भंडारा में खड़े ट्रक में घुसी कार, 9 की मौत इनमें कवर्धा के पांच और राजनांदगांव के तीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव/कवर्धा

महाराष्ट्र के भंडारा जिले में नागपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार तड़के हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में छत्तीसगढ़ के 8 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 6 महिलाएं और 3 मासूम बच्चे शामिल हैं। इस भीषण दुर्घटना में छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के 3 लोगों की भी जान चली गई है, वहीं कबीरधाम जिले के पांच लोग शामिल हैं। दुर्घटना के बाद पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल है। दुर्घटना के शिकार लोग तीज मनाने नागपुर जा रहे थे। हादसा नागपुर-रायपुर हाईवे पर मुंडिपार और पिंपलगांव के बीच रात करीब 3 बजे हुआ। छत्तीसगढ़ से तीज पर्व मनाने नागपुर जा रहे यात्रियों से भरी एक बोलेरो सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी में 16 से 17 लोग सवार थे। दुर्घटना में 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल महिला ने नागपुर ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। जान गंवाने वाले तीन बच्चों की उम्र 5 वर्ष से कम बताई जा रही है। मृतकों में चार लोग एक ही परिवार के सदस्य थे। हादसे का शिकार हुए यात्री छत्तीसगढ़ से रिश्तेदारी में तीज त्योहार मनाने नागपुर जा रहे थे। इनमें केसीजी जिले के तीन लोगों के शामिल होने की पुष्टि के बाद परिजनों और गांव में कोहराम मच गया है। मृतकों में शामिल सरिता वर्मा के परिजनों ने बताया कि त्योहार की खुशियां मातम में तब्दील हो गईं।

तीज की खुशियां मातम में बदली

तीज पर्व मनाने की तैयारी के साथ घर से निकले परिवारों को इस भीषण हादसे ने गहरे सदमे में डाल दिया। सहसपुर लोहारा क्षेत्र के ग्राम विचारपुर, बांधाटोला और आसपास के गांवों में हादसे की खबर पहुंचते ही शोक का माहौल निर्मित हो गया। जिन परिवारों के सदस्य हादसे का शिकार हुए हैं, उनके घरों में तीज की खुशियां मातम में बदल गई हैं। मृतकों के परिजन महाराष्ट्र पहुंचकर शवों को गृह ग्राम लाने की तैयारी में जुटे हैं।



इनकी हुई मौत

सड़क हादसे में जान गंवाने वाले 8 मृतकों में जामबाई रामअवतार वर्मा (उम्र 50 वर्ष, निवासी एकता नगर, भांडेवाड़ी, नागपुर), मिनाक्षी राजकुमार वर्मा (उम्र 26 वर्ष, निवासी बिचारपुर, जिला लोहारा, छत्तीसगढ़), गायत्री रूपेश उईके (उम्र 30 वर्ष, निवासी चिचोला, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़), कु. स्विटी रूपेश उईके (उम्र 6 वर्ष, निवासी चिचोला, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़), धैर्य रूपेश उईके (उम्र 4 वर्ष, निवासी चिचोला, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़), सरिता विजय वर्मा (उम्र 30 वर्ष, निवासी बिचारपुर, जिला लोहारा, छत्तीसगढ़), कु. ग्रिशा राजकुमार वर्मा (उम्र 2 वर्ष, निवासी बिचारपुर, जिला लोहारा, छत्तीसगढ़) और राजकुमारी प्रल्हाद पटेल (उम्र 35 वर्ष, निवासी बीजा, तहसील लोहारा, कबीरधाम, छत्तीसगढ़) शामिल हैं। मृतकों में कबीरधाम जिले की चार महिलाएं और एक बच्ची शामिल हैं। हादसे में करीब दस अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिन्हें उपचार के लिए भंडारा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वाहन में कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम विचारपुर, बांधाटोला, , बीजा सहित केसीजी जिले के लोग सवार थे। इनमें महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल थे।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर अधिकारियों की टीम रवाना

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महाराष्ट्र के भंडारा जिले में नागपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई भीषण सड़क दुर्घटना में छत्तीसगढ़ के नागरिकों के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकसंतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। श्री साय ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार एवं स्थानीय प्रशासन से निरंतर समन्वय किया जा रहा है। घायलों के समुचित उपचार और प्रभावित परिवारों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ से अधिकारियों की एक टीम घटनास्थल के लिए भेज दी गई है। छत्तीसगढ़ सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।



पांच महीने के बच्चे का अपहरण दंपति गिरफ्तार

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा में यहां रेलवे स्टेशन के बाहर से पांच महीने के बच्चे का अपहरण करने के आरोप में मध्यप्रदेश के रहने वाले पति-पत्नी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि बच्चे को बरामद कर उसके माता-पिता को सौंप दिया गया जबकि आरोपी दंपति को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों की पहचान संजीव और सीमा के रूप में हुई है। पु लि स क्षेत्राधिकारी प्रवीण तिवारी ने बताया कि दोनों को शुक्रवार सुबह करीब 7:10 बजे मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के बसिया गांव स्थित एक मंदिर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, दंपति पूजा-अर्चना के बाद लौट रहा था कि तभी दोनों पति-पत्नी को पकड़ लिया गया।

सेना के चोरी हुए हाईटेक हथियार बरामद, पूर्व हवलदार गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

तेलंगाना पुलिस ने सिकंदराबाद कैंटोनमेंट से चोरी हुए सेना के सभी हथियार जब्त कर लिए हैं। पुलिस के मुताबिक, कैंटोनमेंट में काम करने वाले एक पूर्व हवलदार की मदद से की यह चोरी की गई थी। आरोपी को हिरासत में लिया गया है। हालांकि, जांच में सामने आई अन्य जानकारियां अभी शेयर नहीं की गई हैं। चोरी का मामला 31 अगस्त को तब सामने आया था, जब मद्रास रेजिमेंट के एक लेफ्टिनेंट कर्नल ने हैदराबाद के मलकाजगिरि पुलिस जोन के बोलाराम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी।

तेज हवाओं के साथ होगी भारी बारिश

इसरो का अलर्ट: अक्टूबर से दिसंबर तक 83% ज्यादा शक्तिशाली 3 चक्रवात का खतरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के तटीय इलाकों के लिए आने वाले तीन महीने बेहद संवेदनशील होंगे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने उपग्रहों और मौसम निगरानी प्रणालियों से मिले डाटा के आधार पर चेतावनी जारी की है कि अक्टूबर से दिसंबर के दौरान बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में तीन शक्तिशाली चक्रवाती तूफान बन सकते हैं। इसरो ने आगाह किया है कि चक्रवात के साथ तेज हवाएं, भारी बारिश और समुद्र में ऊंची लहरें आ सकती हैं। इसरो के अनुसार, चक्रवातों की ताकत का सूचकांक 44 साल के औसत से 83 फीसदी ज्यादा रह सकता है। मतलब ये पहले के मुकाबले ज्यादा तबाही मचा सकते हैं। रिपोर्ट में अक्तूबर-दिसंबर के लिए 1.30 करोड़ का पीडीआई (पावर डिसिपेशन इंडेक्स) बताया गया है। 1982-2025 के दौरान औसत पीडीआई 71 लाख रहा है।



पीडीआई चक्रवात नापने का पैमाना

पीडीआई एक ऐसा वैज्ञानिक पैमाना है जो किसी चक्रवात की विनाशकारी क्षमता, उसकी अवधि और संख्या को मिलाकर उसकी कुल ऊर्जा का आकलन करता है। पीडीआई की इकाई नॉट्स क्यूब होती है। आसान भाषा में कहें तो इस बार सिर्फ यह नहीं देखा जा रहा कि कितने चक्रवात बन सकते हैं। बल्कि यह अनुमान लगाया गया है कि वे कितनी तेज हवा के साथ बनेंगे और कितने समय तक टिक सकते हैं।

केंद्र सरकार ने निगरानी शुरू की

इसरो की चेतावनी के बाद केंद्र सरकार, मौसम विभाग और तटीय राज्यों के आपदा प्रबंधन विभागों ने स्थिति पर पैनी नजर रखनी शुरू कर दी है। तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए मौसम विभाग की चेतावनी जारी की जाएगी। मछुआरों और समुद्र में काम करने वाले लोगों के लिए भी ऐसे मौसमी अनुमान महत्वपूर्ण हैं।

केदारनाथ पैदल मार्ग पर बादल फटा, लैंडस्लाइड से बंद

इधर, उत्तराखंड के केदारनाथ में शुक्रवार को बादल फटा। इसके बाद लैंडस्लाइड हुई। बड़े-बड़े बोल्डर गिरने से केदारनाथ पैदल मार्ग बंद हो गया है। वहीं, यूपी में लगातार हो रही बारिश से गंगा-यमुना समेत 10 से ज्यादा नदियां उफान पर हैं। इससे 26 जिले बाढ़ की चपेट में हैं और 4 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। मिर्जापुर में पुल तो फर्रुखाबाद में हाईवे डूब गया है। मध्य प्रदेश में तीन दिन के ब्रेक के बाद भारी बारिश का अलर्ट है।



उधर, बिहार में 8 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। 14 जिलों में बाढ़ की स्थिति है, जिससे 2,360 गांवों में करीब 44 लाख लोग प्रभावित हैं। 27,954 लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं।



चिदंबरम ने ब्रिक्स से भारत को मिलने वाले फायदों पर सवाल उठाया था

ब्रिक्स समिट पर कांग्रेस में मतभेद

चिदंबरम ने पूछा- ब्रिक्स से क्या मिला, थरूर ने गिना दिए भारत को मिलने वाले फायदे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ब्रिक्स को लेकर कांग्रेस के भीतर ही अलग-अलग राय सामने आई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने हाल ही में सवाल उठाया था कि पिछले दो-तीन ब्रिक्स सम्मेलनों से भारत को आखिर कितने ठोस फायदे मिले हैं। अब उनकी ही पार्टी के सांसद शशि थरूर ने ब्रिक्स के महत्व और भारत को इससे होने वाले फायदों को गिना दिया है। थरूर ने कहा कि वैश्विक मंच पर भारत की यह कूटनीतिक क्षमता अपने आप में महत्वपूर्ण है। हालांकि, थरूर ने इसके साथ समूह के सामने मौजूद चुनौतियों और भारत के व्यापार घाटे का भी जिक्र किया। चिदंबरम ने बुधवार को





सवाल किया था कि भारत ब्रिक्स के अलावा जी20, क्वॉड और शंघाई सहयोग संगठन जैसे कई बहुपक्षीय संगठनों का हिस्सा है, लेकिन इन संगठनों से देश को वास्तव में क्या ठोस लाभ मिला है, इस पर विचार होना चाहिए। उन्होंने कहा था कि उन्हें नहीं लगता कि पिछले दो-तीन ब्रिक्स सम्मेलनों से भारत को कोई ठोस फायदा या ठोस परिणाम मिला है।

थरूर ने बताया ब्रिक्स क्यों है महत्वपूर्ण

थरूर ने ब्रिक्स को ग्लोबल साउथ के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बताया। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ में 100 से ज्यादा देश हैं, लेकिन ब्रिक्स में शामिल 11 प्रमुख देश दुनिया की बड़ी आबादी और करीब 41% वैश्विक जीडीपी का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे में इस समूह को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, 'यह कोई छोटी बात नहीं है और दुनिया के बाकी देशों को भी इस समूह को गंभीरता से लेना पड़ता है।'

भाजपा ने चिदंबरम पर साधा था निशाना

चिदंबरम के बयान के बाद भाजपा ने उन्हें उन 'नाराज फूफा' लोगों में शामिल बताया था, जो भारत की प्रगति को पचा नहीं पा रहे हैं। इस तरह ब्रिक्स को लेकर कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं के बयान सामने आए हैं। जहां चिदंबरम ने इसके सम्मेलनों से मिलने वाले ठोस नतीजों पर सवाल उठाए हैं, वहीं थरूर ने ब्रिक्स की वैश्विक भूमिका, भारत की कूटनीतिक ताकत और इसकी मेजबानी के महत्व को रेखांकित किया है।

रायपुर, शनिवार 12 सितंबर 2026 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वितीया | वर्ष : 25, अंक : 53 | पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पुल का निर्माण पूरा होने तक स्कूली बच्चों और क्षेत्रवासियों को किसी भी परिस्थिति में जोखिम उठाकर आवागमन न करना पड़े, इसके लिए जिला प्रशासन तत्काल सुरक्षित और सुगम वैकल्पिक आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करे। मुख्यमंत्री श्री साय ने निर्माणाधीन पुल स्थल पर सुरक्षा के सभी आवश्यक प्रबंध तत्काल करने के निर्देश दिए। उन्होंने खुले एवं खतरनाक तरीके से लगे सरियों को सुरक्षित करने, गहरे गड्ढों और अन्य जोखिमपूर्ण स्थानों को दुरुस्त करने तथा आवश्यकता के अनुसार बैरिकेडिंग सहित सभी जरूरी सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने को कहा।





अधूरे पुल पर सीएम गंभीर, कहा-देरी बर्दाश्त नहीं, बारिश में स्पॉट पर पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

- गरियाबंद के खामभाठा में निर्माणाधीन पुल से बच्चों और ग्रामीणों को हो रही परेशानी पर मुख्यमंत्री गंभीर
- कलेक्टर से फोन पर की बात, कहा- समयसीमा में पुल निर्माण पूरा हो

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित खबर पर खुद संज्ञान लिया है। गरियाबंद के खामभाठा में अधूरे पुल पर 20 फीट की सीढ़ी चढ़कर जा रहे बच्चों और ग्रामीण की परेशानी सामने आने के बाद मुख्यमंत्री ने ▶▶|शेष पेज 7 पर





राज्य के सभी कलेक्टरों को दिए ये निर्देश

मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने के निर्देश देते हुए कहा कि ▶▶|शेष पेज 7 पर

गरियाबंद कलेक्टर को खुद दिए ये निर्देश

श्री साय ने गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड अंतर्गत खामभाठा क्षेत्र में निर्माणाधीन पुल के कारण स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को ▶▶|शेष पेज 7 पर

बरसते पानी में पहुंचे कलेक्टर, ठेकेदार और अफसरों को लगाई फटकार

इधर गरियाबंद जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा शुक्रवार को दोपहर बाद खुद मैनपुर पहुंचे। झमाझम बारिश के बीच स्वयं कलेक्टर, विधायक जनक ध्रुव के साथ छाता लेकर पुल की खतरनाक सीढ़ियों पर चढ़े और बच्चों के आने जाने की परेशानियों को महसूस किया। साथ ही ठेकेदार और लोक निर्माण सेतु संभाग के अफसरो को मौके पर जमकर फटकार लगाई। कलेक्टर ने सख्त लहजे में कहा कि यदि ▶▶|शेष पेज 7 पर

सक्ती में पीएम आवास योजना-ग्रामीण का हुआ गृह प्रवेश समारोह शामिल हुए कृषि मंत्री

शिव-विष्णु ने दो लाख 'बेघरों' को सौंपी खुशियों की चाबी, गृह प्रवेश में हुए शामिल



प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के राज्यस्तरीय गृह प्रवेश समारोह के तहत सक्ती में शुक्रवार को 2 लाख नवनिर्मित आवासों का गृह प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से उनके नए घरों की चाबी सौंपी गई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने राज्य की साय सरकार की जमकर तारीफ की।

सक्ती में खुलेगा कृषि विज्ञान केंद्र, बस्तर में पीएम आवास सर्वे की समय-सीमा 31 अक्टूबर तक बढ़ी

पीएम आवास योजना ने लाखों गरीब परिवारों के पक्के घर का सपना किया साकार : चौहान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सक्ती

खास खबर

सक्ती के जेठा मैदान में आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री चौहान ने राज्य की विष्णु देव सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि यहां योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। हर रोज 1600 से अधिक प्रधानमंत्री आवास पूर्ण हो रहे हैं। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं और ग्रामीण परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण इसी ▶▶|शेष पेज 7 पर

केंद्रीय राज्यमंत्री साहू व उपमुख्यमंत्री शर्मा ने भी कार्यक्रम को किया संबोधित

कार्यक्रम को केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी सम्बोधित करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में जिले के प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सांसद कमलेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चन्देल, पूर्व मंत्री मेघाराम साहू, पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा, डॉ. खिलावन साहू, संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

गरीब का पक्का घर हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : साय

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि चौहान का छत्तीसगढ़ के प्रति विशेष स्नेह रहा है और उनके प्रत्येक प्रवास से प्रदेश को विकास की नई सौगातें मिली हैं। साय ने कहा कि गरीब परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। राज्य सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में ही 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति देकर अपनी प्राथमिकता स्पष्ट कर दी थी। पिछले ढाई वर्षों में प्रदेश में 11.50 लाख से अधिक आवास पूर्ण किए जा चुके हैं।

पंडरी पुलिस जांच में जुटी

मेडिकल छात्र की नशीली दवा के ओवरडोज से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडरी थाना क्षेत्र के बालाजी मेडिकल कालेज में नशीली दवा के ओवरडोज लेने से एक छात्र की शुक्रवार रात मौत हो गई। छात्र नशीली दवा लेने का आदी था या अचानक लिया, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच के बाद कुछ बता पाने की बात कह रही है। छात्र के कमरे से एनेस्थीसिया में इस्तेमाल फेंटानिल नामक दवा ▶▶|शेष पेज 7 पर



एक दिन पूर्व घर से लौटा था

घटना दिनांक को ही छात्र अपने गांव से लौटा था। वह जिस दोस्त के रूम में मिलने के लिए गया था, वो दो दिन पूर्व घर से लौटा था। पुलिस प्रारंभिक तौर पर इसे खुदकुशी मान रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस मौत का सही कारण बता पाने की बात कह रही है।

दो एमएल फेंटानिल से मौत हो सकती है

फेंटानिल एक अत्यधिक शक्तिशाली सिंथेटिक ओपिओइड दर्द निवारक दवा है, जो मॉर्फिन से लगभग 100 गुना और हेरोइन से 50 गुना अधिक असरदार होती है। इसका उपयोग सर्जरी, गंभीर चोट या कैंसर से जुड़े असहनीय दर्द को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। इसे बेहोशी या सर्जरी से पहले और सर्जरी के ▶▶|शेष पेज 7 पर

खबर संक्षेप

बीएमडब्लू इंडिया के नए ब्रांड एंबेसडर रणवीर सिंह

नई दिल्ली। नई दिल्ली में बीएमडब्लू इंडिया ने शुक्रवार को अपनी नई बीएमडब्लू 7 सीरीज रेंज लॉन्च की। इस खास मौके पर बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह को बीएमडब्लू इंडिया का नया ब्रांड एंबेसडर के तौर पर पेश किया गया। लॉन्च इवेंट में नई बीएमडब्लू 7 सीरीज रेंज से पर्दा रणवीर सिंह ने उठाया।



कश्मीर : पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सुरक्षा बलों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उसे हिरानगर सेक्टर के बोबिया इलाके में सीमा पर लगी फेंसिंग के पास पकड़ा गया। सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार व्यक्ति की उम्र करीब 60-65 साल है। सुरक्षा बलों ने पाक नागरिक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। उसकी मौजूदगी के मकसद की जानकारी जुटाई जा रही है।

मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के बड़े भाई ढालदास ने किया कांग्रेस प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कराया प्रवेश

राज्य की भाजपा सरकार में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के बड़े भाई ढालदास ने कांग्रेस प्रवेश किया है। बताया गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें तीजा-पोरा त्योहार के दौरान कांग्रेस प्रवेश कराया है। ढालदास में कांग्रेस प्रवेश के बाद कहा है कि पार्टी ने उन्हें मौका दिया तो वे विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए उन्होंने मुंगेली सीट को अपनी पसंद बताया है। राज्य में हालांकि विधानसभा चुनाव में अभी काफी समय है, लेकिन इससे पहले ढालदास का कांग्रेस प्रवेश काफी अहम माना जा रहा है। वे राज्य सरकार में ▶▶|शेष पेज 7 पर

सतनामी समाज की राजनीति पर असर

ढालदास के कांग्रेस में आने से राज्य की एससी सीटों पर राजनीतिक समीकरण बदलने की संभावना है। राज्य में इस समुदाय का राजनीति में काफी असर है। ढालदास ने मुंगेली सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा भी जता दी है। यह सीट बिलासपुर संभाग की है, जहां से भाजपा के वरिष्ठ एससी नेता पुन्नूलाल ▶▶|शेष पेज 7 पर

बिजली विभाग के दो कर्मचारियों को पूर्व आईपीएस देवांगन ने बनाया बंधक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- शिकायत पर जांच करने गए थे, घरेलू कनेक्शन में चल रहा था दफ्तर

चंगोराभाठा की महिला जेई अंजली नामदेव और उनके सहयोगी जगन मोहनराव को पूर्व आईपीएस राजकुमार देवांगन ने अपने दफ्तर में शुक्रवार की शाम को बंधक बना लिया। बिजली विभाग के ये कर्मचारी शिकायत पर जांच करने गए थे। विभाग को शिकायत मिली थी कि घरेलू कनेक्शन में दफ्तर चलाया जा रहा है। बंधक बनाए गए कर्मचारियों को डीडी नगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छुड़ाया। इंद्रप्रस्थ कालोनी में एक घरेलू कनेक्शन ▶▶|शेष पेज 7 पर

पुलिस ने छुड़ाया

अंजली नामदेव के मुताबिक उन्होंने बंधक बनाए जाने की जानकारी अपने अधिकारियों को दी। इसके बाद चंगोराभाठा के एई गुलाब साहू और रायपुर पश्चिमी संभाग के कार्यपालन अभियंता जीके बंजारे द्वारा पुलिस के साथ शाम को हमें छुड़ाया गया। देवांगन घर में छत्तीसगढ़ बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड के नाम से दफ्तर चला रहे हैं और इस दफ्तर के लिए घरेलू कनेक्शन का उपयोग किया जा रहा है।

PATANJALI wellness
Yoga, Ayurveda & Naturopathy
+91-8954666111

पतंजलि वेलनेस
योगग्राम
निरामयम्



NABH
AH-2026-0472

सिर्फ 7 दिनों में मोटापा, बीपी, शुगर, थायराइड, चर्म रोग, इनफर्टिलिटी, पाइल्स, क्रोनिक लिवर, क्रोनिक किडनी, क्रोनिक कब्ज, कोलाइटिस, अर्थराइटिस, हार्ट प्रॉब्लम एवं सभी लाइफस्टाइल और क्रोनिक डिजीज को जड़ से मिटायें

सात से दस दिन के आवासीय उपचार के दौरान पंचकर्म, षट्कर्म, शंखप्रक्षालन, कोलोन थेरेपी, बस्ति, शिरोधारा, कर्णपूर्ण, अभ्यंग, वात मोक्षण, श्रृंगी चिकित्सा, लीचथेरेपी, अग्निकर्म, कर्ण भेद, ओजोन थेरेपी, स्वेदन, एक्यूपंक्चर, एक्यूप्रेशर, योगिक फिजियोथेरेपी, यज्ञ चिकित्सा, मंत्र चिकित्सा आदि लगभग 500 प्रकार की थेरेपी से पूरे शरीर का कायाकल्प (डिटॉक्स) करायें तथा वात, पित्त एवं कफ त्रिदोषों का संतुलन करके शरीर के रिजुविनेशन और ट्रांसफॉर्मेशन के लिए आप सादर आमंत्रित हैं।





7 दिन की बुकिंग में 10% एवं 10 दिन या उससे अधिक की बुकिंग में 20% की विशेष छूट का उपहार

इंटीग्रेटेड एवं वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हैं



पतंजलि वेलनेस एवं योगग्राम में रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें:

कॉल करें: 8954-666-111, 8954-666-222

मिलिट्री, पैरामिलिट्री एवं केंद्र सरकार में सेवारत कर्मचारियों तथा प्रमुख बीमा कंपनी के कार्डधारकों हेतु निः शुल्क कैशलेस एवं रिइम्बर्समेंट चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध हैं

CAPF CGHS ECHS MAGMA STAR Health Insurance 50+ Insurance एवं TPA कंपनियां

प्रतिदिन आस्था चैनल व इंडिया टीवी या यू ट्यूब आदि से जुड़कर योग अभ्यास करें

प्रातः 5 से 7:30 और सायं 8 से 9 बजे | आस्था LIVE | संस्कार रोज रात 9:00 बजे | INDIA TV रोज सुबह 8:00 बजे | YouTube Swami Ramdev | Acharya Bal Krishna

घर बैठे 24X7 निःशुल्क टेलीमेडिसिन सेवा द्वारा रोगों का उपचार जानने एवं हमारे सीनियर वैद्य से वैद्यकीय परामर्श लेने हेतु टोल फ्री नंबर पर संपर्क करें

1800 296 1111



जासूसी कांड के बाद अहम बदलाव

पाकिस्तान यात्रा के नियम बदले प्राइवेट स्पॉन्सर टूर पर लगी रोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सामने आए पाकिस्तानी जासूसी नेटवर्क और हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के मामले के बाद केंद्र और हरियाणा सरकार ने भारत-पाकिस्तान धार्मिक यात्राओं के नियम बदल दिए हैं। जांच में खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी और वहां के प्राइवेट टूर ऑपरेटर धार्मिक यात्रा के नाम पर भारतीय नागरिकों को स्पॉन्सर करते हैं, ताकि उनसे जासूसी करा सकें।

पहले प्राइवेट एजेंसियां कराती थीं पाकिस्तान की यात्रा

पहले पाकिस्तान की निजी ट्रैवल एजेंसियां भारतीय नागरिकों, श्रद्धालुओं और कुछ मामलों में इन्फ्लुएंसर्स को स्पॉन्सरशिप लेटर उपलब्ध कराती थीं। इसके आधार पर वीजा प्रक्रिया आगे बढ़ती थी। यात्री पाकिस्तान पहुंचने के बाद संबंधित एजेंसी की ओर से ठहरने और घूमने की व्यवस्था का लाभ लेते थे। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि इसी तरह के संपर्कों का इस्तेमाल संवेदनशील जानकारियां जुटाने के लिए किया जा सकता है।

CHAITANYA
GREENS

Rera No. - PCGRERA080219000915
https://rera.cgstate.gov.in

WHY CHOOSE CHAITANYA GREENS?

READY HOMES. READY RENTAL INCOME.

RENTAL MANAGEMENT INCLUDED.

*No registration charges. *Valid till 26th September

2 BHK & 3 BHK

SADDU, RAIPUR

847-0077-222

CHAITANYA BUSINESS PARK

CG RERA
PCGRERA070522001414

Why Choose Chaitanya Business Park?

Ready Possession | Interconnected Multi-level parking | Prime Connectivity | Buy/Lease



NEW DHAMTARI ROAD, RAIPUR | 7045077772

चिंतन

भरोसेमंद दोस्त के साथ और बढ़ेगा सहयोग



मुद्दा
राजकुमार सिंह

भारत और रूस के संबंध केवल कूटनीतिक औपचारिकताओं तक सीमित नहीं रहे हैं। बदलती वैश्विक परिस्थितियों और बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबावों के बीच भी दोनों देशों के बीच विश्वास और रणनीतिक सहयोग कायम है। रूस हमेशा से ही भारत का भरोसेमंद साथी रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नई दिल्ली में हुई मुलाकात ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप स्वतंत्र विदेश नीति पर आगे बढ़ रहा है। खास बात यह है कि दोनों नेताओं की दो सप्ताह में यह दूसरी मुलाकात है। इससे भारत-रूस संबंधों को मिल रहे महत्व का अंदाजा लगाया जा सकता है। बैठक में व्यापार, ऊर्जा, रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, उर्वरक, महत्वपूर्ण खनिज, विनिर्माण, रेलवे और इस्पात जैसे क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा हुई। यह दायरा बताता है कि दोनों देशों के रिश्ते अब केवल रक्षा और ऊर्जा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आर्थिक और तकनीकी साझेदारी के नए क्षेत्रों में भी विस्तार पा रहे हैं। भारत-रूस संबंधों की मजबूती का सबसे बड़ा आधार ऊर्जा सहयोग है। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा। भारत का तर्क भी स्पष्ट है कि 140 करोड़ से अधिक आबादी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए सुरक्षित, भरोसेमंद और किफायती ऊर्जा आपूर्ति जरूरी है। वर्ष 2026 में भारतीय कच्चे तेल आयात में रूसी तेल की हिस्सेदारी जुलाई में रिकॉर्ड 51 प्रतिशत तक पहुंच गई। यह आंकड़ा रूस के भारत की ऊर्जा सुरक्षा में बढ़ते महत्व को दर्शाता है। रक्षा क्षेत्र दोनों देशों की साझेदारी का दूसरा महत्वपूर्ण स्तंभ है। भारत लंबे समय से रूसी सैन्य प्लेटफॉर्म और तकनीक का उपयोग करता रहा है। अब सहयोग का जोर केवल हथियार खरीदने के बजाय संयुक्त उत्पादन, तकनीकी हस्तांतरण और भारत में निर्माण पर होना चाहिए। सुखोई-57 और एस-500 जैसी प्रणालियों पर संभावित सहयोग, ब्रह्मोस जैसी संयुक्त परियोजनाएं और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में साझेदारी आने वाले वर्षों में संबंधों को नई दिशा दे सकती हैं। भारत की आत्मनिर्भर रक्षा नीति के साथ रूस किस तरह खुद को जोड़ता है, यह महत्वपूर्ण होगा। इसी बीच ब्रिक्स का बढ़ता प्रभाव भी इस मुलाकात को व्यापक संदर्भ देता है। पुतिन ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में दुनिया की 40 प्रतिशत से अधिक जीडीपी ब्रिक्स देशों से आई, जबकि जी-7 की हिस्सेदारी 29 प्रतिशत रही। वैश्विक आर्थिक वृद्धि में ब्रिक्स की हिस्सेदारी आधे से अधिक रही, जबकि जी-7 का योगदान 18 प्रतिशत रहा। उन्होंने इसकी बड़ी वजह ब्रिक्स देशों की अधिक आबादी और तेजी से बढ़ते घरेलू बाजारों को बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी ब्रिक्स बिजनेस फोरम में कहा कि ब्रिक्स देशों में दुनिया की आधी आबादी रहती है। ये देश दुनिया की 40 प्रतिशत जीडीपी और 25 प्रतिशत से अधिक वैश्विक व्यापार में हिस्सेदारी रखते हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि ब्रिक्स अब केवल उभरती अर्थव्यवस्थाओं का मंच नहीं, बल्कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को प्रभावित करने वाली ताकत बन चुका है। ऐसे समय में रूस के साथ मजबूत संबंध भारत के लिए केवल पुरानी दोस्ती निभाने का विषय नहीं, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा क्षमता, आर्थिक हित और रणनीतिक स्वायत्तता सुनिश्चित करने का माध्यम हैं। भरोसे की नींव पहले से मजबूत है। अब जरूरत है कि भारत और रूस इस भरोसे को व्यापार, तकनीक, उत्पादन और विकास की ऐसी साझेदारी में बदलें, जिसका लाभ दोनों देशों की जनता को मिले।

'जेन जी' ने बदल दिया चुनावी सिलेबस

> राजनीतिक दलों-नेताओं पर दिख रहा है। नौकरी देने के अधूरे वादों के अलावा याद नहीं पड़ता कि देश में कभी शिक्षा, परीक्षा और रोजगार जैसे मूलभूत मुद्दों को शासकीय तो दूर, चुनावी एजेंडा में भी प्राथमिकता मिली हो। युवाओं की बढ़ती आबादी के मद्देनजर 'युवा भारत' के नारे सुने जाते रहे हैं, लेकिन उन्हें बेहतर शिक्षा और उपयुक्त रोजगार देकर देश के विकास की मुख्यधारा का इंजन बनाने की योजना सामने नहीं आई। अंतहीन पेपर लीक और भर्ती घोटालों की तलवार अकसर युवाओं के भविष्य पर लटकी नजर आई। कटु सत्य यह भी कि देश का भविष्य कहे जाने वाले युवाओं के भविष्य से इस खिलवाड़ पर छात्रों-युवाओं के नाम पर बने राजनीतिक दलों के संगठन भी मूकदर्शक बने रहे।

अंतिम परिणति तो नतीजे ही बताएंगे, लेकिन 'जेन जी' के जंतर-मंतर प्रयोग ने चुनावी सिलेबस बदल दिया है। इसका दबाव राजनीतिक दलों-नेताओं पर दिख रहा है। नौकरी देने के अधूरे वादों के अलावा याद नहीं पड़ता कि देश में कभी शिक्षा, परीक्षा और रोजगार जैसे मूलभूत मुद्दों को शासकीय तो दूर, चुनावी एजेंडा में भी प्राथमिकता मिली हो। युवाओं की बढ़ती आबादी के मद्देनजर 'युवा भारत' के नारे सुने जाते रहे हैं, लेकिन उन्हें बेहतर शिक्षा और उपयुक्त रोजगार देकर देश के विकास की मुख्यधारा का इंजन बनाने की योजना सामने नहीं आई।

अंतहीन पेपर लीक और भर्ती घोटालों की तलवार अकसर युवाओं के भविष्य पर लटकी नजर आई। कटु सत्य यह भी कि देश का भविष्य कहे जाने वाले युवाओं के भविष्य से इस खिलवाड़ पर छात्रों-युवाओं के नाम पर बने राजनीतिक दलों के संगठन भी मूकदर्शक बने रहे। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का ऑनलाइन जन्म सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की एक टिप्पणी के चलते हुआ, लेकिन जंतर-मंतर पर और उसके बाद उसे मिल रहा समर्थन छात्रों और युवाओं के मुद्दों की अनवरत अनदेखी का परिणाम भी है। बेशक जंतर-मंतर पर और उसके बाद भी सीजेपी से कुछ राजनीतिक दलों-नेताओं का मेलजोल नजर आ रहा है, लेकिन इस सच से मुंह नहीं चुराया जा सकता कि देश के सभी दलों के शासन वाले राज्यों में पेपर लीक और भर्ती घोटाले होते रहे हैं। इसीलिए अब छात्र और युवा, जाति-धर्म-क्षेत्र-राजनीतिक रुझान की सीमाएं लांघ कर शिक्षा, परीक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों पर कमोवेश सभी राज्यों में सड़क पर उतर रहे हैं। जंतर-मंतर के बाद झारखंड में भी छात्रों-युवाओं का सफल आंदोलन और उसका राजनीतिकरण दिखा, तो अब स्कूली शिक्षा की बदहाली के विरुद्ध राज्य-दर-राज्य 'जेन अल्फा' के भी सड़क पर उतरने की खबरें हैं। जिन छात्र-छात्राओं को स्कूल-कॉलेज कक्षाओं में होना चाहिए, उनका सड़क पर उतरना देश-समाज की सकारात्मक तस्वीर पेश नहीं करता, पर उन्हें व्यवस्था ने ही मजबूर किया है। जिस देश में बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 'मिड डे मील' जैसी योजना चलायी जा रही हो, वहां विलय के नाम पर लगभग एक लाख स्कूल बंद कर दिया जाना शिक्षा के अधिकार और 'नेबरहुड स्कूल' की सोच के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर सवालिया निशान है। यह स्थिति ग्रामीण भारत में ज्यादा है। जिस राजस्थान में स्कूल का निरीक्षण करने गए सीजेपी कार्यकर्ताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच संघर्ष की खबरें आईं, वहां 611 स्कूल बिना इमारत चलने का आंकड़ा है। जिस स्कूल के निरीक्षण पर विवाद हुआ, वह एक तबेले में चल रहा था, जिसे अब स्थानांतरित कर दिया गया है। बिना भवन और पर्याप्त शिक्षकों के स्कूल चलने की शिकायतें देश भर में आम हैं, पर उनका निराकरण करने के बजाय बिना अनुमति स्कूल में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। व्यवस्था की दृष्टि से यह प्रतिबंध उचित लग सकता है, पर स्कूल की खामियां देखने-दिखाने की अनुमति भला कौन-सा प्रशासन देगा? कुछ राज्यों से स्कूली बच्चों के पैदल जिला मुख्यालय पहुंच कर स्कूल की बदइंतजामी प्रशासन को बताने की खबरें भी यही बताती हैं कि निगरानी जिनकी जिम्मेदारी है, वे



अपना काम नहीं कर रहे। हमारे यहां निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की त्रिस्तरीय व्यवस्था है। इसलिए शिक्षा व्यवस्था की बदहाली के लिए निर्वाचित जन प्रतिनिधि भी जवाबदेही से मुक्त नहीं हो सकते। यही स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की है। आंकड़े जो भी कहें, सच यह है कि छात्र-शिक्षक और नागरिक-चिकित्सक अनुपात 'विकसित भारत' के सपने से मेल हरगिज नहीं खाता। स्कूल शिक्षा व्यवस्था की बुनियाद है। बुनियाद ही बदहाल है तो उस पर बनने वाली इमारत के हाल की कल्पना ही की जा सकती है। कुछ छात्र मेहनत और किस्मत से प्रतियोगी परीक्षाओं की दहलीज तक पहुंच जाते हैं तो पेपर लीक और भर्ती घोटाले सपने चकनाचूर करने का चक्रव्यूह रचे तैयार मिलते हैं। पेपर लीक के लिए अकसर कोचिंग माफिया पर उंगली उठती है। बेशक कोचिंग का दिन दूना-रात चौगुना फैलता कारोबार पाक-साफ नहीं है, पर उसके लिए निगरानी तंत्र बनाने की जिम्मेदारी किसकी है? राजनीतिक-पुलिस-प्रशासनिक संरक्षण बिना ही कोचिंग माफिया इतना ताकतवर हो गया? तमाम राजनेता शिक्षण संस्थान चला रहे हैं, तो कारोबारियों को भी शिक्षा क्षेत्र का मोटा मुनाफा आकर्षित कर रहा है। राजनीतिकरण और भ्रष्टाचार से ग्रस्त शिक्षा- परीक्षा तंत्र से निष्पक्षता और पारदर्शिता की अपेक्षा ही बेमानी है। राज्य-दर-राज्य अदालत में चुनौती दी गयीं या रद्द कर दी गयीं भर्तियों की फेहरिस्त बहुत लंबी बन सकती है, पर वह नौबत तो तभी आती है, जब प्रक्रिया दोषपूर्ण रहे। आखिर दो दशक पहले भी प्रतियोगी परीक्षाएं और भर्ती होती थीं। बेशक तब भी नकल और पेपर लीक के मामले आते थे। भर्तियों में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार के आरोप भी लगते थे, पर अपवादस्वरूप, लेकिन अब तो यह परंपरा-सी बन गई है। अभ्यर्थियों के भविष्य से खिलवाड़ हमारी व्यवस्था का 'प्रिय शगल' बन गया लगता है। पेपर लीक हो गया तो दोबारा करा देंगे। दोबारा भी लीक हो गया तो तीसरी बार करा देंगे। बेरहम तर्क यह कि छात्र योग्य हैं तो उन्हें दूसरी-तीसरी बार परीक्षा देने में क्यों समस्या होनी चाहिए? दरअसल जंतर-मंतर प्रयोग सरकारी तंत्र की इसी गैर जिम्मेदार सोच पर वार था, पर सीजेपी और 'जेन जी' जानते हैं कि सिर्फ एक मंत्री के इस्तीफे से शिक्षा-परीक्षा तंत्र ठीक होने वाला नहीं। इसलिए अब स्कूलों से ही व्यवस्था को दुरुस्त करने की मुहिम शुरू हुई है। शिक्षा और परीक्षा के बाद लक्ष्य रोजगार ही है। इसलिए भर्ती प्रक्रिया भी निष्पक्ष और पारदर्शी होना जरूरी है। दशकों में बिगड़ी शिक्षा-परीक्षा व्यवस्था चंद दिनों में दुरुस्त नहीं हो सकती। इसे दुरुस्त करने की जिम्मेदारी भी उसी तंत्र पर है, जिस पर इसे बिगाड़ने के आरोप हैं, पर सकारात्मक संकेत यह है कि इस बाबत 'जेन जी' और 'जेन अल्फा' का दबाव सभी दल-नेता महसूस कर रहे हैं। यह उनकी अंतर्रात्मा अचानक जाग जाने का परिणाम नहीं है। इसके मूल में है 'जेन जी' की चुनावी ताकत। अगले साल जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, जहां 18 से 29 साल के 'जेन जी' मतदाता लगभग 22 प्रतिशत हैं। इनकी ताकत का अंदाजा इस आंकड़े से लगाया जा सकता है कि पिछले चुनाव में इन राज्यों की ढाई सौ से ज्यादा सीटों पर हार-जीत का अंतर पांच प्रतिशत से भी कम था। जाति-धर्म-क्षेत्र और राजनीतिक विभाजन से मुक्त नजर आ रही 'जेन जी' ने किसी एक ओर रुख कर लिया तो चुनाव उधर ही पलट जाएगा। महत्वपूर्ण आंकड़ा यह भी है कि अगले लोकसभा चुनाव तक 'जेन जी' मतदाताओं का प्रतिशत 29 हो जाएगा। इसीलिए हर दल और नेता अपने-अपने अंदाज में 'जेन जी' को रिझाने में जुटा है। चुनावी सिलेबस में अचानक आए इस बदलाव का असर चुनाव घोषणापत्रों से लेकर टिकट वितरण तक दिखेगा, जो एक सकारात्मक संकेत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पंचायती राज
डॉ. अशोक कुमार जायसवाल



सतत विकास लक्ष्य प्राप्ति में पंचायतीराज संस्थाओं का संकल्प


सतत विकास लक्ष्यों को वर्ष 2030 तक प्राप्त करने का संकल्प भारत सहित संयुक्त राष्ट्र संघ के सभी 193 सदस्य देशों द्वारा अभूतपूर्व रुप में अपनाया गया, यह मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा और संयुक्त राष्ट्र चार्टर की अधिकार-आधारित आकांक्षाओं पर सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय की अब तक की सबसे व्यापक नैतिक और राजनीतिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसकें मुख्य उद्देश्यों में गरीबी को समाप्त करना और आजीविका के साधन सृजित करना, भुखमरी का अन्त करना, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था एवं उपलब्धता, लैगिंग समानता, शुद्ध एवं स्वच्छ जल की उपलब्धता, उर्जा प्रणालियों को कार्बन मुक्त करना, सभी को सम्मानजनक कार्य की उपलब्धता, उद्योग एवं नवाचार को बढ़ावा देना तथा असमानता में कमी लाना प्रमुख है। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क द्वारा जारी विकास रिपोर्ट के अनुसार भारत ने 167 देशों में 94वां स्थान प्राप्त किया है। देश का समग्र स्कोर 100 में से 68.30 रहा जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन है और सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में हुई महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। नॉर्डिक देश वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए है, जिसमें फिनलैंड (87.40) प्रथम, उसके बाद स्वीडन (86.26) द्वितीय और डेनमार्क (85.68) तृतीय स्थान पर है। संघर्ष और अस्थिरता के कारण मध्य अफ्रीकी गणराज्य तथा दक्षिणी सूडान इस सूचकांक में सबसे कमजोर प्रदर्शन वालों देशों में शामिल है। सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में भारत अथक प्रयास करने वाले देशों में शामिल है। वर्ष 2015 में सतत विकास लक्ष्यों को अपनाए जाने के बाद से देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। इस अवधि में भारत 112 वें स्थान से 94वें स्थान पर पहुंच गया, अर्थात 18 स्थानों का सुधार हुआ। इससे भारत चीन के साथ उन प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है, जिन्होंने इन सूचकांकों की प्राप्ति में सबसे तेज प्रगति की है। आजादी के इस अमृत काल में पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा 17 सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने का संकल्प देश की 2.66 लाख ग्रामीण स्थानीय निकायों के माध्यम से 09 विषयगत क्षेत्रकों में सतत विकास लक्ष्यों को समेकित कर, उनके स्थानीयकरण की प्रक्रिया के माध्यम से पंचायत उन्नति सूचकांक के द्वारा लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। पंचायत उन्नति सूचकांक योजनाओं के क्रियान्वयन की इकाई ही नही बल्कि, पंचायतों में आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय को मापने का एक पैमाना है। पंचायत उन्नति सूचकांक एक आंकडा आधारित मूल्यांकन प्रणाली है, जो स्थानीय स्तर पर सतत विकास के प्रदर्षन का आंकलन करती है तथा ग्रामीण स्थानीय निकायों को उनकी उपलब्धियों, विकास संबंधी आवश्यकताओं और सुधार के क्षेत्रें को समझाने में सहयोग करती है। जमीनी स्तर पर आंकडों के संग्रहण और विकेन्द्रीकरण को मजबूत करने के लिए पंचायत उन्नति सूचकांक 3.0 भी तैयार किया गया है, यह सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण से जुड़ी विभिन्न थीमों और संकेतकों पर पंचायत की प्रगति को मापकर स्थानीय स्तर पर साक्ष्य आधारित विकास योजना तैयार करने में ग्राम सभा को सहयोग प्रदान करेगी। पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 में सतत विकास के 17 लक्ष्यों को 09 थीम में विभक्त कर 230 आंकडा बिन्दुओं को चिन्हित कर 150 विशिष्ट स्थानीय सूचकांकों का उपयोग किया गया है। देश की कुल 2,66,999 ग्राम पंचायतों एवं स्थानीय निकायों में से 2,59,867 ग्राम पंचायतों (97.32 प्रतिशत) द्वारा साक्ष्य आधारित ग्राम सभा से सत्यापित आंकडे प्रस्तुत किए गए। यह पंचायतीराज व्यवस्था को जमीनी स्तर पर लागू करने के प्रयासों का सुखद परिणाम है, इससे हमारे गांवों की तस्वीर बदल रही है तथा समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति को न्याय प्राप्त हुआ है, और समाज के अंतिम पंक्ति पर बैठा हुआ व्यक्ति विकास की मुख्य धारा से जुड़ा है। यह ग्रामीण भारत की उभरती तस्वीर एवं साक्ष्य आधारित पारदर्शी तथा जवाबदेही शासन का प्रमाण है। पंचायत उन्नति सूचकांक में 09 थीमों-गरीबी मुक्त उन्नत आजीविका युक्त पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल-हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरियाली युक्त पंचायत, आत्म निर्भर बुनियादी ढांचा युक्त पंचायत, सामाजिक रुप से सुरक्षित न्यायपूर्ण पंचायत, सुशासन युक्त पंचायत तथा महिला हितैषी पंचायत में विभक्त कर 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए किया जा रहा सार्थक प्रयास है। अब पंचायतों से अपेक्षा है, कि सेवा का केन्द्र बिन्दु बनकर आत्मनिर्भर बने, और आर्थिक विकास तथा सामाजिक न्याय की स्थापना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार करें।

पंचायत उन्नति सूचकांक में देश की 97.32 प्रतिषत पंचायतों की रिकार्ड भागीदारी गरीबी उन्मूलन और आजीविका के साधन सृजन तथा स्वास्थ्य देखभाल, पोषण जागरुकता, स्वच्छ प्रथाओं एवं सामुदायिक सहभागिता के मजबूत परिणामों को प्रदर्शित करते है। जिन क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, उनमें गरीबी-मुक्त एवं उन्नत आजीविका-युक्त पंचायत तथा स्वस्थ पंचायत प्रमुख है। पंचायत उन्नति सूचकांक ग्रामीण भारत में समावेशी, सहभागी एवं सतत विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, यह विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को प्रभावी जमीनी कार्यवाही में परिवर्तित करने तथा पंचायतों की भूमिका को और मजबूत करने में सहायक होगा, इसके माध्यम से आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण दिशा में स्थानीय स्तर पर ठोस प्रयासों को गति मिलेगी। आर्थिक रुप से सशक्त एवं सक्षम पंचायतें ही विकसित भारत की मजबूत नींव है।

-ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा, रायपुर (छ.ग.)

हृदय का करें अनुसरण

संकलित
दर्शन



कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि। एक अनपढ़ मनुष्य को कोई ज्ञान नहीं होता, पर वह थोड़ा बहुत भावना प्रधान होता है।

मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है

संकलित
प्रेरणा



गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

अंतर्मन



आज की पाती

भारत की तंबाकू नियंत्रण नीति में बड़ी खामियां

भारत में तंबाकू नियंत्रण के सामने अब एक नई चुनौती खड़ी हो रही है। बाजार में ऐसे निकोटिन पाउच तेजी से दिखाई देने लगे हैं, जिनमें तंबाकू की पत्ती नहीं होती, लेकिन निकोटिन मौजूद रहता है। छोटे और आसानी से इस्तेमाल किए जा सकने वाले ये पाउच अलग-अलग स्वादों में उपलब्ध हैं। इन्हें दुकानों के साथ-साथ ऑनलाइन भी बेचा जा रहा है। एक अध्ययन में ऐसे निकोटिन पाउच देश के 10 में से 7 शहरों में पाए गए। इनमें निकोटिन की मात्रा भी काफी अधिक थी। इससे साफ है कि यह केवल भविष्य की समस्या नहीं है, बल्कि भारत के बाजार में इसकी मौजूदगी बढ़ रही है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि तंबाकू न होने के कारण मौजूदा कानूनों में इन उत्पादों की सही जगह स्पष्ट नहीं है। - संकेत अग्रवाल, धमतरी

ट्रेंड

राष्ट्र-निर्माण कार्य



स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो में 'विश्व धर्म संसद' में भारत को मानवता के आध्यात्मिक उत्थान के स्रोत के रूप में स्थापित किया। उनके उस ऐतिहासिक भाषण की वर्षगांठ पर, मैं युवाओं से स्वामी जी का भाषण पढ़ने और खुद को राष्ट्र-निर्माण कार्य में समर्पित करने का आग्रह करता हूं।
- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

बघेल की समस्याएं



कांग्रेस ने भूपेश बघेल को असम का प्रभारी नियुक्त किया है। लेकिन मेरी जानकारी में उन्हें असम में कोई दिलचस्पी नहीं है, क्योंकि वे छत्तीसगढ़ में कई राजनीतिक और व्यक्तिगत समस्याओं में उलझे हुए हैं।
- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

ब्रिक्स की मेज़बानी



दिल्ली के लिए ब्रिक्स की मेज़बानी करना सम्मान और गर्व की बात है। हम अपने मेहमानों का स्वागत करते हैं कि वे ऐसी राजधानी का अनुभव करें जो कई संस्कृतियों से समृद्ध है और 'वसुधैव कुटुंबकम' की शाश्वत भारतीय भावना से प्रेरित है। - रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

ज़ुल्म रुकते नहीं



आप हर तरह के ज़ुल्म के बारे में तब तक बात करते रहते हैं जब तक आप थक नहीं जाते। ज़ुल्म रुकते नहीं हैं। कभी-कभी वे जगह बदल लेते हैं। कभी-कभी, रिले रेस की तरह, एक ज़ालिम दूसरे ज़ालिम को बंदूक थमा देता है। आप इसे और नहीं सह पाते। - सुधीर मिश्रा, फिल्मकार

करंट अफेयर

कलसी दंपति ने ह्यूस्टन विवि को दिए 40 लाख डॉलर दान


भारतीय-अमेरिकी दंपति ने इंजीनियरिंग अनुसंधान और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ह्यूस्टन विश्वविद्यालय को 40 लाख डॉलर का दान दिया है। विश्वविद्यालय ने बताया कि ह्यूस्टन विश्वविद्यालय के कुलेन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग को दिए गए इस दान से मैकेनिकल और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग में दो स्थायी प्रोफेसर पद, शिक्षकों के शोध के लिए कोष, स्नातक छात्रों के लिए फेलोशिप और एक संगोष्ठी श्रृंखला स्थापित की जाएगी। भारतीय-अमेरिकी इंजीनियर मनमोहन सिंह कलसी और उनकी पत्नी मैरी-लुइस शूबर्ट कालसी ने शोध और शिक्षा के विस्तार के उद्देश्य से यह राशि दान की है। कुलेन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रदीप शर्मा ने कहा, ''ह्यूस्टन विश्वविद्यालय के स्नातक छात्र से लेकर उद्योग जगत के नवोन्मेषक और उद्यमी तक मनमोहन कलसी की यात्रा कुलेन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के परिवर्तनकारी प्रभाव को दर्शाती है।'' यह योगदान इस दंपति के विश्वविद्यालय के साथ लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को और मजबूत करता है। मनमोहन कलसी ने ह्यूस्टन विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में परास्नातक और पीएचडी की डिग्री हासिल की थी।



ऑफ बीट

अकेलापन समझने के तरीके को बदल देता है

अगर कोई एक चीज़ है जो इंसानों के रूप में हम सब में एक जैसी है, तो वह यह है कि हममें से अधिकांश ने कभी न कभी अकेलापन महसूस किया है। लेकिन क्या सामाजिक रूप से अलग-थलग महसूस करने से होने वाला दर्द इंसान होने का एक हिस्सा है? जब हम अकेलापन महसूस करते हैं तो दुनिया इतनी अलग क्यों लगती है? हाल के शोध ने कुछ उत्तर देना शुरू कर दिया है। और यह पता चला है कि अकेलापन आपकी धारणा और संज्ञान को प्रभावित कर सकता है। अध्ययनों ने अकेलेपन से जुड़े मस्तिष्क क्षेत्रों में अंतर की पहचान की है। अकेले युवा वयस्कों में, सामाजिक अनुभूति और सहानुभूति से संबंधित मस्तिष्क के क्षेत्रों में कम घना सफेद पदार्थ (तंत्रिका तंतुओं का एक बड़ा नेटवर्क जो आपके मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों के बीच सूचना और संचार के आदान-प्रदान का काम करता है) होता है। लेकिन अकेले वृद्ध वयस्कों में, संज्ञानात्मक प्रसंस्करण और भावनात्मक विनियमन के लिए महत्वपूर्ण मस्तिष्क क्षेत्र वास्तव में मात्रा में छोटे होते हैं। एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि अकेले लोगों का दिमाग दुनिया को अजीब तरीके से संसाधित करता है।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

बैंक बदलने के लिए नहीं लेना पड़ेगा नया टैग

फास्टैग अब मोबाइल नंबर की तरह होगा पोर्ट


स्टिकर बदले बिना बैंक बदलने की 'वन टैग' सर्विस शुरू

गडकरी ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में नई सुविधा लॉन्च की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

फास्टैग यूजर्स के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब अगर आप अपने फास्टैग जारी करने वाले बैंक की सर्विस से परेशान हैं या किसी दूसरे बैंक की सुविधा लेना चाहते हैं, तो आपको नया फास्टैग खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सरकार फास्टैग को मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तर्ज पर एक बैंक से दूसरे बैंक में पोर्ट करने की सुविधा शुरू करने जा रही है। यानी वाहन पर लगा फास्टैग वही रहेगा, लेकिन उसका इशुअर बैंक बदला जा सकेगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2026 में 'वन टैग' नाम की नई सुविधा लॉन्च की है।

इसकी मदद से वाहन मालिक अपना मौजूदा एनईटीसी फास्टैग बरकरार रखते हुए उसका बैंक बदल सकेंगे।



देश में 13 करोड़ फास्टैग जारी

भारत में फास्टैग के जरिए डिजिटल टोल कलेक्शन तेजी से बढ़ा है। सरकार के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्गों पर करीब 98 प्रतिशत टोल कलेक्शन डिजिटल तरीके से फास्टैग के जरिए हो रहा है। देश में अब तक करीब 13 करोड़ फास्टैग जारी किए जा चुके हैं। इतने बड़े यूजर बेस को देखते हुए फास्टैग से जुड़ी सेवाओं को ज्यादा आसान और सुविधाजनक बनाने पर जोर दिया जा रहा है। वन टैग सुविधा इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण बदलाव हो सकती है।

खास खबर

फास्टैग पोर्ट करने पर नहीं बदलेगा टैग

नई व्यवस्था के तहत फास्टैग यूजर को बैंक बदलने के लिए पुराने फास्टैग को वाहन से हटाने की जरूरत नहीं होगी। मौजूदा टैग को ही दूसरे बैंक के साथ जोड़ा जा सकेगा। इसका मतलब है कि मोबाइल नंबर पोर्ट करने की तरह फास्टैग भी पोर्ट होगा और ग्राहक अपनी पसंद का नया बैंक या फास्टैग इश्यूअर चुन सकेगा।

टोल प्लाजा पर रुकने की जरूरत भी होगी कम

सरकार सिर्फ फास्टैग पोर्ट की सुविधा तक सीमित नहीं रहना चाहती। आने वाले समय में टोल कलेक्शन को एआई, बैरियर फ्री टोलिंग और फ्री फ्लो मोबिलिटी जैसी तकनीकों से और बेहतर बनाने की तैयारी है। इसका उद्देश्य टोल प्लाजा पर वाहनों को रोकने की जरूरत को कम करना है। यानी भविष्य में टोल प्लाजा पर गाड़ी रोककर भुगतान करने के बजाय वाहन बिना रुके आगे बढ़ सकेंगे। एआई और नई तकनीक की मदद से टोल पहचान और भुगतान की प्रक्रिया को ज्यादा तेज और ऑटोमेटेड बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

संसद सत्र के औपचारिक समापन में देरी पर भड़की कांग्रेस, पूछा- क्या पक रहा है?

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शुक्रवार को संसद के मानसून सत्र को स्थगित करने के बाद उसके औपचारिक रूप से समाप्त होने में हो रही देरी को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार संसद में परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को पास कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत जुटाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि मोदी सरकार ने सत्रावसान में देरी का अपना ही 2015 का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया है। साल 2015 के मानसून सत्र में संसद के अनिश्चित काल के लिए स्थगित होने और सत्रावसान के बीच 28 दिनों का अंतर था, जबकि 2026 के मानसून सत्र में यह अंतर 29 दिनों तक पहुंच चुका है।



वंदे मातरम गाने पर विवाद

उमर ने पूछा- कांग्रेस क्या चाहती है, कश्मीरी जेल जाएं

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि वंदे मातरम के सभी छह पैरा को लेकर जो प्रावधान लागू है, उसका सरकार को पालन करना होगा। वंदे मातरम के दौरान खड़े न होने के कानूनी परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने पूछा, 'कांग्रेस क्या चाहती है, कि कश्मीरियों को इस कारण जेल में डाल दिया जाए।'उमर ने कहा कि सरकारी कार्यक्रमों में लागू नियमों और प्रोटोकॉल का पालन करना जरूरी है। ये नियम सिर्फ जम्मू-कश्मीर नहीं, बल्कि पूरे देश में सरकारी कार्यक्रमों पर लागू होते हैं।

खास बातें

- सरकारी कार्यक्रमों में नियम मानना जरूरी
- पूरा वंदे मातरम गाने पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी



वंदे मातरम को लेकर क्या है पूरा मामला

दरअसल, सोमवार को श्रीनगर में सीएम उमर और जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला की मौजूदगी में राष्ट्रीय गीत का पूरा संस्करण हुआ था। इस पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कार्यक्रम का वीडियो शेयर करते नेशनल कॉन्फ्रेंस से अपील की थी कि वह कांग्रेस के साथ खड़ी रहे और वंदे मातरम के 2 पैरा गाने के पक्ष में अपना रुख कायम रखे।

सीएम बोले- पार्टी के फैसले और कानूनी जिम्मेदारी दोनों अलग

हालांकि, उमर ने कहा कि उनकी पार्टी ने कभी वंदे मातरम को पार्टी के तौर पर नहीं अपनाया है और भविष्य में भी ऐसा नहीं करेगी। यह पार्टी की विचारधारा और राजनीतिक फैसले का विषय है। उमर ने कहा कि पार्टी के फैसले और सरकार की कानूनी जिम्मेदारी को अलग-अलग समझना चाहिए। इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के समापन समारोह में भी राष्ट्रीय गान और राष्ट्रीय गीत दोनों प्रस्तुत किए जाएंगे।

कांग्रेस ने तय किया था- वंदे मातरम के दो पैरा गाए जाएंगे

कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने ऐलान किया था कि पार्टी अपने सभी कार्यक्रमों में वंदे मातरम के 6 में से सिर्फ शुरुआती दो पैरा गाएगी। यह फैसला 15 अगस्त को कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम के गायन को लेकर हुए विवाद के बाद आया था। बीजेपी ने कांग्रेस नेताओं पर पार्टी कार्यक्रमों में वंदे मातरम का पूरा संस्करण नहीं गाकर उसका अपमान करने का आरोप लगाया था।

बंद हो सकता है बाब-अल मंदेब

हूतियों ने यमन के बड़े इलाके पर किया कब्जा, पेरिम द्वीप तक पहुंचे

एजेंसी ▶▶| सना

यमन के हूती विद्रोहियों ने बीते कुछ दिनों में सऊदी समर्थित सेनाओं के खिलाफ बहुत तेजी से बढ़त बनाई है। हूती विद्रोहियों ने यमन की पोर्ट सिटी मोखा पर कब्जा कर लिया है। साथ ही तटीय इलाकों में आगे बढ़ते हुए पश्चिमी यमन के 2,600 वर्ग किलोमीटर इलाके पर नियंत्रण बना लिया है। यमन का लाल सागर से सटा इलाका हूतियों के नियंत्रण में हैं। वह जब चाहें बाब-अल-मंडेब बंद कर सकते हैं, जो सऊदी की मुश्किल और बढ़ा देगा।

हूतियों की इस बड़ी 'जीत' के पीछे ईरान से मिले हथियारों का अहम रोल माना जा रहा है। हूतियों ने यमनी सेनाओं पर हमले करते हुए पश्चिमी ताइज और दक्षिणी अल-हुदैदाह प्रांतों को निशाना बनाया और कई जिलों से होते हुए आगे बढ़े। सरकारी और नेशनल रेजिस्टेंस फोर्सेज (तारिक सालेह की टुकड़ियां) ने बड़े मोर्चे छोड़ दिए हैं और वे अदन की ओर पीछे हट रही हैं। हूतियों ने जिन जगहों को यमनी सेना से छीना है, उनमें हेस, अल-खौखा, अल-वाजियाह, मोखा और रणनीतिक रूप से अहम खालिद इब्न अल-वलीद मिलिट्री कैंप शामिल हैं।

पति ने ईंट से हमला कर पत्नी और 3 बेटियों की हत्या की

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर के गोविंदपुरा इलाके से एक बेहद खौफनाक और दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। एक सिरफिरे शख्स ने घरेलू कलह के चलते गहरी नींद में सो रही अपनी पत्नी और 3 सगी बेटियों की सिर पर ईंट से ताबड़तोड़ वार कर बेरहमी से हत्या कर दी। इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है, जिसकी तलाश में पुलिस की कई टीमें छापेमारी कर रही हैं। करधनी थाना पुलिस के मुताबिक, मृतकों में गीता झा (40) और उनकी तीन बेटियां नंदिनी, गिरीशा और राधिका हैं। बेटियों की उम्र 17 से 23 साल है। इसी तरह आरोपी राहुल झा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने शुक्रवार तड़के कमरे में घुसकर भारी ईंट से गहरी नींद में सो रही पत्नी और बेटियों के सिर पर लगातार हमले करते हुए उन्हें मौत की नींद सुला दिया। उसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। जैसे ही इस सामूहिक हत्याकांड की खबर इलाके में फैली, घर के बाहर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, धनबाद
मोबाईल नं0 : 7061981397 Email : rdsd.dhanbad@rediffmail.com

पत्रांक:– 969 **निविदा आमंत्रण सूचना** धनबाद / दिनांक– 10.09.2026

ई0– निविदा सूचना संख्या – RWD/SD/DHANBAD-34/2026-27

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:–

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	धनबाद जिलान्तर्गत तोपचाँची प्रखण्ड श्रीरामपुर में लेदाटाँड जाने के रास्ते पर कतरी नदी के पास पुल निर्माण।	385.13600	परिमाण विपत्र की राशि 2%	10000.00	18 महीना
2.	धनबाद जिलान्तर्गत टुण्डी प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत रतनपुर के टुण्डी के विशनीपत्रा जोरिया पर पुल निर्माण।	262.79700	परिमाण विपत्र की राशि 2%	10000.00	18 महीना
3.	धनबाद जिलान्तर्गत बाघमारा प्रखण्ड के निश्चितपुर 1 पंचायत अन्तर्गत लेढीडुमर श्मशान घाट के पास बागडिगी जोडिया पर पुल निर्माण।	274.04100	परिमाण विपत्र की राशि 2%	10000.00	18 महीना
4.	धनबाद जिला के बाघमारा प्रखण्ड के सिगडा पंचायत के बारकी एवं सिगडा के बीच जोडिया पर पुल निर्माण।	220.88900	परिमाण विपत्र की राशि 2%	10000.00	15 महीना
5.	धनबाद जिलान्तर्गत बाघमारा प्रखण्ड कूमारजोरी पंचायत अन्तर्गत सवालडीह एवं कपुरिया भाटकुली के बीच कतरी नदी पर पुल निर्माण।	415.59900	परिमाण विपत्र की राशि 2%	10000.00	18 महीना

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.09.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 24.09.2026 से दिनांक 03.10.2026 तक अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 05.10.2026 को अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– ई0 बेनीलाल मंराडी, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7061981397 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद

PR 389574 Rural Development(26-27)#D

NAGAR PALIK NIGAM JAGDALPUR
Near Indira Priyadarshini Stadium, Jagdalpur, Dist. Bastar, Chhattisgarh-494001, Email: jagdalpurnagarnigam@yahoo.com

NIT No. 2058 Jagdalpur, Dated: 10/09/26

Notice Inviting Expression of Interest

The Nagar Palik Nigam Jagdalpur invites Expression of Interest, cluster-wise, from qualified, experienced and financially sound consultancy firms/consultants for "Expression of Interest (EoI) for Empanelment of Architects/Architectural Consultants for Providing Architectural, Engineering, DPR and Allied Consultancy Services for Various Works of Nagar Palik Nigam Jagdalpur."

The key details are given below:

S.No.	Particulars	Details
1	Official Website for Download of the EoI	https://uad.cg.gov.in/
2	Date of issue of EOI	Date: 11-09-2026
3	Last date and time of submission of Application (Application Due Date)	Date: 12-10-2026, Time 5.30 PM
4	Empanelment Clusters	Cluster "A", Cluster "B", Cluster "C", Cluster "D"
5	Date and time of Opening of Technical Proposal	Date: 13-10-2026, Time 12.00 PM
6	Application/Tender Processing Fee	DD of Rs. 3000/- in favour of Commissioner Nagar Palik Nigam Jagdalpur payable at Jagdalpur
7	Earnest Money Deposit (EMD)	As per EOI

Note :- RFP of EOI and other detail can be viewed in the PWD section, Nagar Nigam Jagdalpur and official website https://uad.cg.gov.in/

Commissioner,
Municipal Corporation Jagdalpur

S-49032/2

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.).

क्रमांक 2685/न.पा.नि. / 2026 रायगढ़ दिनाँक 10/09/26

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
1	199265	आलोक सिटी मॉल से श्याम टॉकिज तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य।	50.64	05.10.2026
2	199267	कारगिल चौक से के.एम.टी. कॉलेज तक तक बी.टी. रोड़ एवं निर्माण कार्य।	108.96	05.10.2026
3	199274	मुरारी होटल से केवड़ावाड़ी बस स्टैण्ड से चाँदनी चौक तक बी.टी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य।	102.36	05.10.2026
4	199276	गद्दी चौक से चाँदनी चौक तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य।	110.00	05.10.2026
5	199278	शहीद चौक से सरस्वती माता की मूर्ति से पैलेस रोड तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य।	114.86	05.10.2026
6	199282	निगम ऑफिस से हण्डी चौक तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य।	148.50	05.10.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि., रायगढ़

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
वि/यां मिनीमाता बांगो संभाग माचाडोली मुख्यालय कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)
Email ID: eeemrgh@cgwrd.in, Phone : 07815-297058

ज्ञाप. क्र. 3183/व.ले.लि./2026/ कटघोरा दिनांक 10/09/2026

::: निविदा निरस्तीकरण आदेश :::

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग शिवनाथ भवन सेक्टर-19, नार्थ ब्लाक, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर, छ.ग. का पृ. क्र. 4264239/ निविदा प्रकोष्ठ/ 2026/5421 (टी.सी./नवा रायपुर/ दिनांक 02.09.2026 के परिपालन में इस कार्यालय का निविदा सूचना क्र. 01/ व.ले.लि./2026-27/ दिनांक 17.06.2026 निविदा सिस्टम क्र. 193639 (प्रथम आमंत्रण) जशपुर जिले के सिंचाई योजनाओं के गेट मरम्मत एवं विद्युत संरचना का कार्य अनुमानित लागत रु. 141.25 लाख में कोई भी प्रतिभागी निविदाकार भाग नही लिये जाने के कारण निविदा निरस्त की जाती है।

जिसका पूर्व में आपके कार्यालय द्वारा जारी जी नंबर 262701976/1 है।

कार्यपालन अभियंता वि/यां मिनीमाता
बांगो संभाग माचाडोली मुख्या. कटघोरा
जिला-कोरबा (छ.ग.)

G-262703246/6

ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा प्रभाग) छत्तीसगढ़
चतुर्थ तल, ब्लाक ए, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर 492002
फोन नं.-0771-2511766 email-handloomraipur@gmail.com

क्रमांक/हा./योजना-2/पुरस्कार/2026-27/1157 नवा रायपुर, दिनांक 10.09.2026

"स्व. श्री बिसाहूदास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजनांतर्गत" वर्ष 2025-26 के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रण हेतु संक्षिप्त विज्ञापन सूचना

छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग विभाग द्वारा प्रदेश के हाथकरघा उद्योग को संरक्षण प्रदान करने तथा हाथकरघा वस्त्र उत्पादन कला कौशल में बुनकरों की कल्पनाशीलता, योग्यता में सर्वश्रेष्ठ बुनकर को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से "**स्व. श्री बिसाहूदास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना" की स्थापना की गयी है।** "स्व. श्री बिसाहूदास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजनांतर्गत" वर्ष 2025-26 अंतर्गत एक बुनकर को राशि रू. 2.00 लाख (अक्षरी राशि रू. दो लाख रूपये मात्र) नगद पुरस्कार तथा प्रतीक चिन्ह शॉल एवं श्रीफल दिया जावेगा। यह पुरस्कार निर्णायक मंडल द्वारा चयनित सर्वश्रेष्ठ दो बुनकरों को दिया जावेगा। चयन समिति के निर्णय के आधार पर पुरस्कार की राशि अधिकतम दो व्यक्तियों में विभाजित की जा सकती है, प्रशस्ति पत्र पृथक-पृथक दिया जावेगा।

"**स्व. श्री बिसाहूदास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना**" वर्ष 2025-26 के लिए प्रदेश के वस्त्र बुनाई करने वाले बुनकरों से आवेदन सहित दिनांक 15.10.2026 सायं 4:00 बजे तक प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गई है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नही किया जावेगा। इस विज्ञापन की विस्तृत जानकारी आवेदन पत्र प्रारूप सहित **www.ruralindustries.cg.gov.in** में देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

संलग्न - उपरोक्तानुसार ।

(संचालक, ग्रामोद्योग द्वारा अनुमोदित)

संयुक्त संचालक
ग्रामोद्योग हाथकरघा छत्तीसगढ़ रायपुर

G-262703240/1

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562, website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/1056 Raipur, date 10.09.2026

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public Sector Undertaking/ Local bodies/Power Generating Companies in India only may be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below:-

Tender Specifi. No.	Name of Work	NIT value
CEC/ABVTPS-MRW/W/2026/75	Annual cleaning of downstream surface of earthen dam of Raw water reservoir at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. **E-411146.**	5.07 Lacs
CEC/HTPS-KW/W/2026/76	Providing and laying of stone pitching on nallah and closure of boundary wall at Erector Hostel at HTPS, CSPGCL, Korba West. **E-371596**	8.93 Lacs
CEC/ABVTPS-MRW/W/2026/77	Annual supply of various materials and mason gang for various routine maintenance work of A, B, C, D, E & F type colony & various public building at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. **E- 363368**	28.34 Lacs
CEC/ABVTPS-MRW/W/2026/78	Extension of Erector Hostel at First floor in colony premises at 2x500MW ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa **E- 359104**	36.12 Lacs
CEC/HTPS-KW/W/2026/79	Urgent provision for emergency fire exit in CHP control room and till end of conveyor 2AB tunnel at INT:CHP, 4x210MW, HTPS, CSPGCL, Korba West. **E-393210**	6.77 Lacs
CEC/HTPS-KW/W/2026/80	Construction of WMM road along conveyor 4 (between new MCC 03 and new TT 02) at Ext. CHP LDCC area at HTPS, CSPGCL, Korba West. **E-374526**	19.97 Lacs
CEC/HTPS-KW/W/2026/85	Miscellaneous civil works to meet out the unforeseen requirement on "As and when basis" at 1x500MW HTPS CSPGCL, Korba West **E-436870**	44.34 Lacs
CEC/HTPS-KW/W/2026/86	Annual supply of civil materials and mason gang for day to day maintenance of Power House at 1x500MW Extn., HTPS, CSPGCL, Korba West. **E-457945**	7.80 Lacs
CEC/DSPM-KE/W/2026/87	Annual work of daily sweeping and cleaning of various offices inside premises of DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East **E- 411613**	9.45 Lacs

Note:- (i) The detailed NIT, Eligibility Criteria, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.(ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (Civil)
CSPGCL, Raipur

लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़
खण्ड-3, प्रथम तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर
दूरभाष क्रमांक- 0771 2331385, फैक्स-0771 2445215
ई-मेल cg.dpi.dir@gmail.com

क्र./सेजेस/संविदा भर्ती/2026-27/78 नवा रायपुर, दिनांक 09/09/2026

संक्षिप्त विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत प्रदेश में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों हेतु शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक के संविदा पदों (Contractual Basis) के कुल 1812 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जायेंगे।

विज्ञापित पदों के नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी संबंधित जिले में गठित प्रबंधन एवं संचालन समिति, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय होगी।

क्रमांक	पदनाम	रिक्त पद	क्रमांक	पदनाम	रिक्त पद
1	व्याख्याता हिन्दी	51	13	प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला	24
2	व्याख्याता अंग्रेजी	65	14	सहायक शिक्षक	590
3	व्याख्याता संस्कृत	47	15	शिक्षक हिन्दी / संस्कृत	34
4	व्याख्याता भूगोल / अर्थशास्त्र	5	16	शिक्षक अंग्रेजी	106
5	व्याख्याता इतिहास / राजनीति	6	17	शिक्षक कला	72
6	व्याख्याता सामाजिक विज्ञान	52	18	शिक्षक विज्ञान	56
7	व्याख्याता गणित	49	19	शिक्षक गणित	68
8	व्याख्याता जीव विज्ञान	39	20	व्यायाम शिक्षक	50
9	व्याख्याता वाणिज्य	104	21	ग्रंथपाल	60
10	व्याख्याता रसायन	44	22	शिक्षक कम्प्यूटर	40
11	व्याख्याता भौतिक	53	23	प्रयोगशाला सहायक	170
12	प्रधानपाठक प्राथमिक शाला	27		योग	1812

टीप:- 1. विज्ञापित पदों की आवश्यक शैक्षणिक अर्हताएं, आयु सीमा, निर्देश, परीक्षा योजना, पाठ्यक्रम, पदों आरक्षण संबंधी विस्तृत विवरण एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी http://eduportal.cg.nic.in पर विस्तृत विज्ञापन में जारी किया जायेगा।

2. रिक्त पदों की संख्या परिवर्तनीय है।

3. ऑनलाईन आवेदन पत्र का लिंक स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाईट पर सितंबर महीने में जारी किया जावेगा और लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन माह अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में संभावित है। आवेदकों से अनुरोध है कि परीक्षा तिथियों से संबंधित नवीनतम जानकारी के लिए नियमित रूप से वेबसाईट http://eduportal.cg.nic2.in का अवलोकन करते रहें।

4. उपरोक्त विज्ञापित रिक्त पदों की भर्ती कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (Computer Based Test) के माध्यम से किया जावेगा, जिसका माध्यम अंग्रेजी होगा।

5. उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिये की जाने वाली संविदा नियुक्ति, माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में दायर एस.एल.पी. (सी.) क्रमांक 019668 / 2022 में पारित होने वाले अंतिम आदेश / निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

उप संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़

(संचालक द्वारा अनुमोदित)

G-262703234/1



हनुमान अंश के बाद प्रेमानंद जी महाराज पर बनेगी राधा अंश!

मुंबई। बाबा नीम करोली महाराज पर बनी फिल्म 'हनुमान अंश' ने बॉक्स ऑफिस पर चौंकाने वाली कमाई करके हर किसी के दिलों में जगह बना ली है। अब, संत प्रेमानंद जी महाराज को लेकर भी फिल्म पर चर्चा शुरू हो गई है। वैष्णव किन्नर अखाड़े की जगद्गुरु शंकराचार्य हिमांगी सखी ने फिल्म बनाने की पहल की है। बाबा नीम करोली महाराज की कहानी और हनुमान के प्रति उनकी भक्ति ने दर्शकों पर गहरा असर डाला है। इस बीच, एक और संत के जीवन को बड़े पर्दे पर लाने की तैयारी शुरू हो गई है। वैष्णव किन्नर अखाड़े की जगद्गुरु शंकराचार्य हिमांगी सखी ने संत प्रेमानंद महाराज के जीवन पर आधारित 'राधा अंश' नाम की फिल्म बनाने की घोषणा की है। 'राधा अंश' के बनने की खबर के साथ ही फिर से चर्चा शुरू हो गई है कि क्या विराट और अनुष्का की मशहूर जोड़ी 'हनुमान अंश' के अलावा 'राधा अंश' का भी हिस्सा बनेगी।

लाइफ Style

शहनाज

फिल्म नहीं चली तो कुछ नया करो

एजेंसी ⏭ मुंबई

दर्शक आपके लिए थिएटर तक आ रहे हैं तो उनका सम्मान करना जरूरी है, ऐसा मानना है अभिनेत्री शहनाज गिल का। यही कारण है कि वह दर्शकों की प्रतिक्रियाओं को गंभीरता से लेती हैं। हाल ही में पंजाबी फिल्म 'सिंह वर्सेस कौर 2' में नजर आईं शहनाज गिल कहती हैं, बॉक्स ऑफिस पर कई बार कुछ कंटेंट अच्छा होता है, लेकिन दर्शकों से नहीं जुड़ पाता है। हालांकि, कई बार बाद में एहसास होता है कि अच्छी फिल्म थी।


हर कोई कंटेंट अच्छा ही बनाना चहता है, किसे मन करता है कि सुबह उठकर शूट करने के लिए सेट पर जाओ। अपना समय दो, सब इसलिए ही साथ आते हैं कि कुछ अच्छा बनाना है। शहनाज गिल ने आगे बातचीत करते हुए कहा, 'बॉक्स ऑफिस हिट या फ्लॉप मायने नहीं रखता है, अच्छा काम किया, वह मायने रखता है। अगर फिल्म नहीं चली तो कोई बात नहीं, कुछ नया करो। आगे बढ़ो एक फिल्म का तनाव लेकर बैठेंगे कि फिल्म नहीं चली तो कोई फायदा नहीं। हर दिन खुद को साबित करना होगा, फिर चाहे सिनेमा हो, जीवन हो या घरवाले हों। यही हमारी जिंदगी है। काम करना मत छोड़ो। दर्शकों को फिल्म पसंद नहीं आई कोई बात नहीं, अगला काम ऐसा करो कि पसंद आए।' किसी फिल्म को नफरत मिली तो आगे खुद को साबित करो। दर्शक टिकट पर पैसे लगाते हैं तो वो ईमानदार समीक्षा ही देंगे। वे आपके लिए थिएटर तक आ रहे हैं तो वही बहुत बड़ी बात है।


आगे शहनाज हिंदी या पंजाबी फिल्मों में रोल करने को लेकर कहती हैं कि भाषा कोई भी चलेगी, लेकिन मुझे प्रभावशाली रोल करने हैं। कहानी ऐसी हो, जो मेरे पात्र की वजह से आगे बढ़े, दर्शक उसे याद रखें, चाहे दो मिनट का रोल हो। हर रोल का स्वागत है।



'रामायणम' में लंका दाह का सीक्वेंस भारतीय सिनेमा का सबसे बड़ा फायर सीक्वेंस?

नई दिल्ली। रणबीर कपूर स्टारर 'रामायणम' यूं तो अपनी शुरुआत से ही चर्चा में है, लेकिन ट्रेलर रिलीज के साथ ही इसे लेकर खूब सुर्खियां हैं। हालांकि, ट्रेलर के बाद से जिस किरदार की झलक के लिए दर्शकों में सबसे अधिक इंतजार है, वो हैं सनी देओल के हनुमान जिनके लुक को मेकर्स ने अब तक छिपा कर रखा है। इस किरदार को लेकर अब फिल्म से जुड़ी एक ऐसी जानकारी सामने आई है और इसी के साथ फैन्स का उत्साह भी काफी बढ़ा है। कहा जा रहा है कि हनुमान जी के लंका जाने वाले एपिसोड पर एक बेहद विशाल अग्नि सीक्वेंस तैयार किया गया है। इसी सीन को लेकर खबर आई है कि इस लंका दाह सीक्वेंस को शूट करने में टीम को करीब दो महीने लग गए। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही रणबीर स्टारर 'रामायणम' में सनी देओल भगवान हनुमान का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में जहां रणबीर कपूर भगवान राम के रोल में दिख रहे हैं वहीं साई पल्लवी माता सीता की भूमिका निभा रही हैं और यश रावण के किरदार में दिखेंगे। मेकर्स इस पौराणिक और धार्मिक कहानी को फिल्माने में किसी तरह का कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। माना जा रहा है कि सनी देओल के साथ फिल्माया लंका में अग्नि कांड का सीक्वेंस भी काफी जबरदस्त होगा। बता दें कि इस सीक्वेंस से जुड़ी जानकारी ऋषभ त्यागी ने शेयर की है और इसे अपनी जिंदगी का अब तक का सबसे बड़ा फायर सीक्वेंस बताया है। ऋषभ त्यागी ने बताया है कि टीम 'रामायण' के एक ऐसे फ्रेम पर काम कर रही थी, जिसमें हनुमान जी लंका जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह उनकी जिंदगी का अब तक का सबसे भयानक आग वाला सीक्वेंस है। उन्होंने कहा कि ये सीक्वेंस शायद भारतीय सिनेमा में फिल्माए गए अब तक के सबसे बड़े फायर सीक्वेंस में से एक हो। उन्होंने बताया कि इस सीक्वेंस को फिल्माने में करीब दो महीने का वक्त लगा। वहीं, फिल्म के इस पार्ट के बारे में जानकारी देते हुए कहा गया है कि ये सीन भले स्क्रीन पर कुछ मिनट के लिए दिखे लेकिन इस सीक्वेंस के पीछे मेकर्स की करीब दो महीने की मेहनत लग चुकी है। वहीं हनुमान अवतार में पहली बार सनी देओल को देखना ऐसा होगा कि लोगों की निगाहें उनपर ही थमी रहेंगी।





पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया के पहले सॉन्ग में राखी का डेब्यू

नई दिल्ली। एक्ट्रेस हानिया आमिर ने अपने पहले गाने 'पाब्लो' के साथ म्यूजिक की दुनिया में कदम रखा है। यह गाना उन लोगों के लिए है जो उनकी आलोचना करते हैं, लेकिन इसमें एक सरप्राइज गेस्ट अपीयरेंस ने सबका ध्यान खींचा। गाने के आखिर में बॉलीवुड एक्ट्रेस राखी सावंत नजर आती हैं, जिससे फैंस इस अनोखे कोलैबोरेशन से खुश हो गए। खुद एक्ट्रेस द्वारा लिखे और कंपोज किए गए इस गाने में वह उन लोगों को जवाब देती हैं जो उनकी आलोचना करते हैं। वह उन लोगों की सोच को संबोधित करती हैं जो उन्हें नकली मानते हैं. क्योंकि वह बहुत सुंदर हैं और अपनी निजी जिंदगी को लेकर बहुत सतर्क रहती हैं।हानिया अपने आलोचकों से कहती हैं कि वे उनके कामों की चिंता करना छोड़ दें, क्योंकि वह अपनी जिंदगी अपनी शर्तों पर जीती हैं। गाने के एक हिस्से में, हानिया अपने आलोचकों से गहरी सांस लेने और यह याद रखने को कहती हैं कि हर कोई इंसान है। वह आगे कहती हैं कि लोगों को आखिरकार अपने कामों का नतीजा भुगतना ही होगा और वह अपने आलोचकों को अपनी हद में रहने की चेतावनी देती हैं। जो डर गया, समझो मर गया सबसे बड़ा सरप्राइज गाने के आखिर में मिलता है, जिसमें राखी सावंत का स्पेशल गेस्ट अपीयरेंस है।



वेटिंग है का ट्रेलर जारी, पुलिस वाले के किरदार में दिखे दिव्येंदु

मुंबई। अपकमिंग सीरीज 'वेटिंग है' का ट्रेलर जारी हो गया है। इसमें अभिनेता दिव्येंदु एक रेलवे पुलिस वाले का किरदार निभा रहे हैं। यह सीरीज 16 सितंबर से प्राइम वीडियो और एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी। फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी'से दर्शकों का मनोरंजन करने के बाद, अभिनेता दिव्येंदु अब अपकमिंग सीरीज 'वेटिंग है' में रेलवे कॉन्स्टेबल का रोल निभाने के लिए तैयार हैं। मेकर्स ने इस स्कैम-बेस्ड कॉमेडी-ड्रामा का ट्रेलर जारी किया है। 'वेटिंग है' सीरीज के ट्रेलर में कन्फर्म रेलवे टिकट पाने के आम संघर्ष पर आधारित कहानी की झलक दिखाई गई है। पटना में सेट इस सीरीज की कहानी सुगम मिश्रा (दिव्येंदु) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रेलवे कॉन्स्टेबल के तौर पर अपनी नई नौकरी में जमने की कोशिश कर रहा है। कहानी में मोड़ तब आता है जब वह देखता है कि बुकिंग विंडो खुलने के कुछ ही सेकंड में रेलवे टिकट कन्फर्म हो जाते हैं। सुगम मामले की जांच शुरू करता है और जल्द ही अफरोज हम्सा (भुवन अरोड़ा) का पीछा करने लगता है। अफरोज एक टेक एक्सपर्ट है, जिसने टिकट बुकिंग सिस्टम का तोड़ निकाल लिया है। जो मामला शुरू में आसान लगता है, वह जल्द ही एक बड़े रैकेट में बदल जाता है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी
सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment
आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 22000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 20000 योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास फ्री संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019. (आरे-815)

टेक्नीशियन/हेल्पर

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ के सभी जिलों मे सीसीटीवी अलार्म सिस्टम लगाने एंव मेन्टेनश कार्य हेतु, टेक्नीशियन वायरमैन, हेल्पर फील्ड वर्कर जो बाहर आने जाने हेतु कार्य कर सके। संपर्क- गेटवे सिक्योरिटी सॉल्यूशन रायपुर 9424267185, 9112114811. (आरे-847)

हाऊस कीपिंग

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676. (आरे-309)

शोरूम कार्य

आवश्यकता है- टाइल्स एवं सेनेटरी के शोरूम में कार्य करने हेतु युवको की आवश्यक है। संपर्क - मनन इंटरप्राइजेज, विधानसभा रोड,मोवा , थाने के सामने, रायपुर । मोबाइल : 9827109679. (आरे-A)

आवश्यकता

Requirement- TARANG EDUCATION.10 post- 15,000 to 30,000 per month Qualification- 12th and Graduation phone number- 9767652798. (आरे-849)

चौकीदार/मिस्त्री

आवश्यकता है- रायपुर में बंजरपारा स्थित दाल मिल में चौकीदार की आवश्यकता आवास बिजली पानी सुविधा उपलब्ध मिल में 24 घंटे रहना होगा। दाल मिल चलाने के लिए दाल मिल मिस्त्री वेतन योग्यता अनुसार संपर्क कन्हैयालाल संतोष कुमार दाल मिल बंजरपारा सड्डु रायपुर 9407943129. (आरे-850)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस स्टाफ के लिए 12वीं पास लड़को की जिसे कम्प्युटर की जानकारी हो बेसिक सैलरी 10,000/- संपर्क करें- बालाजी मार्केटिंग गोंदवारा रायपुर नियर लवकुश फर्नीचर मों. - 7987399644, 9617104455.(आरे-848)

सेल्स/मैनेजर

आवश्यकता है- दुर्ग भिलाई- आयुर्वेदिक कंपनी में कार्य हेतु सेल्स वर्कर 5, फिल्ड वर्कर 3, सेल्स मैनेजर- 2, की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यतानुसार- 8000 - 15000 मो - 6268279954.(आरे - 1364)

हरिभूमि क्लासीफाईड

फील्ड मैनेजर/ड्रायवर

आवश्यकता है- किराया भंडार में काम करने के लिए फील्ड मैनेजर-3 ,कॉमर्शियल ड्राइवर तीन पद वेतन योग्यतानुसार समय दोपहर 1 से 4 बजे तक। चावला किराया भंडार गुरुद्वारा के पास स्टेशन रोड दुर्ग। 8821801000, 89594321252.(आरे - 335)

सिविल इंजीनियर

आवश्यकता है- Diploma /BTech civil (10 पद) अनुभवी एवं फ्रेशर दोनों उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं ADANI CEMENT ACC राजा स्टील ट्रेडर्स रिसाली भिलाई संपर्क - 98261-38080 बायोडाटा भेजें 78989-22204(W), 18/9/2026 इंटरव्यू, शाम-4:00 बजे (आरे - 332)

नर्सिंग स्टाफ

आवश्यकता है- बच्चों के अस्पताल में नर्सिंग कार्य हेतु प्रशिक्षित स्टॉफ की आवश्यकता है। वेतन 20000/- रु तक अथवा योग्यतानुसार संपर्क चहक बच्चों का अस्पताल, भारत माता स्कूल के पास, टाटीबंध, रायपुर फ़ोन 0771-2572033, 9399777426. (आरे-19)

फैक्ट्री कार्य

आवश्यकता है- ऑयल फैक्ट्री में स्टाफ की आवश्यकता फुल टाइम - 10:30 से 8:00 बजे तक लोकेशनः रायपुरा, चांगोरा के पास संपर्कः 9977067874. (आरे-398)

क्लासीफाईड

अकाउंटेंट

आवश्यकता है- अकाउंटेंट चाहिए (3पद)जिसे जीएसटी एवं टेलिप्राइम का अनुभव हो राजा स्टील ट्रेडर्स रिसाली भिलाई संपर्क करें - 98261-38080 बायोडाटा भेजें (W), 78989-22204 , इंटरव्यू -21/9/26 शाम-4:00 बजे (आरे - 333)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- इंडिया हेल्थ एंटरप्राइजेस में ऑफिस कार्य एवं स्वास्थ्य सर्वे हेतु युवक-युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता। योग्यताः 10वीं, 12वीं एवं ग्रेजुएट। वेतन 12,000 से 18,000 तक। स्थानः डोंगरगढ़, राजिम सभी छत्तीसगढ़ जिलों में। संपर्कः 6265491588, 8462898943. (आरे-201)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- बालोद जिला हेतु (10 पद) सेल्स एवं मार्केटिंग के लिए diploma civil, BTech civil, MBA sales/ marketing फ्रेशर एवं अनुभवी दोनों उम्मीदवार आवेदन करें ADANI CEMENT ACC / राजा स्टील ट्रेडर्स रिसाली भिलाई संपर्क -98261-38080 बायोडाटा भेजें -78989-22204 (W), इंटरव्यू 18/9/2026 शाम-4:00 बजे (आरे - 334)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

शिक्षाकर्मी

आवश्यकता है- राधिका नगर शिक्षण समिति द्वारा संचालित गाँधी विद्यापीठ (अग्रेंजी माध्यम) राधिका नगर, सुपेला भिलाई में निम्नलिखित शिक्षकों की आवश्यकता हैः-(1) PRT (2) PGT (3) TGT सभी विषयों के लिए संपर्क करें मो.-83199-82502, 94079-85484.(आरे-4172)

ड्रायवर/डिलीवरी/शॉप वर्क

आवश्यकता है- (1) ड्राइवर (ई रिक्शा/ लोडर) (2) वेजीटेबल डिलवरी स्टाफ (3) वेजीटेबल शॉप स्टाफ Timings- 8-AM To 6-PM, Age 18-40 yrs, वेतन- Petrol. खुद के 2-व्हीलर और स्मार्ट फोन, Contact- शॉप नं-3, शास्त्री मार्केट, रायपुर 9039043916, 8319726147. (आरे-071)

टेलीकॉलर

आवश्यकता है- टेली कॉलिंग के लिए युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवहीन/ अनुभव को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार पावर हाऊस भिलाई संपर्क करें मो.- 86249-87631, 92442-54776. (आरे - 331)

वेल्डर/कटिंग ऑपरेटर

आवश्यकता है- फैब्रिकेशन कार्य हेतु वेल्डर एवं गैस कटिंग ऑपरेटर की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें। स्थानः बा रा डे रा - ध न सु ली , मंदिरहसौद, रायपुर। मो. 7024347173.(आरे-070)

क्लासीफाईड

Education
शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ - फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करेः-B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, LLB M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.tech M.tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515. (आरे-4171)

मकान/प्लाट

मकान एवं प्लाट बेचना है- माधव राव सप्रे वार्ड रायपुर गोकुलधाम सोसायटी के सामने भूतल पर 800 वर्ग फीट में निर्मित मकान सर्व सुविधा युक्त मेंन रोड से 100 फीट पर चुकता कीमत 37 लाख एवं नया राजधानी (जामगांव अभनपुर) पर डायवर्सन प्लाट 1000 फुट को चुकता रेट 6 लाख में बेचना है। संपर्क करेंः- 8827380696, 9754685471, 8960002971, 8435931717. (आरे-204)

प्लॉट बेचना है - बिलासपुर (सकरी मेन रोड से वाकिंग डिस्टेंस) इन्वेस्टर्स हेतु मकान बनाकर बेचने का अवसर सभी साइजों में डायवर्टेड आवासीय प्लॉट सीसी रोड, नाली, पानी, बिजली सुविधा सहित सम्पर्क करें- 7898855268. (RO-41750)

हरिभूमि क्लासीफाईड

ASTROLOGY
ज्योतिष

ज्योतिष तांत्रिक विशेषज्ञ



पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नोता, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।

चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।

राष्ट्रीय सलाहकार
डॉ. जे.पी. दुबे
एम.पी.एच.डी. (गोल्ड मेडलिस्ट)

गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर
96302-33918, 9238384295

नोट: भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।

स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।

आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वाद-विवाद पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवे व व्यक्तिगत से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के संबंध और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

RAIPUR SMART BUSINESS
AUDIT
15,000/- से शुरु
◆ GST रजिस्ट्रेशन 500/- ◆GST फाइलिंग 500/-
◆ Income Tax ITR फाइल मात्र 500/-
• MSME • TDS • CMA DATA • फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।
संपर्क : शेखर गुप्ता onlytds.com
पता- सी-74, सेक्टर-1, जुबेस्ता हॉस्पिटल के पास, देवेन्द्र नगर, रायपुर
Whatsaap पर बनवाएं 9300755544, 8878655544

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

सोरायसिस एवं चमड़ी रोग

प्रायः सर्दियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उरोजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झुठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।

आपको दिखे एवं मिलने वाले विशेषज्ञ
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (BAMS MD)
(चर्म रोग विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213,94255-55659
96177-89223,93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

उत्तराखंड में निजी बाइक नहीं चलेंगी रेपिडो में, शुरू हुई जब्ती की कार्रवाई

एजेंसी ▶▶| देहरादून

उत्तराखंड का परिवहन विभाग उन लोगों पर कार्रवाई की तैयारी कर रहा है, जो अपनी निजी बाइकों का इस्तेमाल रैपिडो, जोमैटो और स्विगी जैसे ऐप के जरिए काम करने के लिए कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है। इस कानून के तहत व्यावसायिक वाहनों के लिए खास रजिस्ट्रेशन होना जरूरी है। देहरादून में पहले ही यात्रियों को लाने-ले जाने के काम में इस्तेमाल हो रही 100 से ज्यादा निजी बाइकों को जब्त किया जा चुका है। विभाग का कहना है कि ऐप कंपनियों को भी नोटिस भेजे जा रहे हैं ताकि यह जांचा जा सके कि उनके पार्टनर जिन गाड़ियों का इस्तेमाल कर रहे हैं, वे कानूनी तौर पर सही हैं या नहीं।

व्यावसायिक कामों के लिए सिर्फ उन्हीं गाड़ियों का इस्तेमाल किया जा सकता है, जिनका ठीक से रजिस्ट्रेशन हुआ हो। ऐसे में अगर आप अपनी निजी बाइक से डिलीवरी या पिकअप का काम कर रहे हैं, तो आपको जुर्माना भरना पड़ सकता है।

मिर्च पाउडर डालकर एसबीआई में लाखों की लूट, आरोपी गिरफ्तार

नागपुर। नागपुर में कल शाम भारतीय स्टेट बैंक की एक शाखा में अजीबोगरीब वाकया हुआ। एक शख्स ग्राहक बनकर बैंक में घुसा और अचानक उसने स्टाफ की आंखों में मिर्च पाउडर फेंक दिया। इस अफरातफरी का फायदा उठाकर वह कैश काउंटर से 4 लाख रुपये चुरा ले गया। बैंक के सुरक्षा गार्ड और कुछ कर्मचारियों ने उसे पकड़ने की कोशिश भी की, लेकिन वह तेजी से भाग निकला। बैंक कर्मचारियों की तुरंत सूचना और पुलिस की फुर्ती ने उसे ज्यादा देर भागने नहीं दिया।

इजराइल ने 1100 टन बारूद से उड़ाई सुरंग, आया 4.1 तीव्रता का भूकंप

एजेंसी ▶▶| लेबनान

मध्य पूर्व में जारी संघर्ष के बीच इजराइल ने लेबनान में एक बेहद बड़ा और कड़ा सैन्य कदम उठाया है। इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के एक विशाल और बेहद सुरक्षित ठिकाने को नेस्तनाबूद कर दिया है। हिजबुल्लाह की इस 2 किलोमीटर से ज्यादा लंबी भूमिगत सुरंग को पूरी तरह तबाह करने के लिए लगभग 1100 टन शक्तिशाली विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया।


हिजबुल्लाह के बेहद सुरक्षित ठिकाने को नेस्तनाबूद किया

सुरंग में था कमांड सेंटर व हथियारों का जखीरा : इजराइली सेना के मुताबिक, यह भूमिगत टनल नेटवर्क कोई साधारण रास्ता नहीं बल्कि एक बहुत बड़ा सामरिक अड्डा था। सुरंग के अंदर ईरान में बने दर्जनों अत्याधुनिक रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन छुपाकर रखे गए थे। इसके अलावा, तलाशी के दौरान भारी मात्रा में मशीनगन, एंटी-टैंक मिसाइल, सैकड़ों बारूदी सुरंगें और अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद हुई।

बेंजामिन नेतन्याहू बोले- मिशन पूरा हुआ

लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार, इस भारी-भरकम विस्फोट के बाद पूरे इलाके की जमीन हिल उठी। इस बड़ी सफलता के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोशल मीडिया पर सुरंग को उड़ाने का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'मिशन पूरा हुआ। हैप्पी न्यू ईयर।'

सुरंग में छिपे थे 50 से ज्यादा लड़ाके

इजराइली सेना ने अली अल-ताहेर पहाड़ी के नीचे बने इस टनल नेटवर्क के अंदर का फुटेज भी जारी किया है, जिसमें इजराइली सैनिक हथियारों से लैस होकर सुरंगों के भीतर तलाशी लेते नजर आ रहे हैं। सेना के अनुसार, जून में हुए संघर्ष विराम के बाद से इस भूमिगत परिसर में लगभग 50 हिजबुल्लाह लड़ाके छिपे हुए थे।



जैकेट के शेष

सागर कांड से ...

आबकारी आयुक्त पीएस एल्मा ने सभी कलेक्टरों को भेजे पत्र में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, हवाई अड्डे और अन्य सार्वजनिक स्थानों से लेकर सीमावर्ती जांच चौकियों, शराब दुकानों, होटल-ढाबों और जंगलों तक निगरानी बढ़ाने को कहा है।

जंगल और जलस्रोतों ....

को नष्ट करने और आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

अवैध स्पिरिट और ....

इसके लिए स्पिरिट के स्रोत और उसके मूल स्रोत तक पहुंचने की कोशिश करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जिले में अवैध स्पिरिट किसी भी रूप में प्रसार न कर सके।

शराब दुकानों का ....

जांच जांच के दौरान जब्त की गई शराब के नमूने राज्य स्तरीय रासायनिक प्रयोगशाला, आबकारी छत्तीसगढ़ को भेजे जाएंगे। रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है। यह व्यवस्था खास तौर पर संदिग्ध या जहरीली शराब के मामलों में महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि केवल शराब जब्त करना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि उसकी रासायनिक प्रकृति की भी जांच की जाएगी।

भारत, रूस की ....

अधिक बाजार पहुंच की मांग रखी, ताकि बढ़ते व्यापार घाटे को कम किया जा सके। दोनों पक्षों ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने की रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया। वर्तमान में दोनों देशों के बीच सालाना व्यापार करीब 65 अरब अमेरिकी डॉलर है।

पुतिन को भेंट की खास किताब : बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को तमिल भाषा का सबसे प्रसिद्ध और सम्मानित नीति ग्रंथ तिरुक्कुरल का रूसी भाषा में अनुवादित संस्करण भी भेंट किया। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने भारत में पहली बार आयोजित इनोप्रोम इंडिया प्रदर्शनी का दौरा भी किया। दोनों ने वहां मौजूद प्रतिभागियों से बातचीत की।

एक ही गाड़ी में दोनों ने किया सफर : दुनिया की तमाम उठापठक और अमेरिका-ईरान युद्ध, रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच एक खास तस्वीर निकलकर सामने आई। द्विपक्षीय बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की है। दोनों नेता एक कार में सवार होकर भारत मंडपम में प्रदर्शनी के लिए जा रहे हैं।

हसदेव में बहे ....

देवरी चिचोली पिकनिक स्पॉट पहुंचे थे। बताया जाता है कि दोपहर करीब 2 से 2:30 बजे पिकनिक के दौरान कुछ छात्र नदी के किनारे सेल्फी लेने के लिए पहुंचे। इसी दौरान मुरारी साहू, पवन लाल और सचिन सिंह के साथ यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि नदी किनारे सेल्फी लेने के दौरान एक छात्र का पैर अचानक फिसल गया और वह तेज बहाव में जा गिरा। साथी छात्र को डूबता देखकर दो अन्य छात्रों ने उसे बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी, लेकिन नदी की तेज धार के आगे तीनों खुद को संभाल नहीं सके और बह गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद अन्य छात्र-छात्राओं में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई उन्होंने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी।घटना की जानकारी मिलते ही बलौदा थाना प्रभारी मनोहर सिन्हा पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। साथ ही नगर सैनिक गोताखोरों की टीम को भी तत्काल बुलाया गया। फिर गोताखोरों की टीम नदी में लापता तीनों छात्रों की तलाश में जुटी । बताया जाता है कि नदी में तेज बहाव होने के कारण रेस्क्यू अभियान बेहद सावधानी से चलाया जा रहा है। फिलहाल काफी प्रयासों के बावजूद छात्रों का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

पेज एक के शेष

अधूरे पुल पर सीएम गंभीर...

गरियाबंद कलेक्टर से फोन पर बात की और निर्देश दिए है कि निर्माणाधीन पुल का निर्माण समय सीमा में होना चाहिए। गौरतलब है, इस मामले को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी गंभीरता से लेते हुए शासन से दो हफ्ते में जवाब मांगा है। इधर, सीएम के निर्देश के बाद बरसते पानी में अफसरों ने स्पॉट का जायजा लिया और ठेकेदार को फटकार लगाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जनसुविधा से जुड़े विकास एवं निर्माण कार्यों को तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी और कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी निर्माणाधीन कार्यों की नियमित निगरानी करें और जहां भी कार्य की गति धीमी है, वहां बाधाओं को तत्काल दूर कर काम में तेजी लाएं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में लेटलतीफी को गंभीरता से लिया जाएगा और अनावश्यक विलंब के लिए जिम्मेदारी तय की जाएगी।

राज्य के सभी कलेक्टरों...

निर्माण में आ रही बाधाओं का तत्काल समाधान किया जाए और कार्य में तेजी लाई जाए। अधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करें तथा यह सुनिश्चित करें कि स्वीकृत विकास कार्यों का लाभ नागरिकों को निर्धारित समय पर मिले। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसुविधा और नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

गरियाबंद कलेक्टर को...

आवागमन में हो रही परेशानी की जानकारी मिलते ही इसे गंभीरता से लिया। उन्होंने गरियाबंद कलेक्टर रणबीर शर्मा से दूरभाष पर चर्चा कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली और निश्चित समयसीमा तय कर पुल का निर्माण गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही लेटलतीफी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से जवाब तलब करने के निर्देश दिए।

बरसते पानी में पहुंचे कलेक्टर...

इस अधूरे पुल में कोई अनहोनी होती है तो इसके लिए विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार पर कार्रवाई होगी, एफआईआर तक होगी। उन्होने जनहित के इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूरा करने के कड़े निर्देश दिए। इस मौके पर प्रशासन के अधिकारियों के अलावा सेतु संभाग के तमाम अफसर और ठेकेदार मौजूद थे।

शिव-विष्णु ने दो लाख...

संकल्प को जमीन पर साकार करने वाली महत्वपूर्ण योजना है। इस मौके पर उन्होंने छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत 3.65 लाख अतिरिक्त आवासों की बड़ी सौगात दी। उन्होंने नवगठित सक्ती जिले में कृषि विज्ञान केंद्र खोलने तथा बस्तर संभाग में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के सर्वे की समय-सीमा 31 अक्टूबर 2026 तक बढ़ाने की घोषणा भी की।

अर्थव्यवस्था मजबूत बनाने में माताओं-बहनों की महत्वपूर्ण भूमिका : मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में हमारी माताओं-बहनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और बिहान के माध्यम से महिलाओं को आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

मेडिकल छात्र की नशीली दवा...

मिली है। कमरे से नशीली दवा तथा इंजेक्शन मिलने की पुलिस ने पुष्टि की है। मेडिकल कालेज में पढ़ने वाले छात्र का नाम विनायक सैनी है। वह राजस्थान, अजमेर का रहने वाला था। विनायक वह एमबीबीएस थर्ड ईयर का छात्र था। मृतक हॉस्टल के फोर्थ फ्लोर पर रहता था। विनायक की लाश थर्ड फ्लोर में उसके दोस्त के कमरे में मिली है। मृतक छात्र के दोस्त ने पुलिस को बताया है कि वह रात नौ बजे के करीब खाना खाने के लिए गया था। रूम वापस लौटने पर उसने देखा की विनायक बेड में औंधे मुंह लेटा है। इसके बाद वह अपने साथियों की मदद से छात्र को उपचार कराने बालाजी अस्पताल लेकर गया। अस्पताल ले जाए जाने पर डॉक्टरों ने ब्राड डेड घोषित कर दिया।

दो एमएल फेंटानिल से...

दौरान डॉक्टर की देखरेख में एनेस्थीसिया के सहायक के रूप में दिया जाता है। इस दवा की 2-3 मिलीग्राम भी सांस को पूरी तरह रोक सकती है, जिससे व्यक्ति की मौत हो सकती है। यह दवा बहुत जल्दी लत का कारण बनता है और अवैध रूप से भी इसका इस्तेमाल किया जाता है।

मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के ...

मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के बड़े भाई और सतनामी समाज के गुरु बालदास के बेटे हैं। उनके कांग्रेस प्रवेश से एससी समुदाय की राजनीति में बदलाव होने का संभावना जताई जा रही है। ढालदास ने कहा कि पार्टी में शामिल होने से पहले मैंने अपने भाई और पिता से बातचीत की थी और उन्हें इस बारे में बताया था। दोनों ने अपनी सहमति दे दी। वहीं उनके भाई मंत्री खुशवंत साहेब ने कहा कि कांग्रेस हमेशा तोड़ने की नीति से काम करती है।

सतनामी समाज की राजनीति....

मोहले चुनाव लड़ते रहे हैं। इसे इस तरह भी देखा जा सकता है कि श्री मोहले के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए समाज का एक और नेता तैयार है। साथ ही एक और दांव भी हो सकता है। ढालदास के भाई व राज्य सरकार के मंत्री आरंग सुरक्षित सीट से पिछले चुनाव में मैदान में उतरे थे। कांग्रेसी राजनीति में अगर कोई बड़ा दांव-पेंच चला तो पार्टी भाई के खिलाफ भाई को उतार सकती है।

बिजली विभाग के दो ...

का कमर्शियल उपयोग होने की चंगोराभाठा के बिजली विभाग के डीसी सेंटर को शिकायत मिली थी। इस शिकायत पर ही विभाग के दो कर्मचारियों की टीम वहां पर जांच करने गई थी। जेई अंजली नामदेव ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि वह अपने सहकर्मी के साथ जब उस घर में जांच करने पहुंची को वहां पर एक महिला नीलम तिवारी मिली, बिजली कनेक्शन धनंजय शर्मा के नाम पर है। कनेक्शन की जांच में पाया गया कि कनेक्शन घरेलू है लेकिन उसका उपयोग व्यावसिक किया जा रहा है।

थाने में शिकायत : इस मामले की लिखित में डीडी नगर थाने में सहायक अभियंता चंगोराभाठा ने शिकायत दर्ज कराते हुए पूरे मामले की जानकारी देकर एफआईआर दर्ज करने मामले में कार्रवाई करने की मांग की है।

घटना की मुझे कोई जानकारी नहीं : घटना के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है, मैं घटना के समय वहां पर था ही नहीं। -**राजकुमार देवांगन,** पूर्व आईपीएस

हिमाचलः वाहन के खाई में गिरने से दो लोगों की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में भरमौर-पठानकोट राजमार्ग पर एक वाहन के खाई में गिर जाने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार रात हुई। मृतकों की पहचान चंबा जिले के भरमौर निवासी 39 वर्षीय रविंदर कुमार और 32 वर्षीय विशाल कुमार के रूप में हुई है। रविंदर और विशाल ने लाहल स्थित एक पेट्रोल पंप तक जाने के लिए टैक्सी ली थी। आधी रात के बाद भरमौर लौटते समय चालक ने कथित तौर पर वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे टैक्सी सड़क के नीचे गहरी खाई में जा गिरी। पुलिस ने बताया कि जब दोनों काफी देर तक वापस नहीं लौटे और मोबाइल फोन पर भी उनसे संपर्क नहीं हो सका, तो उनके परिजनों ने उनकी तलाश शुरू कर दी। तलाशी के दौरान वाहन एक खाई में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हालत में मिला।

अरुणाचल के लोंगडिंग में उग्रवादी गिरफ्तार

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के लोंगडिंग जिले के वोटनू इलाके से सुरक्षा बलों ने उग्रवादी संगठन एनएससीएन-के (आंग माई) के एक स्वयंभू लेफ्टिनेंट को गिरफ्तार किया। विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर असम राइफल्स, सेना और अरुणाचल प्रदेश पुलिस की एक संयुक्त टीम ने वोटनू में एक समन्वित अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर निम्नलिखित कार्यों को पूरा करने के लिए ई–टेंडर आमंत्रित करते हैं:–

क्र. सं.	कार्य का नाम	निविदा सूचना संख्या	अनुमानित निविदा मूल्य (₹)	बयाना राशि (₹)
1.	ADEN/NAB के अंतर्गत SSE (P-Way)/CAF के अधिकार क्षेत्र में नागभीड़–वांदाफोर्ट (BG) सेक्शन के बीच ट्रैक की डी–स्ट्रेसिंग, टाई–टेम्पिंग, ट्रैक को ऊपर उठाने और पैकिंग करने जैसे विविध P-Way कार्य।	S-21-NAG-2026-2027	1,13,39,465.70	2,26,800/-
2.	ADEN/NAB के अंतर्गत SSE (P-Way)/NAB के अधिकार क्षेत्र में गोंदिया–नागभीड़ (BG) सेक्शन के बीच ट्रैक की डी–स्ट्रेसिंग, टाई–टेम्पिंग, ट्रैक को ऊपर उठाने और पैकिंग करने जैसे विविध P-Way कार्य।	S/22/NAG/2026-2027	1,41,03,483.62	2,82,100/-

ऊपर दिए गए सभी निविदाओं के लिए, निविदादाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल 01.10.2026 को 15:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विवरण हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।
PAM/45/115 मंडल अभियंता (दक्षिण)/द.पू.म. रेलवे/नागपुर
South East Central Railway @secrail

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित
ग्राम - उरला, पो- बी.एल.वाय. चरोदा, जिला- दुर्ग (छ.ग.)

// निविदा सूचना //

दुग्ध महासंघ द्वारा निम्नानुसार सामग्री / कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	निविदा क्रमांक / दिनांक	कार्य विवरण	निविदा प्रपत्र प्राप्त करनें की अंतिम तिथि एवं समय	निविदा प्रपत्र खोलनें की तिथि एवं समय
1	1973/11.09.2026	कोयला क्रय हेतु निविदा	07.10.2026, दोपहर - 04.00 बजे तक	08.10.2026, को दोपहर 01.00 बजे
2	1974/11.09.2026	दुग्ध संकलन वाहन अनुबंध निविदा	07.10.2026, दोपहर - 04.00 बजे तक	08.10.2026, को दोपहर- 01.30 बजे
3	1975/11.09.2026	विभिन्न प्रकार के प्रचार - प्रसार सामग्री प्रदाय एवं स्थापना निविदा	07.10.2026, दोपहर- 04.00 बजे तक	08.10.2026, को दोपहर- 02.00 बजे
4	1976/11.09.2026	मॉडल मिल्क पार्लर प्रदाय एवं स्थापना हेतु निविदा	07.10.2026, दोपहर- 04.00 बजे तक	08.10.2026, को दोपहर- 02.30 बजे

ईच्छुक निविदाकार नियम व शर्तें तथा निविदा प्रपत्र दुग्ध महासंघ की वेबसाइट:- www.cgcoopdairyfed.in से प्राप्त कर सकतें है।
प्रबंध संचालक

न्यायालय नायब तहसीलदार सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)
// ज्ञापन //

क्रमांक / 348 / वाचक / ना.तह. / 2026 सहसपुर लोहारा दिनांक 09/09/2026

प्रति,
डॉ. रमन सिंह पिता स्व. विष्नहरण सिंह श्री आनंद सिंह पिता स्व. विष्नहरण सिंह श्री अभिषेक सिंह पिता डॉ. रमन सिंह निवासी - ग्राम रामपुर (ठाठापुर), प.ह.नं. 42,तहसील - सहसपुर लोहारा, जिला - कबीरधाम (छ.ग.)

विषयः- शासकीय भूमि एवं निजी भूमि के परस्पर तबादले के संबंध में समाचार पत्र में आम सूचना (इश्तहार) प्रकाशन कराने बाबत।

संदर्भः- न्यायालय कलेक्टर, जिला - कबीरधाम का आदेश प्रकरण क्रमांक ब/121, वर्ष 2025-26 (ई-कोर्ट नं. 202606082300027), आदेश दिनांक 18/08/2026।

विषयांतर्गत एवं संदर्भित आदेश के परिपेक्ष्य में लेख है कि आपके द्वारा ग्राम रामपुर (ठाठापुर), पटवारी हल्का नंबर-42, राजस्व निरीक्षक मण्डल रामपुर (ठाठापुर) स्थित आपकी स्वामित्व की निजी भूमि तथा शासकीय भूमि के परस्पर तबादले हेतु प्रस्तुत आवेदन पर माननीय कलेक्टर महोदय, जिला - कबीरधाम द्वारा आदेश दिनांक 18.08.2026 के माध्यम से निम्नानुसार भूमि तबादले की स्वीकृति की शर्तें प्रदान की गई है।

क्र.	आवेदक का नाम	निजी भूमिका ख.न.	शासकीय भूमि का ख.न.
1	डॉ. रमन सिंह	44/4 (रकबा 0.109 हे.)	118 (रकबा 0.109 हे.)
2	श्री आनंद सिंह	44/5 (रकबा 0.061 हे.)	118 (रकबा 0.061 हे.)
3	श्री अभिषेक सिंह	43 (रकबा 0.109 हे.)	118 (रकबा 0.154 हे.)

नायब तहसीलदार
सहसपुर लोहारा

कार्यालय नगर पंचायत फिंगेश्वर, जिला- गरियाबंद (छ.ग.)
Email ID :- cmofingeshwar@gmail.com Phone No. :- 07701-296340

क्रमांक/7236/लो.नि.शा./न.पं./2026-27 फिंगेश्वर, दिनांक 11.09.2026

// मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत CGPWD में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत संस्था / फर्म / ठेकेदारो से विभिन्न निर्माण कार्य कराये जाने हेतु अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में मैनुअल निविदा फार्म 'ए' में पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-

निविदा हेतु आवश्यक जानकारी निम्नानुसार है :-
1. निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 05.10.2026 दोप. 5.30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र खोले जाने का तिथि - 07.10.2026 दोप. 12:00 बजे से।

स. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित कुल लागत राशि (लाख में)
1	नगर पंचायत फिंगेश्वर में 15 वे वित्त आयोग अंतर्गत विभिन्न वार्डो में सी.सी रोड / आर. सी. सी. नाली / पुलिया एवं पेवर ब्लाक कार्य (कुल कार्य संख्या 13)	62.10

टीप:- निविदा से संबंधित अन्य नियम एवं शर्ते कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार का संशोधन सूचना विभागीय वेबसाईट एवं कार्यालयीन सूचना पटल पर प्रसारित की जा जायेगी, पृथक से समाचार में प्रकाशित नही होगी ।
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत फिंगेश्वर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)
क्रमांक / लो.क.वि./ जोन-5/2026/1504/205. //निविदा सूचना// भिलाई, दिनांकः 03-09-26

नगर पालिक निगम जोन 05 सेक्टर 06 क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु प्रस्ताव का अनुरोध (RFP Request for proposal) आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का नाम	RFP विभाग में प्राप्त होने की अंतिम तिथी
1.	जोन क्र. 05 वार्ड 60 स्थित नवनिर्मित लाइब्रेरी ऑक्सी रीडिंग जोन का संचालन एवं संधारण (O&M) कार्य हेतु RFP आमंत्रण।	23.09.2026

प्रस्ताव का अनुरोध (RFP Request for proposal) स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जायेंगे। उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञापित, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है।
जोन आयुक्त

कार्यालय, नगर पंचायत चिखलाकसा, जिला- बालोद (छ.ग.)
क्रमांक /1228/ई-निविदा/ लो.नि.वि./2026 चिखलाकसा, दिनांक 11/09/2026

// ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है :-

1. Bid Start Date - 11.09.2026 Time - 17:00
2. Last date for sending of prebid queris Email ID...chiklakasa@gmail.com - 15.09.2026 Time - 17:00
3. Prebid Meeting Meeting link..... .... https://meet.google.com/sts-iuvv-zqs - 17.09.2026 Time - 16:00
4. Bid Due Date - 28.09.2026 Time-17:00
5. Physical Doc submission End Date - 30.09.2026 Time-15:00
6. Bid Open Date - 30.09.2026 Time-16:00

S. NO.	System Tender No.	Name of Work	Estimated Cost (In lacs)
1	199313	Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage TreatmentPlant (STP)Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in NAGAR PANCHAYAT,CHIKHLAKASA under SBM 2.0	212.15

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, व अन्य आवश्यक जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से व विभागीय वेबसाईट व http://www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग की वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नही की जावेगी ।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत चिखलाकसा

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट - IV-A - अचल संपत्ति/संपत्तियों की ई-नीलामी-सार्वजनिक बिक्री सूचना
वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी-बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित।
पंजीकृत कार्यालय:- नौवीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोन:- 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट:- www.pnbhousing.com

शा.का. रायपुर: तीसरी मंजिल, नीलय आईकॉनिक, 28/620, शंकर नगर, रायपुर 492001, छत्तीसगढ़

आम जनता और विशेष रूप से उधिनय ऋणदाता (ओ) और ऋणदाता/सह (ओ) को सूचित किया जाता है कि उधिनय संस्था-डी में निर्मित प्रभार संपत्ति (संपत्तियां), जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक है और निम्नवत वर्णित कर्जदार(रों)/सह ऋणदाता(ओं) के ऋण खाते(खातों) के संबंध में बकाया राशि के पुनर्भुगतान में चूक के कारण प्राधिकृत अधिकारी द्वारा "जैसा है, जहां है, जो है और जो कुछ भी उपलब्ध है के आधार पर" बेचे जाएंगे, जैसा कि नीचे विस्तार से बताया गया है। ऋण लेने वाले/गिरवी रखने वाले/उनके वास्तुकारी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों (चाहे ऋण हो या अन्यथा), निष्पादकों, प्रशासकों, उत्तराधिकारियों, और संबंधित ऋण लेने वाले/गिरवी रखने वाले (मृतक) के उत्तराधिकारियों को, जैसा कि सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम-8(6) और 9 के उद्देश्य संख्या-ए में उपलब्ध कराया गया है (दिनांक के अनुसार संशोधित), एतद्वारा सूचित किया जाता है। बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया मेसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.pnbhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

ऋण खाता संख्या ऋणधारक/सह-ऋणधारक का नाम जनसंपत्ति/संपत्ति प्रतिभूति (ए)	मांगी गई राशि राशि और तिथि (बी)	कब्जे का स्वरूप (सी)	गिरवी रखी गई संपत्तियों का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली प्रस्तुति की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि दर (एच)	निरीक्षण तिथि व समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात भार/ नगालवलीन प्रवरत्न यदि कोई हो (के)
00256700002362, प्रभव शर्मा/ कुसुम त्रिपाठी, शा.का.: रायपुर	रु.12,28,000.04 व 08.10.2018	भौतिक कब्जा	फ्लै.नं.-207/34, प.ह.न.65/19, मौजा-बोरसी, स्थानिक पुनर्, दुर्ग, छत्तीसगढ़, 491001, स्थानिक पुनर्, शा.का.: रायपुर, छत्तीसगढ़-491001	रु. 18,60,000	रु. 1,86,000	13/10/2026	10000/-	18-09-2026, दोपहर 12:00 बजे से साम 4:00 बजे तक	14-10-2026, दोपहर 2 बजे से साम 3:00 बजे	ज्ञात नहीं

*लागू होने पर 18% प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित, भुगतान और/या प्राप्ति की तिथि तक हुए आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि। ** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, ऊपरिनय संस्था-डी में उल्लिखित जानकारी के अलावा, उपर्युक्त अचल/सुरक्षित संपत्तियों के संबंध में कोई अन्य भार/दावा नहीं है। ऐसे अन्य भारों का भुगतान सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा किया जाएगा। संभावित क्रेता/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे उल्लिखित भारों की सत्यता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करें। (1.) ऋण की वसूली हेतु, पीएनबीहाउसफाइन के अधिकृत अधिकारी को अग्रलेख अचल संपत्ति/सुरक्षित परिसंपत्ति की बिक्री, हस्तांतरण और/या निहितन से रोकने और/या अवरुद्ध करने वाले किसी भी आदेश/रोक को नहीं है और स्थिति यथावत रखने के लिए किसी भी न्यायालय/

विमान का इंजन फेल, हवा में लटकी रही 40 यात्रियों की सांसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर से प्रयागराज होते हुए दिल्ली जा रहे अलायंस एयर के विमान का एक इंजन फेल हो गया, जिसके बाद 54 यात्रियों की सांस हवा में ही अटकी रही। शुक्रवार दोपहर को दिल्ली के आइजीआइ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी है। विमान में सवार क्रू सहित 54 यात्री सवार थे, जिन्हें सुरक्षित बचाया गया है।



खास खबर

प्रयागराज से दिल्ली जा रहे अलायंस एयर के विमान में शुक्रवार दोपहर हवा में ही तकनीकी खराबी आ गई। विमान के दो इंजनों में से एक के काम करना बंद करने के बाद दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। बताया जा रहा है कि अलायंस एयर का विमान उड़ान संख्या 91 698 शुक्रवार सुबह 10.45 बजे बिलासपुर से प्रयागराज के लिए रवाना हुआ था, प्रयागराज में 11.58 बजे लैंडिंग के बाद यह 12.33 बजे इसे नई दिल्ली के रवाना किया गया, लेकिन रास्ते में मेरठ के आसपास विमान के पायलट को कुछ दिक्कत महसूस होने लगी। इसके बाद पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इसकी जानकारी दी और इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी। अलर्ट मिलते ही आईजीआई एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी लागू कर दी गई और दोपहर करीब 2:15 बजे विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। इमरजेंसी लैंडिंग होने के बाद सभी ने राहत की सांस ली। विमानन नियामक संस्था डीजीसीए ने इस पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

अलायंस एयर के विमानों में तकनीकी खराबी की यह करीब दो सप्ताह में दूसरी गंभीर घटना है। इससे पहले 28 अगस्त को दिल्ली से बिलासपुर पहुंची अलायंस एयर की उड़ान संख्या 91 613 का टायर रनवे पर फट गया था, जिससे बड़ा हादसा होते-होते बचा था।इस दौरान विमान का बायां टायर फटने के बाद चिंगारी उठी और तेज घर्षण हुआ। हालांकि पायलट की सूझबूझ से विमान अनियंत्रित नहीं किया गया था। इस दौरान 37 यात्री और 4 क्रू मेंबर्स सवार थे।

विमान ने अपने तय शेड्यूल के मुताबिक सुबह 10:30 बजे बिलासपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। दोपहर करीब 11:45 बजे, जब एयरक्राफ्ट प्रयागराज से लगभग 80 किलोमीटर की दूरी पर था, इस बीच दाहिने इंजन का पंखा घूमना बंद हो गया। सिंगल इंजन पर आते ही हवा में विमान को जबर्दस्त झटके लगे। अचानक आए इस झटके से यात्रियों में भारी चीख-पुकार मच गई और पूरे विमान में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। इस दौरान विमान 30 हजार फीट ऊपर था, जिसके बाद पायलट के केबिन में दहशत मच गई।

सुबह बिलासपुर से प्रयागराज पहुंचा था

जिस विमान में इंजन संबंधी तकनीकी खराबी आई, वह शुक्रवार सुबह 10:45 बजे बिलासपुर से प्रयागराज के लिए उड़ान भर चुका था। विमान ने दोपहर 12:33 बजे प्रयागराज से नई दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। रास्ते में मेरठ के आसपास पायलट को विमान में तकनीकी समस्या महसूस हुई।

डीजीसीए ने दिए जांच के आदेश

घटना के बाद डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। जांच में यह पता लगाया जाएगा कि विमान के इंजन में तकनीकी खराबी किस वजह से आई और उड़ान से पहले विमान की तकनीकी जांच में कोई खामी तो नहीं थी।

शिकायत की जांच और सिफारिश कर सकता है एससी आयोग

बिलासपुर। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने अनुसूचित जाति आयोग के अधिकार क्षेत्र को लेकर आयोग शिकायत की जांच कर सकता है और तथ्यों के आधार पर संबंधित सरकार या प्राधिकरण को कार्रवाई की सिफारिश कर सकता है, लेकिन वह किसी व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक अपराध सिद्ध होने का निष्कर्ष नहीं दे सकता। यह अधिकार आपराधिक न्यायालय के क्षेत्र में आता है। कोर्ट ने कोरबा के असिस्टेंट प्रोफेसर मृगेश कुमार यादव के खिलाफ छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग द्वारा, एफआईआर दर्ज कराने की सिफारिश को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुनाया है। आयोग ने अपनी सिफारिश में एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(1) के तहत लगाए गए आरोप को प्रमाणित माना था।

लालखदान ट्रेन हादसा महिला परिचालक बर्खास्त

बिलासपुर। नवम्बर 2025 में लालखदान में लोकल और मालगाड़ी की टक्कर मामले में सीआरएस ने जांच करने के बाद प्रारंभिक रिपोर्ट दे दी है, जिसके आधार पर महिला परिचालक और चालक को दोषी पाया गया। चालक की हादसे में मौत हो गई, जिसके कारण उनके परिजन को नौकरी की प्रक्रिया चल रही है। वहीं महिला परिचालक को रेल प्रशासन ने रिमूवल आफ सर्विस कर दिया है। पिछले वर्ष बिलासपुर से गतौरा स्टेशन के बीच लालखदान के पास कोरबा से बिलासपुर आ रही लोकल मेमू अप लाइन पर खड़ी कोयला लोडेड मालगाड़ी से टकरा गई थी। इस हादसे में 14 से अधिक यात्रियों की मौत हुई थी और 20 से अधिक यात्री घायल हो गए थे। इस मेमू ट्रेन को मृत चालक विद्यासागर के साथ सहायक परिचालक के रूप में रश्मि राज परिचालन कर रहे थे। मालगाड़ी की टक्कर के कारण मौके पर ही चालक की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल अवस्था में सहायक परिचालक रश्मि राज को अपोलो और केन्द्रीय रेलवे हास्पिटल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

भारी बारिश से धमतरी-नरहरपुर मार्ग अवरूद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पोला पर्व के दिन नगरी तहसील में हुई भारी वर्षा से धमतरी-नरहरपुर मार्ग अवरूद्ध हो गया है। माड़मसिल्ली बांध में 100 प्रतिशत से अधिक जलभराव होने से साइफन से भारी मात्रा में पानी छूट रहा है जिससे भोथापारा पुल के उपर 4 फीट पानी बहने लगा है। इससे आने-जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। खासकर तिजहारिनों को बहुत परेशानी हो रही है। गुरूवार दोपहर को नगरी क्षेत्र में खूब बारिश हुई। शुक्रवार सुबह तक नगरी तहसील में 111 मिमी बारिश का रिकार्ड दर्ज किया गया है। नगरी क्षेत्र में हुई भारी बारिश से माड़मसिल्ली बांध उफान पर आ गया। बांध में सुबह 100.24 प्रतिशत जलभराव के साथ 4740 क्यूसेक पानी साइफन से छूटने लगा। अधिक पानी निकासी से भोथापारा के पास पुल के उपर 4 फीट पानी बहने लगा। सुबह 10 बजे की स्थिति में खाली बस को पुल के आगे खड़ा किया गया और यात्रियों को ट्रेक्टर ट्राली में बैठाकर पानी के बहाव से पार कराया गया। इस दौरान तीजहारिनों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दोपहिया वाहन सवारों को बांध के उपर घुमावदार रास्ते से आना-जाना पड़ा। बस चालक के अनुसार बारिश और तेज होती है तो आवाजाही बंद हो जाएगी।



20 लाख की नशीली टेबलेट बरामद, तीन आरोपी पकड़ाए

बिलासपुर। नशे के लिए उपयोग होने वाले प्रॉक्सिको स्पास कैप्सूल और अल्प्राविन टेलबेल जैसी भारी मात्रा में नशे का सामान पुलिस ने भांड़ाफोड़ किया है। इस दौरान पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। नशे का सामान की कीमत 20 लाख रूपए आंकी गई है। बताया जा रहा है कि लंबे समय से बिलासपुर पुलिस की एसीसीयू और सीपत पुलिस ने 20 लाख रूपए के प्रॉक्सिको स्पास कैप्सूल और अल्प्राविन टेलबेल जब्त की है। मामले के अनुसार सीपत थाना क्षेत्र के गुड़ी गांव के निवासी उग्रसेन लोनिया अपने पुत्र मुकेश लोनिया एवं अन्य रिश्तेदार परमेश्वर लोनिया के साथ मिलकर दीगर प्रांत से प्रतिबंधित नशीले दवा लाकर बेचने के फिराक पर थे।

इनकी हुई गिरफ्तारी

मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी मुकेश लोनिया इससे पहले भी नारकोटिक्स एक्ट में गिरफ्तार हो चुका है। वर्तमान में पुलिस ने गुड़ी गांव निवासी उग्रसेन लोनिया पिता छेदूराम लोनिया, मुकेश कुमार लोनिया पिता उग्रसेन लोनिया उम्र 30 वर्ष, परमेश्वर लोनिया उर्फ कोंदा पिता लक्ष्मी प्रसाद लोनिया उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने प्रॉक्सिको स्पास कैप्सूल और अल्प्राविन टेबलेट 4750 नग नशीली दवा बरामद की है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा।

पत्रांक :-.....चाईबासा/दिनांक.....

:: शुद्धि –पत्र ::

इस कार्यालय के पत्रांक 1633 दिनांक 03.09.2026 द्वारा प्रकाशित ई–निविदा सूचना सं० **RDD/SD/CHAIBASA/05/2026-27** में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है। जिसका **PR No. 389103 West Singhbhum(26-27):D** है।

1. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 24.09.2026 से दिनांक 14.10.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
2. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –16.10.2026 अपराह्न 02:00 बजे

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
प० सिंहभूम चाईबासा

PR 389577 (West Singhbhum) 26-27 (D)

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT
ROAD DIVISION, DUMKA

E-Procurement Notice

Tender Reference No.- RCD/DUMKA/1620 Date 10.09.2026

1	Name of Work-	Construction of High Level Bridge over Sidheswari River at Ch 18+255 Km of Gumro to Ghasimarni (Fatehpur) via Garapather Road under Road Division Dumka for the year 2026-27.
2	Estimated cost(In Rs)	Rs 13,48,93,731.00
3	Time of completion	Two Years
4	Date of Publication of Tender on Website	29.09.2026 at 10.30 AM
5	Last date/Time for receipt of bids	22.10.2026 Up to 12.00 Noon
6	Date of opening of Tender	23.10.2026 at 12.30 PM
7	Name & address of office Inviting tender	Office of The Executive Engineer Road Construction Department Road Division, Dumka.
8	Contact no. of Procurement Officer	8252424164
9	Helpline number of e-Procurement cell	0651-2401010

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division, Dumka

PR 389540 Road (26-27)_D

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर

Email- sepwdkanker.2010@rediffmail.com / se.kanker@nic.in , Fax No. 07868-224040

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित **भवन/सड़क** कार्य हेतु दिनांक **23.09.2026** समय **17:30** बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	एन.आई.टी. नंबर	टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
1	2	3	4	5
01	110	199133	लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग कांकेर अंतर्गत विभिन्न शासकीय आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों में रंगाई-पोताई का कार्य ।	26.00 लाख
02	111	199134	लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग पंखाजूर अंतर्गत आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत कार्य ।	14.13 लाख
03	112	199135	लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग पंखाजूर अंतर्गत विभिन्न शासकीय आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों में पेंटिंग कार्य ।	33.90 लाख
04	113	199136	लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग भानुप्रतापपुर अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत कार्य ।	14.13 लाख
05	114	199137	लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग अंतागढ़ अंतर्गत आवासीय एवं गैर- आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत कार्य ।	14.12 लाख
06	115	199140	लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग पंखाजूर अंतर्गत विभिन्न आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत कार्य ।	12.71 लाख
07	116	199141	लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग पंखाजूर अंतर्गत मार्गों एवं पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य ।	33.90 लाख
08	117	199155	लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग भानुप्रतापपुर अंतर्गत मार्गो का विशेष मरम्मत कार्य ।	33.90 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।

नोटः- CONTRACTOR SUBMIT THE CERTIFICATE REGARDING MACHINERIES & PLANTS AS PER ANNEXURE-G - 7 (d) (स.क्र. 07 एवं 08 हेतु)

(निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल नं. एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें ।) डाउनलोड करने की अंतिम तिथि-23.09.2026 है ।

नोटः- द्वितीय आमंत्रण

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर

G- 262703237/2

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग
सिंचाई कालोनी, शांति नगर, रायपुर–492001
वेब साईट www.cserc.gov.in ई–मेल: cserc.sec@cg.nic.in फोन नं 0771-4073555

वाहन चालक के पद पर सीधी भर्ती हेतु लिखित परीक्षा की सूचना

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग में वाहन चालक (अनुसूचित जनजाति हेतु आरक्षित) के रिक्त 01 पद पर सीधी भर्ती किये जाने हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 27.09.2026 दिन रविवार समय दोपहर 12:00 बजे से 01:30 बजे के मध्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, सड्डू, रायपुर में आयोजित की जा रही है।समस्त उम्मीदवार निर्धारित परीक्षा समय से 1 घंटा पूर्व उपस्थित होवें, ताकि परीक्षा से संबंधित सभी औपचारिकताएं समय से पूर्ण की जा सके।

सभी पात्र उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र स्पीड–पोस्ट के माध्यम से भेजा गया है, जिन पात्र उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र प्राप्त नही हुआ है वे उम्मीदवार आयोग कार्यालय या परीक्षा तिथि को परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते है। परीक्षा के संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश आयोग की वेबसाईट www.cserc.gov.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए आयोग कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 0771–4073555 पर कार्यालयीन दिवस में संपर्क कर सकते है।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाऐं

सचिव

CIN- U40108CT2003SGC015820 GSTIN-22AADCC5773E1ZX

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
CSPTCL
कार्या. कार्यपालन यंत्री अ. उ.दा. (निर्माण) संभाग
बिजली नगर. भिलाई-3, जिला - दुर्ग (छ.ग.), पिनकोड-490021
वेबसाईटः-www.cspc.co.in, ईमेलः- EEEHTConst.Bhilai@cspc.co.in, टेलीफोन न. :- 0788.2281954

क्र. का.यं./अ.उ.दा./निर्माण/765 भिलाई, दिनांक 11.09.2026

// सार्वजनिक सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा 765 / 400 / 220 के. व्ही. उपकेन्द्र (PGCIL- Dhamdha) धमधा से 220/132 के.व्ही. उपकेन्द्र बेमेतरा तक 220 के.व्ही. डी.सी.डी.एस. विद्युत पारेषण लाईन का निर्माण कार्य किया गया है, जिसकी कुल लम्बाई 44.423 किलोमीटर है। यह विद्युत लाईन जिला- दुर्ग, तहसील- अहिवारा के अंतर्गत ग्राम - मेड़ेसरा, पथरिया। तहसील-धमधा के अंतर्गत ग्राम- बसनी, दानी कोकड़ी, करेली, तितुरघाट, महाराजपुर, धमधा, ठेंगाभाट, छिराही, बिरोदा, दारगांव, खजरी एवं जिला- बेमेतरा, तहसील- बेरला के अंतर्गत ग्राम - सिलघट, सोंढ़, करामाल, लावातरा, टकसिंवा, बहेरघट, बहिंगा, ताकम। तहसील-बेमेतरा के अंतर्गत ग्राम- बीजाभाट, जेवरी से होकर गुजर रही है ।

उपरोक्त उल्लेखित लाईन में नियमित रूप से विद्युत प्रवाह दिनांक 12.09.2026 या उसके पश्चात कभी भी चालू किया जा सकता है।

अतः आम जनता से अनुरोध है, कि इस विद्युत लाईन के पास न जावें तथा विद्युत लाईन से किसी तरह की छेड़छाड़ न करें। ऐसा करना जानलेवा साबित हो सकता है।

विद्युत लाईन से छेड़छाड़ एवं विद्युत लाईन को नुकसान पहुंचाना भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है ।

"स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत कीजिये"

इंजी. धर्मेन्द्र कुमार साहू
कार्यपालन अभियंता
अति उच्च दाब (निर्माण) संभाग
छ.स्टेट पा. ट्रांस. कं. लिमिटेड भिलाई

S-49026/1

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सरगुजा, अम्बिकापुर (छ.ग.)

क्रमांक /7475/ अंधत्व / नोडल अधिकारी / 2026-27
अम्बिकापुर, दिनांक 10-09-2026

।। निविदा सूचना ।।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि सत्र 2026-27 हेतु नेत्र विभाग (राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम) के लिये औषधि, शल्य किया औजार, सामाग्री हेतु प्रतिष्ठित निर्माताओ, उनके अधिकृत विक्रेताओ या फर्म से जिनके पास जीएसटी नम्बर हो जो नियम शर्तें पूरा करते है। से मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है, नियम एवं शर्तें कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सरगुजा/ नोडल अधिकारी (अंधत्व नियंत्रण) नेत्र विभाग कार्यालय से 1000.00 रूपये की बैंक ड्राफ्ट नामे Non NRHM Other fund Surguja (A/C 32326433201) के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

अमानत राशि ड्राफ्ट Non NRHM Other fund Surguja के नाम से मान्य होगी मोहरबंद निविदायें अधोहस्ताक्षर कर्ता कार्यालय में जमा किये जायेगे निविदा लिफाफा में **औषधि एवं सामाग्री (अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम), शल्य किया औजार** स्पष्ट रूप से लिखा रहना अनिवार्य है।

(1) निविदा शर्तें एवं अन्य जानकारी प्राप्त करने की अंतिम तिथि - गुरूवार 15.10.2026 शाम 05:00 बजे
(2) निविदा जमा करने अंतिम तिथि - मंगलवार 20.10.2026 दोपहर 12:00 बजे
(3) निविदा खोलने की तिथि - मंगलवार 20.10.2026 दोप. 04:00 बजे

नोटः- निविदा खोलते समय निविदाकर्ता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते।
निविदा खोलने कि तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सरगुजा, अम्बिकापुर (छ.ग.)

S-49034/1

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर
नगर निगम मुख्यालय, गांधी मैदान के पास, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं.- 0771-2535780, 90, फैक्स : 0771 2227395;
ई-मेल :- dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक 276/SBM/न.पा.नि./2026-27 रायपुर, दिनांक 11/09 /2026

नगर पालिक निगम, रायपुर सीमा क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत निम्न कार्य हेतु द्वितीय निविदा आमंत्रण जेम के माध्यम से किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

बिड संख्या	कार्य का नाम	स्वीकृत राशि
GEM/2026/B/8012647	GFC स्टार रेटिंग के कॉम्पोनेन्ट 13 (वेस्ट टू वेल्थ) के अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में कचरे में कमी लाने हेतु बर्तन बैंक की स्थापना कार्य	27.00 लाख

टीपः- उपरोक्त कार्य हेतु अन्य जानकारी https://gem.gov.in के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

घरों से निकलने वाले गीला और सुखा, कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें।

कार्यपालन अभियंता (SBM)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)





एफआईआर



दो माह बाद घटना का हुआ था खुलासा

शहर में लोगों को क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने की खुमारी छाई हुई थी। चारों तरफ इसी की चर्चा हो रही थी। उसके दूसरे दिन शहर में एक कांग्रेसी नेता की गोली मारकर हत्या करने की खबर सुर्खियों में आ गई। लोग क्रिकेट वर्ल्ड कप की बाते करना भूल गए। अब चारों ओर दिनदहाड़े हुए कांग्रेसी नेता के हत्याकांड की चर्चा शुरु हो गई। सड़क पर पुलिस की सायरन वाली वाहने एक के बाद एक पहुंच रही थी। पूरे जिले समेत प्रदेश भर में इस हत्याकांड की गूंज थी। दुर्ग कोतवाली पुलिस शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का अपराध कायम कर पतासाजी में जुटी रही।

झारखंड के शूटरों से कराई गई थी कांग्रेसी नेता की हत्या, दहल उठा था शहर

● भिलाई से जेएम तांडी

जमीन कारोबारी और बार संचालक था मृतक, परसदा के पास से हथियार किया गया जब्त

पूरे जिले समेत प्रदेश भर में इस हत्याकांड की गूंज थी। दुर्ग कोतवाली पुलिस शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का अपराध कायम कर पतासाजी में जुटी रही। जिस कांग्रेस नेता की हत्या हुई थी, वह कोई नहीं बल्कि पदमनाभपुर निवासी बार संचालक व बीएसपी कर्मी राजकुमार साहू ही थे। पुलिस जांच में एक के बाद एक कई खुलासे होते चले गए। पुलिस की आरोपी को तलाशने में पसीने छूट रहे थे। दुर्ग कोतवाली पुलिस के मुताबिक 3 अप्रैल 2011 की सुबह राजकुमार साहू पदमनाभपुर वाले मकान से स्कूटी सीजी 07 एलडी 4310 से पोलसाया पारा स्थित सेलुन सुबह 9 बजे पहुंचे। उन्हें अनहोनी का तनिक भी अंदाजा नहीं था। पहले की तरह बिंदास बाल बनवाकर जैसे बाहर निकले, मानों मौत उनका राह ताक ही रही थी। उनके सामने बिना नंबर की बाइक अचानक रुकी। बाइक पर दो नकाबपोश युवक सवार थे। बाइक रोकते ही दोनों युवकों ने राजकुमार साहू की तरफ रिवाल्वर तान दी। राजकुमार कुछ समझ पाते नकाबपोश शूटर्स ने एक के बाद एक चार बार रिवाल्वर से उस पर फायर किया। घटना में राजकुमार के छाती, सीना, सिर व गले में कई जगह गंभीर चोट आई। घटना को अंजाम देने के बाद शूटर पोलसाया पारा दुर्ग के गलियों में समा गए। घटना की खबर दुर्ग समेत पूरे प्रदेश में आग की तरह फैल गई। पुलिस का भी माथा चकरा गया, आखिर दुर्ग में किस नकाबपोश ने कांग्रेसी नेता की हत्या कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने जिले की सभी सीमाओं को सील कर दिया। हत्याकांड से पुलिस को भी अंदर से हिलाकर रखा दिया था। पुलिस ने जांच में दिन रात एक कर दिया, हर पहलुओं जांच की गई। राज कुमार साहू बीएसपी कर्मी भी था। इसके अलावा उनका लंबा चौडा कारोबार भी था। जमीन खरीदी-बिक्री के अलावा उनके नाम पर दुर्ग में एक बार भी संचालित था।

पुलिस के हाथ लगी डायरी

एक दिन पुलिस के हाथ एक डायरी लगी। उस डायरी ने राज कुमार हत्याकांड का पूरा मामला खोलकर सामने रख दिया। डायरी से पुलिस को पता चला कि राजकुमार साहू अपनी कोई भी बात परिवार के लोगों से शेयर नहीं करता था। उनका एक निजी डायरी हुआ करती थी। इसी डायरी में दुर्ग सुभाष नगर निवासी धर्मेन्द्र शाह से 15 लाख रुपए का लेनदेन का पता चला। अब पुलिस के संदेह के घेरे धर्मेन्द्र आ चुका था। पुलिस के मुखबिर ने पुलिस को बताया कि धर्मेन्द्र और मिलपारा दुर्ग निवासी मोहम्मद गुलजार के घर जगदलपुर का कुख्यात बदमाश मधु नायर को वारदात के कुछ दिन पूर्व आते-जाते देखा गया था। उसके साथ दो अज्ञात युवक भी देखे गये थे। धर्मेन्द्र व गुलजार जमीन के कारोबार में पार्टनर थे। पुलिस को डॉयरी से राजकुमार साहू हत्याकांड की सारी कहानी समझ आ गई। पुलिस ने अपना जांच का दायरा तेज कर दिया। पुलिस को संदेह होने पर भी राजकुमार हत्याकांड में धर्मेन्द्र, गुलजार पर सीधे हाथ डालने से पीछे हट रही थी। पुलिस पूरी तरह घटना से जुड़े सुराग को पुख्ता कर कड़ी से कड़ी मिलाने में जुट हुई थी। तभी झारखंड पुलिस से एक सूचना आई कि भट्टा मोहल्ला हरमू थाना अरगोड़ा निवासी युवक मोहम्मद सलीम, मोहम्मद हुसैन, राज कुमार साहू हत्याकांड के कुछ दिन पूर्व से लापता हैं। पुलिस ने तीनों कड़ियों को जोड़कर घटना की तस्वीर को साफ किया। इसके बावजूद भी पुलिस धर्मेन्द्र व गुलजार पर पुलिस ने हाथ नहीं डाला और हुसैन, सलीम की तलाश में जुट गई। इस दौरान क्राइम ब्रांच की टीम को झारखंड भेजा गया। दस दिन बाद दोनों आरोपी क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ गए। दोनों से पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि कांग्रेसी नेता राजकुमार की हत्या उन्हीं ने किया है।



6 लाख की सुपारी लेकर रास्ते से हटाया

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि सलीम व हुसैन दोनों काम की तलाश में जगदलपुर आए थे। दोनों एक गैरेज में काम करते थे। वहीं उनकी पहचान मधु नायर से हुई। मधु ने ही दोनों को धर्मेन्द्र नामक व्यक्ति से मुलाकात करवाया था। यह भी कहा था कि राजकुमार साहू व्यक्ति धर्मेन्द्र को परेशान कर रहा है, उसे रास्ते से हटाना है। इसके एवज में 6 लाख रुपए की सुपारी दोनों को मिलेगी। रिवाल्वर का इंतजाम मधु नायर ने किया। धर्मेन्द्र ने दोनों शुटर सलीम व हुसैन को अपने पार्टनर गुलजार के यहां रुकवाया था। वहीं से राजकुमार साहू को हटाने के लिए साजिश के तहत दोनों रेकी करते रहे। धर्मेन्द्र ने दोनों को बिना नंबर वाली बाइक की व्यवस्था भी कराई थी। इसके बाद आरोपियों ने कई बार राजकुमार का पीछा भी किया, लेकिन उन्हें रास्ते से हटाने का मौका नहीं मिल पाया। सलीम की निशानदेही पर ग्राम परसदा के पास से बंदूक कट्टा पुलिस ने जब्त किया।

सैलून के बाहर निकलते ही ताना रिवाल्वर

पुलिस ने बताया कि कांग्रेसी नेता राजकुमार साहू को रास्ते हटाने के लिए सलीम व हुसैन पदमनाभपुर निवास पहुंच गए। राज कुमार जैसे ही अपने घर से बाहर निकले उनके पीछे बाइक पर दोनों रेकी करते हुए सेलुन तक पहुंचे। जैसे ही राजकुमार सेलुन के बाहर निकले दोनों युवक बाइक से उसके सामने आ गए। तुंरत देर न करते हुए सलीम व हुसैन ने सीधे रिवाल्वर से एक के बाद एक गोली चलाकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी दोनों शूटरों ने पहले धमेन्द्र को दिया फिर उसके बताये ठिकानों पर दोनों शूटर बाइक से सुभाष नगर होते हुए दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां धर्मेन्द्र ने दोनों को झारखंड जाने वाली ट्रेन में बिठाया था। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तार कर उनका बयान लिया उस आधार पर पुलिस ने धर्मेन्द्र और गुलजार को भी हिरासत में लिया था।

इसलिए हटाया रास्ते से

पूछताछ में खुलासा हुआ कि दुर्ग राजकुमार साहू का कैफेट एरिया स्थल सुभाष नगर दुर्ग निवासी धर्मेन्द्र शाह मिनरल वाटर प्लांट डाल रखा था। उसने राजकुमार साहू से 15 लाख रुपए कर्ज लिया था। वहीं पांच हजार रुपए प्रतिमाह के हिसाब से उसका किराया तय किया गया। राशि को लेकर हमेशा धर्मेंद्र और मृतक राजकुमार में विवाद हुआ करता था। इसके चलते धर्मेंद्र ने राजकुमार के हत्या की साजिश रची। उसने में प्लांट के काम करने वाले नौकर मिलपारा निवासी गुलजार को इसे लेकर जानकारी दी। गुलजार ने बचेली जगदलपुर के मधु से संपर्क किया। मधु ने हरमूभट्टा अरगोड़ा से सलीम उर्फ गोलू पिता मोहम्मद असलम हुसैन से संपर्क किया। दोनों को यह कहकर मिलाया गया कि दोनों शूटर हैं। इसके बाद उन्हें दुर्ग बुलाया गया। दोनों ने पहले राजकुमार के बारे में पड़ताल की।

जिस सड़क से रोजाना पुलिस और आम लोगों की गाड़ियां गुजरती थीं, उसी सड़क के नीचे पांच साल से एक न्यूज एंकर की मौत का राज दफन था। जनवरी 2019 में अचानक लापता हुई न्यूज एंकर सलमा सुल्ताना के मामले की फाइल जब पुलिस ने राज्य स्तरीय ऑपरेशन मुस्कान के तहत दोबारा खंगाली, तो कई ऐसे सुराग सामने आए, जिन्होंने जांच की दिशा ही बदल दी। पुलिस ने बैंक लेन-देन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और संदिग्धों से पूछताछ के आधार पर हत्या की गुत्थी सुलझाई। इसके बाद आधुनिक तकनीक की मदद से हाईवे के नीचे दफन सलमा के कंकाल को बरामद किया गया।



● कोरबा से नागेन्द्र श्रीवास

सड़क बनी कब्र, पांच साल बाद मिला न्यूज एंकर सलमा का कंकाल

जिस रास्ते से गुजरती थीं पुलिस की गाड़ियां, उसी के नीचे दफन था हत्या का राज

कुसमुंडा थाना क्षेत्र में रहने वाली सलमा सुल्ताना न्यूज एंकर के साथ स्टेज शो भी करती थीं। जनवरी 2019 में उनके पिता के निधन पर आयोजित अंतिम संस्कार में भी सलमा शामिल नहीं हुईं। काफी समय से संपर्क नहीं होने और अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों ने कुसमुंडा थाने में गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मार्च 2023 में तत्कालीन दर्री सीएसपी एवं आईपीएस राबिंसन गुड़िया के नेतृत्व में पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के दौरान पुराने मामले की केस डायरी का बारीकी से परीक्षण किया। जांच में सामने आया कि सलमा के नाम पर यूनियन बैंक से लिया गया लोन घटना के वर्षों बाद भी नियमित रूप से चुकाया जा रहा था। बैंक डिटेल खंगालने पर पता चला कि लोन की ईएमआई गंगाश्री जिम के संचालक और जिम इंस्ट्रक्टर मधुर साहू द्वारा जमा की जा रही थी।

पुलिस ने मधुर साहू की तलाश शुरू की तो वह अपने ठिकाने से फरार मिला। इसके बाद सलमा के दोस्तों और करीबियों से पूछताछ की गई। करीब पांच साल पुराने सीडीआर का विश्लेषण किया गया। दो महिलाओं और तीन पुरुषों के बयानों में विरोधाभास मिलने के बाद पुलिस का शक गहरा गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर मामले की पूरी कहानी सामने आ गई।





चरित्र पर संदेह और वित्तीय विवाद बना हत्या का कारण

पुलिस जांच के अनुसार 21 अक्टूबर 2018 को शारदा विहार में सलमा सुल्ताना और मधुर साहू के बीच आपसी लेन-देन तथा चरित्र पर संदेह को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद मधुर साहू और कौशल श्रीवास ने कथित रूप से सलमा की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद अतुल शर्मा की मदद से शव को भवानी मंदिर के पास कोहड़िया पुल के समीप दफना दिया गया। पांच साल बाद उसी स्थान पर नेशनल हाईवे बन जाने के कारण शव बरामद करना चुनौती बन गया। पुलिस ने सैटेलाइट डेटा, थर्मल इमेजिंग और ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार की मदद से संभावित स्थान चिह्नित किया और न्यायालय की अनुमति के बाद खुदाई कर सलमा का कंकाल बरामद किया।

न्यायालय की अनुमति लेकर हाईवे की खुदाई

पांच साल बाद जब पुलिस आरोपियों की निशानदेही पर शव बरामद करने पहुंची तो वहां का पूरा भूगोल बदल चुका था। जिस जगह शव दफनाया गया था, वहां नेशनल हाईवे बन चुका था। ऐसे में पुलिस के सामने शव तक पहुंचना बड़ी चुनौती थी। पुलिस ने राजधानी से विशेषज्ञों की टीम बुलाकर सैटेलाइट डेटा, थर्मल इमेजिंग और ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार जैसी आधुनिक तकनीकों से सड़क के नीचे जांच कराई। तकनीकी जांच में संभावित स्थान की पुष्टि होने के बाद न्यायालय की अनुमति लेकर हाईवे की खुदाई कराई गई। जेसीबी की मदद से सड़क का हिस्सा खोदा गया और आखिरकार सलमा सुल्ताना का कंकाल बरामद कर लिया गया।

शव तक पहुंचना बड़ी चुनौती थी

पुलिस ने मधुर साहू पिता अजय कुमार साहू (37), निवासी न्यू अमरैयापारा, कौशल श्रीवास पिता हीरादास श्रीवास (29), निवासी दर्री एरिगेशन कॉलोनी और अतुल शर्मा पिता नरेश शर्मा (26), निवासी रुमगड़ा, थाना बालकोनगर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जांच में सामने आया कि मधुर साहू और सलमा के बीच प्रेम संबंध था। पुलिस के अनुसार सलमा मधुर के कई राज जान गई थीं और उसे लेकर दबाव बना रही थीं। इसी दौरान दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। जांच के मुताबिक 21 अक्टूबर 2018 को शारदा विहार में आपसी लेन-देन और चरित्र पर संदेह को लेकर विवाद हुआ। इसी दौरान मधुर साहू और उसके साथी कौशल श्रीवास ने कथित रूप से सलमा की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद अतुल शर्मा की मदद से शव को भवानी मंदिर के पास कोहड़िया पुल के समीप दफना दिया गया।

रकम गबन का यह ऐसा मामला है, जिसे सुनकर भी यकीन करना मुश्किल है। जिला सहकारी बैंक की तोरवा मंडी-जगमल चौक शाखा में एक महिला क्लर्क ने सात साल तक 100 से अधिक किसानों के खातों में जमा होने वाली रकम में गड़बड़ी की। किसान बैंक में पैसा जमा करते रहे, लेकिन महिला क्लर्क खातों में राशि की मैनुअल एंट्री करने के बाद रकम बैंक में जमा करने के बजाय घर ले जाती रही। इस तरह करीब 80 लाख रुपए के गबन का खुलासा हुआ। मामला सामने आने के बाद महिला कर्मचारी को बर्खास्त कर उसके खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई।

खुलासा हुआ तो कर्मचारी बर्खास्त, एफआईआर दर्ज

सात साल तक कच्ची पर्ची और मैनुअल एंट्री से चलता रहा गबन का खेल



● बिलासपुर से विकास चौबे

तिफरा निवासी खुशबू शर्मा वर्ष 2012 से जिला सहकारी बैंक की तोरवा शाखा में लिपिक सह कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थी। वर्ष 2014 में उसे कैशियर की जिम्मेदारी भी सौंप दी गई। इसी दौरान उसने किसानों द्वारा बैंक में जमा की जाने वाली रकम में गड़बड़ी शुरू कर दी। वह किसानों की पासबुक में हाथ से राशि की एंट्री कर देती थी, लेकिन वास्तविक रकम बैंक खाते में जमा नहीं करती थी। इससे खाताधारकों को लंबे समय तक गड़बड़ी का पता नहीं चल पाया। लगभग सात साल तक कच्ची पर्ची और मैनुअल एंट्री के जरिए यह खेल चलता रहा। इस दौरान महमंद, लालखदान, धूमा, सिलपहरी, बोहारडीह सहित कई गांवों के 100 से अधिक किसानों के खातों से रकम गायब होने की बात सामने आई। बैंक प्रबंधन के अनुसार खाताधारकों की संख्या और अधिक हो सकती है।

जिला सहकारी बैंक के तत्कालीन सीईओ श्रीकांत चंद्राकर के अनुसार प्रभारी शाखा प्रबंधक हितेश सलूजा को एक किसान के खाते से जुड़े वाउचर की जांच के दौरान संदेह हुआ। उन्होंने जमा और निकासी की पर्चियों पर किए गए हस्ताक्षरों में अंतर देखा। इसके बाद उन्होंने जांच का दायरा बढ़ाया। 3 नवंबर 2022 को बैंकिंग कार्य बंद कर वाउचर और रिपोर्ट की जांच की गई। जांच में वर्ष 2016 से कई किसानों के खातों में अनियमितता सामने आई। इसके बाद बैंक स्टेटमेंट की जांच की गई और कैशियर खुशबू शर्मा से पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने खाताधारकों की रकम पहले ही निकालकर निजी उपयोग में लेने और पासबुक में हाथ से एंट्री करने की बात स्वीकार की। मैनुअल एंट्री के कारण किसानों को तत्काल गड़बड़ी का पता नहीं चल पाता था। मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई। इसके बाद बैंक प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की।

सास-ससुर को भी बनाया आरोपी हाईकोर्ट से मिली राहत

गबन के मामले में आरोपी बैंक कर्मचारी खुशबू शर्मा ने अपने सास-ससुर का नाम भी पुलिस के सामने लिया था। उसने पुलिस को दिए बयान में दावा किया कि उसे ऐसा अपराध करने के लिए सास-ससुर ने मजबूर किया था। अलग मकान में रहने वाले उसके ससुर जानकी प्रसाद शर्मा और सास का बैंक के कामकाज से कोई सीधा संबंध नहीं था। मामले में ससुर जानकी प्रसाद शर्मा के खिलाफ सिविल कोर्ट से भी आदेश पारित हुआ। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में क्रिमिनल पिटीशन दायर की। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने याचिकाकर्ता के खिलाफ ट्रायल कोर्ट के आदेश पर स्थगन दे दिया। इस तरह बुजुर्ग दंपती को राहत मिली।

चार किसानों के खातों से ही 26 लाख गायब

पुलिस ने जांच के दौरान चार किसानों के बयान दर्ज किए। इनके खातों से ही करीब 26 लाख रुपए गायब होने की बात सामने आई। ग्राम धूमा निवासी किसान भाईराम पटेल (52) के खाते से 9 लाख रुपए, सिलपहरी निवासी पुनुराम पटेल के खाते से 8.57 लाख रुपए, सिलपहरी के ही पन्नालाल गड़रिया के खाते से 8 लाख रुपए और बोहारडीह निवासी प्यारेलाल कैवर्त के खाते से 1.18 लाख रुपए गायब मिले। इसके बाद बैंक प्रबंधन ने बिलासपुर जिले के महमंद, लालखदान, धूमा, सिलपहरी, बोहारडीह सहित अन्य क्षेत्रों के 100 से अधिक किसानों के खातों में गड़बड़ी की पुष्टि की।

सहकर्मियों की आईडी का भी किया इस्तेमाल

पुलिस जांच के दौरान खुशबू शर्मा ने प्रभारी शाखा प्रबंधक को दिए लिखित बयान में बताया कि उसने वर्ष 2016 से अलग-अलग शाखा प्रबंधकों और कर्मचारियों की आईडी का दुरुपयोग किया। उसके अनुसार चंद्रकुमार तिवारी की आईडी का वर्ष 2016-17, सुशील की वर्ष 2017-18, देवदत्त साहू की वर्ष 2018-19 और उमेश शुक्ला की वर्ष 2019-20 से संबंधित अवधि में इस्तेमाल किया गया।

खबर संक्षेप

केनरा बैंक बांड के जरिए 4,500 करोड़ रुपए जुटाएगा



नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने बासेल-तीन मानकों के अनुरूप अतिरिक्त टियर-1 बॉन्ड के जरिये 4,500 करोड़ रुपये तक जुटाने की घोषणा की। बैंक यह राशि मुख्य रूप से कारोबार विस्तार के लिए जुटा रहा है। केनरा बैंक ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि यह पूंजी जुटाने की योजना का हिस्सा है।

बीओआई ने एफसीएनआर से 2.2 अरब डॉलर जुटाए



मुंबई। बैंक ऑफ इंडिया ने एफसीएनआर(बी) जमा के जरिये 2.2 अरब डॉलर (करीब 20,000 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। इससे बड़े जमा की जगह लेने में मदद मिलेगी और इतनी नकदी उपलब्ध होगी कि बैंक की करीब तीन महीने की कर्ज जरूरत पूरी हो सके। नकदी से बैंक करीब एक तिमाही की कर्ज जरूरत पूरी कर सकेगा और बड़े जमा पर उसकी निर्भरता भी कम होगी।

डेकाथलॉन थोक कारोबार पांच साल में 20 गुना बढ़ा



नई दिल्ली। खेल सामान बनाने एवं खुदरा बिक्री करने वाली कंपनी डेकाथलॉन स्पोर्ट्स इंडिया के थोक कारोबार में पिछले पांच वर्षों में 20 गुना वृद्धि हुई है। कंपनी के कारोबार में हिस्सेदारी करीब 10 प्रतिशत है। कंपनी पंजीयन में दाखिल के अनुसार, 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में डेकाथलॉन इंडिया की परिचालन आय 4,133.10 करोड़ रुपये रही थी।

विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड 44.9 अरब डॉलर बढ़ा



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में रिकॉर्ड 44.90 अरब डॉलर उछलकर अबतक के उच्चतम स्तर 785.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में भी विदेशी मुद्रा भंडार 11.47 अरब डॉलर बढ़कर 740.80 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

पेप्सिको को भरोसा, भारत शीर्ष 10 बाजारों में होगा



गुवाहाटी। वैश्विक खाद्य एवं पेय पदार्थ कंपनी पेप्सिको को उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में भारत उसके दुनिया के शीर्ष 10 बाजारों में शामिल होगा। कंपनी के भारत एवं दक्षिण एशिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जागृत कोटेचा ने कहा कि देश में विनिर्माण क्षमता और खपत की संभावनाएं बढ़ने से निवेश आकर्षित हो रहा है।

सेबी ने कॉरपोरेट बांड के लिए टोकन व्यवस्था 'डीमैट 2-0' शुरू की

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बाजार नियामक सेबी ने कॉरपोरेट बांड के लिए टोकन व्यवस्था से जुड़ी प्रायोगिक परियोजना 'डीमैट 2-0' शुरू करने की घोषणा की। इससे लेनदेन का तत्काल और एक साथ निपटान संभव होगा।

- लेनदेन का तत्काल और एक साथ निपटान होगा संभव

'डीमैट 2-0' भारतीय रिजर्व बैंक की थोक केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) से जुड़ा है। इसके लिए रिजर्व बैंक के एकीकृत बाजार इंटरफेस (यूएमआई) का इस्तेमाल किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा और सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने वैश्विक फिनटेक सम्मेलन में संयुक्त रूप से इसकी घोषणा की।

एनपीसीआई ने पेश की यूपीआई की नई सुविधाएं

भारत पहला देश

सेबी ने कहा कि भारत पहला देश है जहां कॉरपोरेट बांड को मूल रूप से वितरित बही-खाते तकनीक पर जारी किया गया है। इसमें स्वामित्व का रिकॉर्ड देश की डिपॉजिटरी के पास रहता है और धनराशि का अंतिम निपटान केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा में मौजूदा विनियमित बाजार ढांचे के भीतर होता है।

कई देशों में टोकन व्यवस्था शुरू हो चुकी

बाजार नियामक के अनुसार, दुनिया के कई देशों में टोकन व्यवस्था से जुड़े प्रयोग और व्यावसायिक स्तर पर इसकी शुरुआत हो चुकी है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर टोकन व्यवस्था मुख्य रूप से अलग-अलग मंचों पर अलग-अलग जारीकर्ताओं द्वारा की गयी है।



सभी जानकारी एकसाथ दिखाई देती है : साझा बही-खाते या डिजिटल फाइल में बांडधारक की जानकारी सभी अधिकृत संस्थाओं को एक साथ दिखाई देती है और देय तिथि पर भुगतान सीधे बॉन्डधारकों के केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा वाले खातों में पहुंच जाता है। सेबी ने कहा, 'इन सुविधाओं से कॉरपोरेट बांड जारी करने, उनके निपटान और उनसे जुड़ी सेवाओं की प्रक्रिया तेज और अधिक दक्ष होने की उम्मीद है।'

बिक्री केंद्रों पर लगी मशीन से भुगतान : इनमें बिक्री केंद्रों पर लगी मशीन (पीओएस) पर 'यूपीआई टैप एंड पे' और राष्ट्रीय भुगतान निगम की लघु भाषा मॉडल (एफआईएमआई) आधारित ग्राहक सहायता सुविधा 'माईयूपीआई' शामिल हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि 'डीमैट 2-0' नई बाजार अवसंरचना है।

तीन कंपनियों ने जारी किया 1,025 करोड़ का बांड

अब तक तीन कंपनियों...आरईसी, एलएंडटी और आईआईएफएल...ने टोकन व्यवस्था के तहत कुल 1,025 करोड़ रुपये के बांड जारी किए हैं। सेबी ने कहा कि इस प्रायोगिक परियोजना को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है और पहले चरण के तहत बॉन्ड जारी करने की प्रक्रिया जारी है। ''यूपीआई टैप एंड पे'' सुविधा के तहत उपयोगकर्ता अपने निकट क्षेत्र संचार (एनएफसी) सुविधा वाले स्मार्टफोन के जरिये एनएफसी-सक्षम बिक्री केंद्र मशीन पर स्पर्श करके तेजी से भुगतान कर सकेंगे।

ब्रिक्स बिजनेस फोरम में केंद्रीय मंत्री का ब्रिक्स देशों से अनुरोध

गोयल का भुगतान प्रणालियों को जोड़ने स्थानीय मुद्राओं में व्यापार का आग्रह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रिक्स के सदस्य देशों से अपनी भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने, स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा देने और दुनियाभर में डिजिटल व्यापार को अधिक सुलभ बनाने का शुक्रवार को आग्रह किया।'ब्रिक्स बिजनेस फोरम 2026' के उद्घाटन सत्र को यहां संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

भारत का यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) सालाना 250 अरब से अधिक लेनदेन का आंकड़ा पार कर चुका है, जो दुनियाभर में लेनदेन की संख्या के हिसाब से आधे से अधिक है। उन्होंने कहा, ''आज इसे (यूपीआई को) 11 देशों में भी स्वीकार किया जाता है और मैं ब्रिक्स के सदस्य देशों तथा साझेदार देशों से आग्रह करूंगा कि वे हमारी भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ें, एक-दूसरे की स्थानीय मुद्राओं में व्यापार करें, डिजिटल व्यापार को वैश्विक बनाएं और भविष्य की उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए मिलकर काम करें।''

- दुनियाभर में डिजिटल व्यापार को अधिक सुलभ बनाया जा सकेगा
- भारत ने डिजिटल बुनियादी ढांचा तैयार करने की दिशा में की पहल
- भारत का यूपीआई सालाना 250 अरब से अधिक का लेनदेन कर चुका



किसानों के लिए मिलकर समाधान निकाले : गोयल ने कहा, ''मैं ब्रिक्स के सदस्य देशों और साझेदार देशों से आग्रह करता हूं कि वे अपने बाजार खोलें तथा साथ ही नियामकीय प्रक्रियाओं को सरल बनाने एवं माल की खेप को तेजी से मंजूरी देने में सहयोग करें।'' उन्होंने खाद्य सुरक्षा के हित में ब्रिक्स देशों के किसानों के लिए मिलकर समाधान विकसित करने के लिए कृषि-प्रौद्योगिकी स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने का भी आह्वान किया।

एक-दूसरे के लिए सेवा बाजार खोले

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''आइए, वास्तविक अर्थों में एक-दूसरे के लिए अपने सेवा बाजार खोलें। पेशेवरों को सीमाओं के पार आसानी से आने-जाने दें और एक-दूसरे की पेशेवर योग्यताओं को मान्यता देना आसान बनाएं। उन्होंने कहा कि कृषि, दवा, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक, वाहन, वाहन कलपुर्जे और सेवाओं समेत क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं।

ब्रिक्स वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक चौथाई हिस्सा है

सत्र को संबोधित करते हुए रूस के आर्थिक विकास मंत्री मैक्सिम रेशेतनिकोव ने कहा कि ब्रिक्स देश वैश्विक अर्थव्यवस्था के एक चौथाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं और सतत भविष्य के लिए एक मजबूत आवाज हैं। रेशेतनिकोव ने कहा, ''हम मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने और हरित तथा डिजिटल बदलाव को तेज करने के लिए ठोस कदमों के पक्ष में हैं... रूस विदेशी कारोबारों का हमारे देश में आने के लिए जोरदार स्वागत करता है। आज हम अवसरों की अर्थव्यवस्था हैं।''

कई अवरोधों के बीच हो रहा सम्मेलन

'बिजनेस फोरम' दो दिवसीय ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर आयोजित किया गया। भारत शनिवार से इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। यह सम्मेलन रूस-यूक्रेन युद्ध, अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य में अवरोध और अमेरिकी प्रशासन की शुल्क नीतियों से उत्पन्न एवं बढ़ती वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच हो रहा है।

रूस ने ढांचा बनाने कई कदम उठाए

गोयल ने कहा कि रूस ने निर्यात बढ़ाने, आर्थिक वृद्धि को गति देने और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में निर्यात की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत है।रूसी मंत्री ने कहा, ''तीन साल पहले रूसी निर्यात के लिए भुगतान में डॉलर और यूरो की संयुक्त हिस्सेदारी 85 प्रतिशत थी। अब यह आंकड़ा करीब 11 प्रतिशत है।

देश में इलेक्ट्रिक दोपहिया चार्जिंग में आगे : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ मुंबई



छोटे शहरों में मांग तेजी से बढ़ रही

वहीं, विजयवाड़ा (आंध्रप्रदेश), राजामहेंद्रवरम (आंध्रप्रदेश) और तिरुवनंतपुरम (केरल) जैसे उभरते मझोले और छोटे (दूसरी और तीसरी श्रेणी) शहरों में मांग तेजी से बढ़ रही है।

- चार पहिया वाहनों की ऊर्जा खपत ज्यादा
- बुनियादी ढांचा वाहनों की संख्या व जरूरतों के आधार पर हो तैयार

इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन चार्जिंग गतिविधियों में सबसे आगे हैं, जबकि चार पहिया वाहन कुल खपत होने वाली ऊर्जा का बड़ा हिस्सा इस्तेमाल करते हैं। एक रिपोर्ट में बात कही गई। रिपोर्ट के अनुसार इससे पता चलता है कि चार्जिंग बुनियादी ढांचे को वाहनों की संख्या और उनकी ऊर्जा जरूरत, दोनों को ध्यान में रखकर तैयार करने की जरूरत है।

इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग नेटवर्क संचालक 'बोल्ट.अर्थ' की 'स्टेट ऑफ चार्ज' रिपोर्ट के अनुसार, छह प्रमुख महानगरों में चालू वित्त वर्ष में अब तक हुई चार्जिंग गतिविधियों में दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी 78.1 प्रतिशत रही है, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 71.6 प्रतिशत थी। इसके विपरीत, चार पहिया वाहनों की चार्जिंग गतिविधियों में हिस्सेदारी केवल 16 प्रतिशत रही, लेकिन उन्होंने कुल खपत होने वाली ऊर्जा का 67.3 प्रतिशत इस्तेमाल किया। वित्त वर्ष 2024-25 में यह हिस्सेदारी 58.1 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह अंतर ऐसे चार्जिंग बुनियादी ढांचे की जरूरत को दर्शाता है, जो वाहनों की संख्या और उनकी ऊर्जा जरूरत, दोनों को पूरा कर सके।

बेंगलुरू सबसे बड़ा बाजार बना हुआ

रिपोर्ट के अनुसार, बेंगलुरु 1,90,954 चार्जिंग गतिविधियों और 5,26,990 किलोवाट-घंटे (केडब्ल्यूएच) ऊर्जा खपत के साथ सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है, जबकि हैदराबाद और कोच्चि में महानगरों के बीच वृद्धि सबसे तेज है। रिपोर्ट में कहा गया कि दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में चार्जिंग बुनियादी ढांचे का अपेक्षाकृत कम इस्तेमाल हो रहा है।

अमेरिका में डीजल की कीमत छह डॉलर प्रति गैलन के पार

- अमेरिका में डीजल की कीमतों का नया रिकॉर्ड
- खाड़ी युद्ध के कारण ईंधन की आपूर्ति में हो रही बाधा

एजेंसी ▶▶ शिकागो



अमेरिका में डीजल की कीमतों ने शुक्रवार को एक और नया रिकॉर्ड बनाया और इसका औसत भाव छह डॉलर प्रति गैलन (लगभग 135 रुपये प्रति लीटर) के पार पहुंच गया। वाशिंगटन और ईरान के बीच युद्ध से दुनिया भर में ईंधन की आपूर्ति बाधित हो रही है, जिसके चलते यह बढ़ोतरी हुई। मोटर क्लब 'एएए' (अमेरिकन ऑटोमोबाइल एसोसिएशन) के अनुसार 6.05 डॉलर प्रति गैलन का राष्ट्रीय औसत पिछले सप्ताह के 5.85 डॉलर और पिछले वर्ष इसी अवधि के 3.70 डॉलर प्रति गैलन से अधिक है। डीजल की ऊंची कीमतों का मतलब रोजमर्रा के सामानों की एक लंबी सूची के लिए परिवहन का अधिक महंगा होना है। इसका कारण कई माल ढुलाई और वितरण नेटवर्कों में डीजल का उपयोग किया जाता है।

खाद्य पदार्थों पर महंगे डीजल का दबाव : मांस और कृषि उपज जैसे जल्द खराब होने वाले खाद्य पदार्थों को महंगे डीजल के सबसे तात्कालिक दबाव का सामना करना पड़ता है। इन लागतों का असर खुदरा स्तर तक पहुंचने में समय लग सकता है, लेकिन डीजल की कीमतों में यह उछाल जल्द समाप्त होता नहीं दिख रहा है। इस सप्ताह, अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड और अमेरिकी कच्चा तेल दोनों कई महीनों में पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गए।

कच्चे तेल के दाम में नरमी से बाजार में गिरावट

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को कारोबार के दौरान करीब एक प्रतिशत तक गिरने के बाद संभल गए और मामूली नुकसान के साथ बंद हुए। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों में नरमी और एचडीएफसी बैंक तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयर में खरीदारी से बाजार को निचले स्तर से उबरने में मदद मिली। बीएसई का 30 शेयर वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 120.83 अंक गिरकर 74,781.76 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 742.43 अंक तक गिरकर 74,160.16 अंक पर आ गया था।

सोना 2,700 रुपए टूटा और चांदी 10,000 रुपए लुढ़की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोने की कीमत 2,700 रुपये फिसलकर 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि चांदी का भाव 10,000 रुपये टूटकर 2,34,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,700 रुपये घटकर 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। बृहस्पतिवार को इसका भाव 1,58,600 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इसी तरह चांदी की कीमत 10,000 रुपये घटकर 2,34,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में इसका भाव 2,44,600 रुपये प्रति किलोग्राम था।

'बैंकर बही साक्ष्य अधिनियम' एक अक्टूबर से होगा लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बैंकिंग रिकॉर्ड को साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल करने के लिए आधुनिक कानूनी ढांचा उपलब्ध कराने वाला 'बैंकर बही साक्ष्य अधिनियम, 2026' एक अक्टूबर से लागू हो जाएगा। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि 10 सितंबर को जारी अधिसूचना के जरिये एक अक्टूबर, 2026 को इस कानून के प्रावधानों के लागू होने की तारीख तय की गई है। राष्ट्रपति ने पिछले महीने इस कानून को मंजूरी दी थी। यह कानून समकालीन बैंकिंग गतिविधियों के अनुरूप बैंकिंग रिकॉर्ड के साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल के लिए आधुनिक ढांचा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि कानून में प्रौद्योगिकी-तटस्थ दृष्टिकोण अपनाया गया है।

- बैंकिंग रिकॉर्ड को साक्ष्य के रूप में उपयोग किया जा सकेगा

आनंद ज्वेल्स के 'आनंद गोल्ड' का हुआ शुभारंभ

रायपुर। आभूषणों की खरीदारी को और बेहतर व किफायती बनाने की दिशा में आनंद ज्वेल्स ने अपने नए ब्रांड आनंद गोल्ड की शुरूआत कर दी है। गणपति बप्पा के आशीर्वाद से पंडरी रायपुर स्थित नए शोरूम का भव्य शुभारंभ हुआ, इस शोरूम में ग्राहकों के लिए 10 हजार से अधिक ज्वेलरी डिजाइन का विस्तृत कलेक्शन पेश किया गया है। आनंद गोल्ड की सबसे खास बात यह है कि यहां रिटेल ग्राहकों को भी होलसेल भाव में ज्वेलरी खरीदने का लाभ मिलेगा। यानी ग्राहक एमआरपी के बजाय होलसेल मूल्य पर अपनी पसंदीदा ज्वेलरी खरीद सकेंगे। बेहतर कीमत के साथ आकर्षक डिजाइन उपलब्ध कराने की यह पहल ज्वेलरी खरीदारी के अनुभव को एक नया आयाम देती है।

916 ज्वेलरी पर कम मेकिंग चार्ज

शोरूम में पारंपरिक से लेकर आधुनिक पसंद तक के अनुरूप ज्वेलरी की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। सोने के आभूषणों के साथ ही अलग-अलग श्रेणियों में भी ग्राहकों को कई विकल्प मिलेंगे। खास तौर पर 916 शुद्धता वाली ज्वेलरी पर 1.99 प्रतिशत में मेकिंग चार्ज रखा गया है। ऐसे में डिजाइन, गुणवत्ता और कीमत के संतुलन के साथ ग्राहकों का नया अनुभव देने की कोशिश की गई है। करीब एक दशक से ग्राहक हित को प्राथमिकता देने वाले आनंद ज्वेल्स की ओर से आनंद गोल्ड के माध्यम से ज्वेलरी बाजार में एक नया प्रारूप पेश किया है।



- होलसेल भाव और आकर्षक मेकिंग चार्ज के साथ ज्वेलरी की विस्तृत रेंज

एएन ग्रुप ने पूरे किए 10 वर्ष, ग्राहकों के साथ मनाया जश्न

रायपुर। कृषि एवं कंस्ट्रक्शन उपकरणों के क्षेत्र में कार्यरत एएन ग्रुप ने अपने कारोबार के 10 वर्ष पूरे कर लिए हैं। 10 सितंबर को समूह के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रायपुर के एक निजी होटल में विशेष समारोह आयोजित किया गया। इसमें एएन ग्रुप के ग्राहकों के साथ कंपनी के प्रतिनिधि और विभिन्न वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए। एएन ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुराग सेन ने बताया कि एएन ग्रुप के अंतर्गत आंद्रे इंटरप्राइजेज और एएन ऑटोमोबाइल्स शामिल हैं। समूह स्वराज ट्रैक्टर्स के साथ-साथ बुल इंडिया के ट्रैक्टर अटैचमेंट, बुल कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट और हारवेस्टर से जुड़े उत्पादों का कारोबार करता है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों के सफर में छत्तीसगढ़ में समूह से 2700 ग्राहक जुड़े हैं। यह उपलब्धि कंपनी के लिए महत्वपूर्ण है। ग्राहकों के विश्वास और सहयोग के कारण ही एएन ग्रुप लगातार आगे बढ़ सका है। सभी क्षेत्रों में सर्विस और स्पेयर पार्ट्स की सुविधाः एएन ग्रुप की ओर से छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में ग्राहकों को सर्विस सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही जरूरत के अनुसार स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया जा रहा है। वर्तमान में ग्रुप के कांकेर, राजनांदगांव, आरंग, अमनपुर और रायपुर में शोरूम संचालित हैं। समूह आने वाले समय में अपने कारोबार का विस्तार करने की तैयारी में है। इसके तहत जगदलपुर, बेमेतरा और सरायपाली में नए स्थानों पर विस्तार की योजना है।



अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने कुछ सालों से खरीद रहा सोना

चीन की दिवानगी, 22 महीनों से लगातार खरीद रहा गोल्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोने के लिए चीन की दीवानगी कम होती नजर नहीं आ रही है। गोल्ड रिजर्व का होना किसी भी देश के लिए अच्छी बात है। भारत और चीन जैसी अर्थव्यवस्थाएं भी पिछले कुछ सालों से लगातार सोना खरीद रही हैं।

- चीन ने अगस्त 2026 में सोने के भंडार में 20.2 टन सोना शामिल किया

इस बीच, भारत की खरीद में बेशक कुछ कमी आई है, लेकिन चीन टस से मस नहीं हो रहा है। चीन अपने सोने का भंडार लगातार बढ़ाता ही जा रहा है। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) ने अगस्त 2026 में अपने सोने के भंडार में 6,50,000 औंस (लगभग 20.2 टन) सोना शामिल किया है, जो अक्टूबर 2023 के बाद से महीने भर में की गई सबसे बड़ी खरीद है। यह खरीदारी इसलिए भी सबसे खास है क्योंकि अगस्त के दौरान वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतों में लगभग 10 प्रतिशत का जोरदार उछाल देखा गया था। चीन ने बढ़ती कीमतों की परवाह न करते हुए अपनी आक्रामक खरीदारी जारी रखी।

चीन क्यों कर रहा ऐसा?

फाइनेंशियल एनालिस्ट और ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन किसी शॉर्ट-टर्म मुनाफे के लिए नहीं, बल्कि भविष्य का सोचकर अपने गोल्ड रिजर्व को बढ़ा रहा है। यह उसकी दीर्घकालिक रणनीतिक कदम का हिस्सा है।अगस्त 2026 में अमेरिकी वित्त विभाग द्वारा लंबी अवधि के सरकारी बांड के बायबैक को दोगुना करने का अप्रत्याशित फैसला लिया गया, जिससे डॉलर में कमजोरी और वैश्विक स्तर पर मुद्रा अवमूल्यन को लेकर चिंताएं बढ़ीं। इसके विकल्प के रूप में चीन ने सोने में निवेश को और तेज किया।



रूस से ली सबक : यूक्रेन में जंग के बाद रूस पर लगे पश्चिमी प्रतिबंधों को देखते हुए चीन यह समझ चुका है कि डॉलर और यूरो जैसी फॉरेन करेंसीज को किसी भी वक्त फ्रीज किया जा सकता है। आसान भाषा में कहे तो अमेरिकी डॉलर या डिजिटल बांड्स के रूप में विदेशी मुद्रा भंडार रखने से वह पैसा अमेरिका के बैंकिंग सिस्टम (जैसे स्विफ्ट) के जरिए ही घूमता है। ऐसे में अगर कभी भविष्य में चीन और अमेरिका के बीच राजनीतिक या सैन्य तनाव का माहौल बनता है, तो अमेरिका एक झटके में चीन के अरबों-खरबों डॉलर को फ्रीज (जब्त) कर सकता है। उसने रूस के साथ भी यही किया है। लेकिन सोने के साथ ऐसा नहीं है।

बिजनेस साइट

एडवांस सोलर ग्रुप का विशेष ऑफर, 91 हजार में सोलर प्लांट लगाने की योजना

रायपुर। बिजली के बढ़ते खर्च से राहत पाने और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एडवांस सोलर ग्रुप ने सोलर प्लांट लगाने के लिए विशेष ऑफर पेश किया है। इस योजना के तहत उपभोक्ता को बैंक फाइनेंस या मासिक ईएमआई के बिना 3 किलोवाट का सोलर प्लांट लगवाने का विकल्प दिया जा रहा है। उपभोक्ता को शुरुआत में केवल 91 हजार रुपए का भुगतान करना होगा। शेष राशि का भुगतान सब्सिडी प्राप्त होने के बाद किए जाने की बात कही गई है। योजना के तहत विभिन्न कंपनियों के 3 किलोवाट क्षमता वाले सोलर प्लांट उपलब्ध है। इन्वर्टर और बैटरी भी देने का दावाः एडवांस सोलर के अनुसार, योजना में 3 किलोवाट के सोलर प्लांट के साथ 1 किलोवाट का होम इन्वर्टर और बैटरी भी उपलब्ध कराई जाएगी। बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में इन्वर्टर-बैटरी के माध्यम से घर में आवश्यक बिजली उपकरण चलाए जा सकेंगे। सोलर प्लांट में टॉप-सोर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा रहा है। 15 दिन के लिए विशेष ऑफरःएडवांस सोलर ग्रुप ने इस योजना को 15 दिनों के विशेष ऑफर के रूप में पेश किया है। कंपनी के अनुसार, 30 सितंबर तक आवेदन करने वाले हितग्राहियों को योजना के तहत 91 हजार रुपए के शुरुआती भुगतान पर 3 किलोवाट का सोलर प्लांट उपलब्ध कराया जाएगा।



सुथार ने बिना रन दिए इंग्लैंड में झटके 3 विकेट, फर्स्ट क्लास क्रिकेट में बनाया बड़ा रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत के उभरते हुए स्पिनर मानव सुथार ने इंग्लैंड में गेंदबाजी से कहर बरपा रखा है। सुथार अभी तक भारत के लिए सिर्फ तीन टेस्ट मैच खेले हैं, लेकिन उन्होंने 23 विकेट लेकर खुद को सबसे आगे रखा है। इतना ही नहीं, उनका जलवा इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट में भी जारी है, जहां पर सुथार ने कुछ ऐसा किया कि 131 साल बाद फर्स्ट क्लास क्रिकेट का एक बड़ा रिकॉर्ड देखने को मिला है। सुथार ने इंग्लैंड के एक काउंटी मैच की दो पारियों में गेंदबाजी की और बिना रन दिए तीन विकेट चटका दिए। ऐसा कारनामा फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पहली बार हुआ है।

मानव का शानदार स्पेल

मानव सुथार श्रीलंका दौरे के ठीक बाद इंग्लैंड रवाना हो गए। सुथार ने इंग्लैंड जाकर वार्विकशर से खेलते हुए ग्लेमॉर्गन के खिलाफ पहली पारी में सिर्फ तीन गेंद फेंकी और इसमें ही एक विकेट चटका दिया। इसके बाद दूसरी पारी में सुथार ने दो ओवर गेंदबाजी करते हुए फिर से दो विकेट हासिल किए, जबकि एक भी रन नहीं दिया। जिससे बिना रन दिए तीन विकेट लेने वाले सुथार 131 साल बाद काउंटी क्रिकेट या फिर फर्स्ट क्लास क्रिकेट के पहले गेंदबाज बन गए। सुथार ने तीनों विकेट क्लीन बोल्ड करके लिए और उनसे पहले ये कारनामा 1895 में देखा गया था। सुथार ने दोनों पारियों में कम से कम एक-एक विकेट लिया और पूरे मैच में एक भी रन नहीं दिया, जिससे ऐसा करने वाले पहले भारतीय भी बने हैं।



दो मैच में 10 विकेट ले चुके हैं सुथार

मानव सुथार के अलावा वार्विकशर के अन्य गेंदबाजों ने भी कार्डिफ के मैदान पर धमाल मचाया। जिससे ग्लेमॉर्गन की टीम पहली पारी में 69 रन और दूसरी पारी में सिर्फ 65 रन पर ही ढेर हो गई। वहीं वार्विकशर ने 391 रन बनाने के बाद ग्लेमॉर्गन को पारी और 257 रन से बुरी तरह हराया। वहीं सुथार बीते दो मैचों में इंग्लैंड की सरजमीं पर 10 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। अब सुथार इसी तरह की फॉर्म जारी रखते हुए भारत के लिए टी20 और वनडे टीम इंडिया में भी जगह बनाना चाहेंगे।

सुथार का इंटरनेशनल क्रिकेट में शानदार आगाज

मानव ने इंटरनेशनल क्रिकेट में बेहतरीन आगाज किया है। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ डेब्यू करते हुए 6 विकेट हॉल के साथ मैच में 7 विकेट लिए थे। फिर श्रीलंका दौरे पर भी उन्होंने जलवा दिखाया और गॉल टेस्ट में सिक्स विकेट हॉल लिया। उन्होंने 2 मैचों में कुल 16 विकेट झटके। काउंटी क्रिकेट में भी वह वार्विकशायर के लिए 8 पारियों में 21 विकेट ले चुके हैं।

खबर संक्षेप



एशिया कप : श्रीलंका फाइनल में, भारत से खिताबी जंग

दुबई। विमेंस एशिया कप के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में श्रीलंका ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को 4 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही श्रीलंका ने फाइनल में जगह बना ली है। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका की बल्लेबाजों ने पाकिस्तान से मिले 131 रनों के लक्ष्य को 18.4 ओवर में 6 विकेट खोकर हासिल किया।
131 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान चमारी अटापट्टू 5 रन बनाकर फातिमा सना का शिकार बनीं। संजना कविंदी बिना खाता खोले पवेलियन लौटीं। हसीना परेरा सिर्फ 3 रन ही बना सकीं। इमेशा दुलानी अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाईं और 21 गेंदों में 24 रन बनाकर आउट हुईं।

जापान में क्रिकेट को मिलेगा बढ़ावा : फ्लेमिंग

नई दिल्ली। जापान के कप्तान केंडल कादोवाकी-फ्लेमिंग और युवा आल राउंडर चार्ली हारा-हिंजे का मानना है कि भारत के खिलाफ 22 सितंबर को होने वाला ऐतिहासिक टी20 मुकाबला सिर्फ एक यादगार मौका नहीं होगा बल्कि बेसबॉल के प्रति जुनूनी देश में क्रिकेट के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण शुरुआत साबित हो सकता है। भारतीय टीम दोनों देशों के बीच पहले पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए जापान का दौरा करेगी।

यूएस ओपन में महिला एकल का महामुकाबला कल आर्थर ऐश स्टेडियम में

खिताबी हैट्रिक की दहलीज पर सबालेंका, रायबाकिना से भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

एरिना सबालेंका जानती हैं कि अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के बाद वह विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी नहीं रह जाएगी लेकिन उनका लक्ष्य अब एलेना रायबाकिना को हराकर वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खिताबी हैट्रिक पूरा करना होगा।

रायबाकिना ने सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ ही विश्व रैंकिंग में नंबर एक स्थान अपने नाम पर सुनिश्चित कर दिया था लेकिन उनके लिए महिला एकल का खिताब जीतना आसान नहीं होगा क्योंकि पिछली दो बार की चैंपियन सबालेंका लगातार तीसरा खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध दिखती हैं। अमेरिकी ओपन में महिला वर्ग में आखिरी बार सेरेना विलियम्स ने 2012 से लेकर 2014 तक चैंपियन बनकर खिताबी हैट्रिक पूरी की थी।



नंबर वन बनीं एलेना

सबालेंका ने कहा, 'शीर्ष पर पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत लगती है। नंबर एक स्थान पर बने रहना मेरा लक्ष्य था लेकिन अब मैं कुछ खास नहीं कर सकती। सत्र के बीच में मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। एलेना में बहुत अच्छा खेल दिखाया और मुझसे नंबर एक स्थान छीन लिया।'
दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला अधिक संघर्षपूर्ण रहा, जिसमें गॉफ ने अंतिम दो सेटों में पिछड़ने के बाद वापसी करने की कोशिश की, लेकिन रायबाकिना ने उनके प्रयासों पर पानी फेर दिया। गॉफ ने शानदार शुरुआत की और पहला सेट आसानी से जीत लिया। इसके बाद हालांकि रायबाकिना ने अच्छी वापसी की और अंतिम दो सेट जीतकर फाइनल में जगह बनाई।

सबालेंका और रायबाकिना 18वीं बार आमने-सामने

दोनों डब्ल्यूटीए टूर पर 18वीं बार आमने-सामने होंगी। सबालेंका 10-7 से आगे हैं। वे मेजर फाइनल में भी तीसरी बार मिलेंगी, पिछले दो मुकाबलों का हिसाब बराबर है। रायबाकिना और सबालेंका पहले भी दो बार मेजर फाइनल में एक-दूसरे से मिल चुकी हैं, दोनों ही ऑस्ट्रेलियन ओपन में टाइटल क्लैश थे। सबालेंका ने 2023 में जीता हासिल की थी, जबकि रायबाकिना ने 2026 में जीत हासिल कर हिसाब चुकता किया था।

मुझे सबालेंका के खिलाफ अपनी पूरी ऊर्जा लगानी होगी : रायबाकिना

रायबाकिना ने सेमीफाइनल में कोको गॉफ को 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर महिला टेनिस की शीर्ष दो खिलाड़ियों के बीच मुकाबले का रास्ता साफ किया। सबालेंका के साथ होने वाले फाइनल को लेकर रायबाकिना ने कहा, मुझे सबालेंका के खिलाफ अपनी पूरी ऊर्जा लगानी होगी। हम कई बार खेले हैं। हमने पहले भी अभ्यास किया है। वह बहुत आक्रामक खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, उनके साथ मानसिक और शारीरिक रूप से खेलना मुश्किल है। उनका गेम बड़ा है, सर्व बड़ा है, और मुझे अपनी पूरी ऊर्जा के साथ आना होगा। एरिना के खिलाफ अपनी बेस्ट सर्व लानी होगी और सही समय पर सही फैसले लेने होंगे क्योंकि ज्यादातर समय स्कोर टाइट होता है और यहीं पर फैसले से फर्क पड़ता है। हम देखेंगे कि क्या होने वाला है, लेकिन मैं निश्चित रूप से अपनी पूरी कोशिश करूंगी और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी।



खिताब जीतने के लिए बेताब हूं : सबालेंका

सबालेंका ने कहा, 'मैं फाइनल में जगह बनाने के लिए प्रतिबद्ध थी। मैं निश्चित रूप से खिताब जीतने के लिए बेताब हूं।'

चेन्नई ओपन गोल्फ

8 अंडर 64 का कार्ड खेलकर चैंपियन बने विराज मदप्पा



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय गोल्फर विराज मदप्पा ने अंतिम दौर में बिना बोगी के 8 अंडर 64 का कार्ड खेलकर एक करोड़ पुरस्कार राशि के चेन्नई ओपन गोल्फ टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

कोलकाता के मदप्पा ने वापसी करते हुए बीती रात शीर्ष पर चल रहे अजीतेश संधू की तीन शॉट की बढ़त समाप्त की। अठाईस वर्षीय मददप्पा (72-67-63-64) इस तरह 15 लाख रुपए की पुरस्कार राशि अपने नाम की। उन्होंने कुल 22 अंडर 266 का स्कोर बनाकर अपना चौथा पेशेवर खिताब जीता। वह 2018 में एशियाई टूर पर खिताब जीतने वाले युवा भारतीय गोल्फर बने थे। इस जीत से वह 23,90,042 रुपए की कमाई से 2026 डीपी विश्व पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 44वें से 22वें स्थान पर पहुंच गए और डीपी विश्व भारत चैंपियनशिप में अपना स्थान पक्का किया।

संधू पहुंचे 15वें स्थान पर

चंडीगढ़ के संधू (65-66-68-68) ने चार अंडर 68 का कार्ड खेला और उन्हें 10 लाख रुपए मिले, जिससे वह 33,47,375 रुपए की कमाई से ऑर्डर ऑफ मेरिट में 21वें से 15वें स्थान पर पहुंच गए। नोएडा के अमरदीप मलिक (67-68-69-67) 33,75,548 की कमाई से 19वें से 14वें स्थान पर पहुंच गए। दिल्ली के राशिद खान (66-68-72-66) ने अंतिम दौर में छह अंडर 66 का कार्ड खेलकर चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने 52,70,309 की कमाई से ऑर्डर ऑफ मेरिट में अपना छठा स्थान मजबूत किया।

जूनियर एशिया कप हॉकी : मलेशिया को हराकर फाइनल में भारत



मोकी। शानदार फॉर्म में चल रहे कप्तान अनमोल इक्का के दो गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने मलेशिया को 3-1 से हराकर लगातार चौथी बार एएचएफ पुरुष जूनियर एशिया कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। ड्रैग फ्लिकर अनमोल ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए दो पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किए। उनके टूर्नामेंट में अब 16 गोल हो गए हैं। गोलकीपर विवेक लाकड़ा ने भी एक पेनल्टी स्ट्रोक समेत कई शानदार बचाव करके भारत का दबदबा बनाए रखा। भारत की नजरें लगातार चौथे और कुल छठे खिताब पर है। अब उसका सामना पाकिस्तान और दक्षिण कोरिया के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। भारत ने आक्रामक शुरुआत की जब अजीत यादव पहले दो मिनट में दो बार मलेशियाई सर्कल में घुसे।

प्रैक्टिस सेशन में चोटिल हुए ईशान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन टीम के नेट सत्र के दौरान पीठ में खिंचाव के कारण असहज नजर आए, जिससे अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 श्रृंखला से पहले उनकी फिटनेस को लेकर चिंता बढ़ गई है। किशन तेज गेंदबाजों के नेट में बल्लेबाजी कर रहे थे।

इसी दौरान नवदीप सैनी ने शरीर को निशाना बनाकर शॉर्ट गेंद डाली। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने उछाल लेती गेंद से बचने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान उनकी पीठ में खिंचाव आ गया। किशन को दर्द से परेशान देखते ही टीम के निवर्तमान फिजियो उनकी मदद के लिए पहुंचे। किशन कुछ मिनट तक घुटनों के बल बैठे रहे और फिर धीरे-धीरे नेट से बाहर चले गए। बाद में वह कमर के पिछले हिस्से को पकड़े नजर आए और दोबारा बल्लेबाजी के लिए नहीं लौटे।



बुमराह ने ली सूर्यवंशी की परीक्षा

चोट से उबरकर टीम में वापसी कर रहे बुमराह ने पूरी लय में गेंदबाजी की। उनके चेहरे पर मुस्कान, कदमों में आत्मविश्वास की पूरी झलक दिखी। उन्होंने 15 वर्षीय उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी को नेट सत्र में अपने हुनर की बानगी दिखाई। सूर्यवंशी को जब पहली बार भारतीय टीम में जगह मिली थी, तब बुमराह इंग्लैंड में टी20 टीम का हिस्सा नहीं थे और बाद में वनडे श्रृंखला के लिए टीम से जुड़े थे। बुमराह ने उभरते हुए 'जेन अल्फा' सितारे की कड़ी परीक्षा ली।

चैंपियंस लीग : बायर्न को रीस्टार्ट के बाद सिर्फ दो मिनट में मिली बढ़त

बायर्न म्यूनिख ने बोडो/ग्लिम्ट को दी एकतरफा शिकस्त

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

जमाल मुसियाला ने बायर्न म्यूनिख की शुरुआती लाइनअप में वापसी करते हुए पहला गोल किया। इसकी मदद से जर्मन टीम ने यूईएफए चैंपियंस लीग में बोडो/ग्लिम्ट को 5-0 से हरा दिया। बायर्न ने शुरू से ही गेंद पर कब्जा बनाए रखा, लेकिन शुरुआत में मेहमान टीम की पांच लोगों की डिफेंसिव लाइन को तोड़ने में संघर्ष किया।

लुइस डियाज को पांच मिनट बाद पहला हाफ में मौका मिला, जोशुआ किमिच के क्रॉस पर उन्होंने पास से हेडर मारा, लेकिन गोलकीपर निकिता हाइकिन ने उसे बचा लिया।



किमिच का 22 मीटर का शॉट 33वें मिनट में पोस्ट के बाहर लगा, इससे पहले हाइकिन ने पहले हाफ के आखिर में मुसियाला और फिर किमिच को रोका। हाइकिन, जिन्हें बाद में सेव करते समय कमर में दिक्कत हुई, उनकी जगह हाफटाइम में जूलियन फे लुंड ने ले ली, और बायर्न को रीस्टार्ट के बाद सिर्फ दो मिनट में ही बढ़त मिल गई।

हम और मजबूत हुए : केन

बोडो/ग्लिम्ट का काम तब और मुश्किल हो गया जब 87वें मिनट में ओडिन ब्योर्टुफ्ट को पेनल्टी एरिया के पास ओलिस को गिराने के लिए रेड कार्ड दिखाया गया। ओलिस ने फिर स्टॉपेज टाइम में अपना डबल पूरा किया और विंसेंट कोम्पनी की टीम के लिए दूसरे हाफ में पांच गोल किए। जीत के बाद केन ने कहा, हम पहले हाफ में काफी बेहतर थे। हमें बस दरवाजा खुलने तक सब्र रखना था। दूसरे हाफ की शुरुआत में किए गए गोल ने गेम को आगे बढ़ाया और हम और मजबूत हुए।

डेविस ने की 17 मीटर की स्ट्राइक

हैरी केन को रोकने की कोशिश में व ब्लॉक हो गई, लेकिन मुसियाला ने लूज बॉल को पकड़ा और अपना शॉट बाएं कोने में मार दिया। केन ने 61वें मिनट में माइकल ओलिस की फ्री-किक डिलीवरी पर फे लुंड के पास से हेडर मारकर बढ़त दोगुनी कर दी। अल्फांसो डेविस ने 77वें मिनट में 17-मीटर का स्ट्राइक करके मैच को आसानी से खत्म कर दिया, जिसके छह मिनट बाद ओलिस ने लेनार्ट कार्ल के पास पर बायर्न के लिए चौथा गोल किया।

"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22- छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-

पंजीयन क्रमांक 'छत्तीसगढ़/ दुर्ग/09/2013-2015'

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 518] नवा रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 11 सितम्बर 2026 - भाद्र 20, शक 1948

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर
नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 9 सितम्बर 2026

अधिसूचना

क्रमांक PROJ/2114/2025-HOUSING. — राज्य शासन एतद् द्वारा, छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 50 की उपधारा (3) के अंतर्गत, ग्राम कचना, लाभाण्डी एवं सड्डू, जिला रायपुर में प्रस्तावित नगर विकास योजना के प्रारूप प्रकाशन की, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जारी सूचना क्रमांक 3205 दिनांक 08-09-2026 सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित की जाती है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
देवेन्द्र सिंह भारद्वाज, विशेष सचिव.

रायपुर विकास प्राधिकरण

भक्त माताकर्मा व्यावसायिक परिसर, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) - 492006
ईमेल : ceordaryp@gmail.com, वेबसाइट : www.rdaraipur.cgstate.gov.in
दूरभाष : (0771) 2536188, 2536788

रायपुर, दिनांक 08 सितम्बर 2026

नगर विकास योजना के प्रारूप के प्रकाशन की सूचना

(छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश नियम, 2020 के नियम 27 (2) एवं प्ररूप - 26 के अनुसार)

क्र. 3205/यो.शा./वि.प्रा./2026. - एतद् द्वारा यह सूचना दी जाती हैं कि छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम (क्र. 23 सन 1973) की धारा 50 की उप-धारा (3) के अधीन रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम कचना, लाभाण्डी एवं सड्डू तहसील रायपुर के अंतर्गत कुल 95.271 हे. क्षेत्र के लिए नगर विकास योजना का प्रारूप तैयार किया गया हैं तथा उसकी एक प्रति निम्नलिखित कार्यालयों में कार्यालय समय के दौरान निरीक्षण के लिए उपलब्ध है -

(1) रायपुर विकास प्राधिकरण, रायपुर
(2) संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, रायपुर
(3) जिला कलेक्टर, जिला रायपुर
(4) आयुक्त, नगर पालिक निगम, जिला रायपुर

उसकी प्रति रायपुर विकास प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाईट https://rdaraipur.cgstate.gov.in पर भी उपलब्ध कराई गई हैं।

यह अधिसूचना, छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम (क्रमांक 23, 1973) की धारा 50 की उप-धारा (2) के अंतर्गत ग्राम कचना, लाभाण्डी एवं सड्डू तहसील रायपुर के अंतर्गत कुल 95.271 हे. क्षेत्र के लिए नगर विकास योजना का प्रारूप तैयार करने के आशय की घोषणा संबंधित पूर्व में प्रकाशित छत्तीसगढ़ राजपत्र अधिसूचना क्रमांक 49 दिनांक 05 दिसंबर 2025 और धारा 50 की उप-धारा क के अंतर्गत उक्त नगर विकास योजना के संशोधित क्षेत्र 95.271 हे. को अधिसूचित करने के लिए अनुवर्ती अधिसूचना छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 459 दिनांक 17 अगस्त 2026 के अनुक्रम में हैं।

इस अधिसूचना में यहां प्रकाशित अंतिम भूखण्डों की सूची को भू-स्वामित्व या भू-अभिलेखों के सत्यापन के रूप में नहीं माना जाएगा, जो कि छत्तीसगढ़ शासन में राजस्व विभाग के अद्यतन भू-अभिलेखों के अनुसार सत्यापन के अधीन होगा। छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम (क्रमांक 23, 1973) की धारा 50 उप-धारा (8) के अधीन योजना को अंतिम रूप देने के बाद अंतिम भूखंडों का आबंटन और उसके बाद अंतिम भूखंड का कब्जा, भूस्वामी के अद्यतन और प्रमाणित भू-स्वामित्व अभिलेखों के उचित सत्यापन के बाद किया जाएगा।

किसी भी ऐसी आपत्ति या सुझाव पर, जो उस स्कीम से प्रभावित किसी व्यक्ति से इस सूचना के छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से तीस दिन के भीतर लिखित में प्राप्त हो, उस पर रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा विचार किया जायेगा।

हस्ता./-
(अवनीश कुमार शरण)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
रायपुर विकास प्राधिकरण, रायपुर (छ.ग.)

Dr. Juneja's EYE Mantra®

दीजिए अपनी आँखों को कुदरती आई मंत्रा

Clinically Tested*

प्रयोग विधि: 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।

12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com

भारत वाले 'गोंडवाना' महाद्वीप के 80 करोड़ साल पुराने फिंगरप्रिंट मिले

वॉशिंगटन। वैज्ञानिकों को प्राचीन भू-भाग गोंडवाना के काफी महत्वपूर्ण अवशेष मिले हैं और उन्होंने पुष्टि की है कि यह एक सुपरकॉन्टिनेंट था। इस खोज से पता चला है कि गोंडवाना बहुत विशाल था और पृथ्वी के कुल भू-भाग का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा इसी का था। यह दक्षिणी गोलार्ध में 800 से 500 मिलियन साल पहले बना था और पृथ्वी पर जटिल जीवन के विकास में इसने अहम भूमिका निभाई थी। 9 सितंबर को 'साइंस एडवांसेज' में छपी एक स्टडी में बताया गया है कि गोंडवाना की सीमाओं का पता लगाने के लिए 25,000 से ज्यादा प्राचीन चट्टानों को इकट्ठा किया गया। अब तक यह माना जाता था कि यह पृथ्वी के दो-तिहाई हिस्से में फैला हुआ था, लेकिन अब पता चला है कि यह पृथ्वी के लगभग 80 प्रतिशत हिस्से में फैला था।

धरती के इतिहास की सबसे बड़ी खोज!



अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से हुई यह खोज

रिपोर्ट के मुताबिक कैम्ब्रियन विस्फोट जो लगभग 538 मिलियन साल पहले हुआ था और जिसकी वजह से पृथ्वी पर जटिल जीवन पनपा वह गोंडवाना के बनने की वजह से हुआ था। स्टडी करने वाले लेखकों ने कहा कि इससे पता चलता है कि पृथ्वी के अंदर गहराई में होने वाली जटिल प्रक्रियाओं की वजह से ही आज हमारे आस-पास दिखने वाला ज्यादातर जीवन अस्तित्व में आया है। इससे पहले अरबों सालों तक हमारे ग्रह पर सिर्फ साधारण माइक्रोबियल जीव ही मौजूद थे। यह खोज 'डीप-टाइम डिजिटल अर्थ' नाम के एक अंतरराष्ट्रीय सहयोग से हुई। इस ग्रुप ने इस इलाके से हजारों मैग्मैटिक चट्टानें इकट्ठा कीं और उनके बनने की प्रक्रिया को समझने के लिए एक डेटाबेस बनाया। टीम ने यह पता लगाने के लिए एआई और दूसरी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया कि ये चट्टानें कब और कहां बनी थीं।

पृथ्वी पर बिखरी हुई थीं गोंडवाना चट्टानें

वैज्ञानिकों को पता चला है कि करोड़ों सालों की टेक्टोनिक एक्टिविटी की वजह से गोंडवाना के टुकड़े टूटकर पूरी दुनिया में फैल गए थे। समैरियम और नियोडिमियम एलिमेंट के आइसोटोप गोंडवाना के 'फिंगरप्रिंट' के तौर पर सामने आए और ये नई चट्टानों के अंदर मिले। वैज्ञानिक कॉलिन्स ने 'समैरियम-नियोडिमियम आइसोटोप मैप' को एक टाइम मशीन कहा जो उन्हें अतीत में ले जाती है। उन्होंने कहा टइनकी खास जगह वाली बनावट हमें 50 करोड़ साल पहले बने एक पुराने महाद्वीपीय भू-भाग को पहचानने में मदद करती है।' कैम्ब्रियन विस्फोट से पहले पृथ्वी ठंडी थी। जिन जियोलॉजिकल प्रक्रियाओं ने गोंडवाना को आकार दिया, उन्हीं से 'रिंग ऑफ फायर' भी बनी। इससे वातावरण में भारी मात्रा में ज्वालामुखी गैसें निकलीं जिससे पृथ्वी गर्म हो गई।

गन्ने के खाली खेत को बना दिया घना जंगल

केनबरा। आमतौर पर लोग जमीन इसलिए खरीदते हैं, ताकि वहां अपना सपनों का आशियाना बना सकें, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की रहने वाली एनी शोएनबर्गर की सोच बिल्कुल अलग थी। उन्होंने 2014 में क्वींसलैंड में गन्ने की कटाई के बाद खाली पड़ा एक बड़ा खेत खरीदा। उनका सपना कोई बंगला खड़ा करने का नहीं था, बल्कि वहां एक नया जंगल उगाने का था। खेत खरीदने के बाद वहां पेड़ लगाए गए और आज 10 साल बाद वही बंजर जमीन 1,19,000 पेड़ों वाले घने वर्षावन में बदल चुकी है।



जीव जंतुओं के लिए बना नया आशियाना

आज ये रेनफॉरेस्ट न केवल घने पेड़ों से भरा है, बल्कि यहां का इकोसिस्टम भी पूरी तरह बदल चुका है। इस जंगल में फ्लाइंग फॉक्स प्रजाति के खास चमगादड़ और 75 से अधिक अन्य जीवों की प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें कई रेयर जीव शामिल हैं।

10 साल की मेहनत और 1,19,000 पेड़

साल 2015 से इस जमीन को सही करने और पेड़ लगाने का काम शुरू किया गया। नाइटविंग्स रेनफॉरेस्ट सेंटर की मदद और सैकड़ों वालंटियर के सपोर्ट से 18 एकड़ जमीन पर पौधे लगाए गए। अकेले 2023 में ही 140 से ज्यादा लोगों ने मिलकर 3,300 पेड़ रोपे थे। धीरे- धीरे एक दशक में यहां 1,19,000 से भी ज्यादा पेड़ लगे और खाली जमीन एक घने वर्षावन में बदल गई।

33 साल में घूमे 233 देश, इस बिजनेसमैन ने ऐसे पूरा किया दुनिया घूमने का सपना

बीजिंग। चीन के झेजियांग के रहने वाले 53 साल के चेन जिनवेई एक मशीनरी कंपनी के मालिक हैं। उन्होंने अपना काम या फैमिली छोड़े बिना अपने इस सपने को सच कर दिखाया। वो एक महीना अपनी कंपनी और फैमिली को संभालते थे और फिर अगले महीने विदेश ट्रिप पर निकल जाते थे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, चीन में केवल 70 के करीब लोग ही ऐसे हैं, जिन्होंने 233 देशों और जगहों की यात्रा की है। चेन जिनवेई उन्हीं में से एक हैं।

एक महीना काम, एक महीना ट्रैवल, 12 करोड़ खर्च कर चीनी शख्स ने नापी पूरी दुनिया

दुनिया भर की करेंसी दान कर दिया अनोखा संदेश



अपनी यात्राओं के दौरान चेन ने केवल फेमस जगहें नहीं देखीं, बल्कि वहां के कल्चर को भी समझा। उन्होंने 198 देशों की करेंसी इकट्ठी की और उसे फेमस चाइनीस एक्सप्लोरर जू शियाके मेमोरियल हॉल को दान कर दिया।

बिजनेस और फैमिली के साथ पूरा किया सपना

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, चेन का ये सफर आसान नहीं था। अंटार्कटिका पहुंचने के लिए उन्हें दो बार कोशिश करनी पड़ी, क्योंकि पहली बार जहाज में खराबी आ गई थी। इसके अलावा अफ्रीका में उन्हें मलेरिया हो गया और ग्रीस में उन्होंने भूकंप का सामना किया, लेकिन इन हादसों ने उन्हें घबराने के बजाय हर मुश्किल परिस्थिति में शांत रहना सिखाया।

60 हजार रुपए महीना कमाती है ये कामवाली

नई दिल्ली। गुरुग्राम में रहने वाले शिवा मित्तल ने अपनी मेड के फाइनेंशियल मैनेजमेंट की स्टोरी शेयर की है। उन्होंने अपनी पोस्ट में बताया कि उनकी हाउस हेल्प हर दिन 5 से 6 घरों में काम करती है और महीने में करीब 60,000 रुपए कमा लेती है। वो 10 हजार रुपए किराया देती हैं, अपनी बेटी को प्राइवेट स्कूल में पढ़ाती हैं और गांव में 6 लाख रुपए की जमीन के लिए हर महीने ईएमआई भी भरती है। शिवा के मुताबिक, 'हम लोग महंगी गाड़ियों, महंगे फोन और लाइफस्टाइल के लिए ईएमआई लेते हैं, जिनकी कीमत समय के साथ घटती है, लेकिन उनकी मेड सिर्फ उन चीजों में पैसे लगाती है, जिनकी कीमत फ्यूचर में बढ़ेगी। बिना किसी इंश्योरेंस या कॉरपोरेट सुरक्षा के, वो रोज सुबह 7 बजे से पहले काम पर निकल जाती है और अपने फ्यूचर के गोल्स को पूरा कर रही हैं।

PRADIKSHA HERBAL
आयुर्वेदिक ताक़त, दर्द से तुरंत राहत
प्रदिक्षा आर्थो ऑयल
MRP ₹120/-
साइड इफेक्ट रहित
घुटने का दर्द, साइटिका, गठिया, हड्डियोंका दर्द, जकड़न, मांसपेशियों में सूजन, आमवात, संधिवात और मोच में तेज असर
सुपर स्टॉकिस्ट • पंकज मेडीकोज, बिलासपूर 6261187686 • राजनांदगांव • महेश एजेन्सी 700616262 • नथानी एजेंसी, रायपुर • ताराचंद चितलांगीया & कं. 9907420754
Customer Care : 1800 120 3133, Trade Enquiry : +91 9112637000, 9823286830
www.pradikshaherbals.com
सभी प्रमुख मेडीकल्स में उपलब्ध

Divisa
पेट साफ तो हर रोग दफा...
Clinically Tested*
अगर पेट सफा खाओगे बिल्कुल जोर नहीं लगाओगे
super effective
अगर आप भी कब्ज • गैस • एसिडिटी जैसी परेशानियों से घिरे हुए है, तो आज ही लीजिए, आयुर्वेदिक पेट सफा ग्रेन्यूल्स या टेबलेट। यह पहले दिन से असर दिखाता है।
Dr. Juneja's पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets

BALCO Medical Centre
बालको मेडिकल सेंटर
मध्यभारत का अत्याधुनिक व विश्वसनीय कैंसर हॉस्पिटल
NABH व NABL से मान्यता प्राप्त
आयुष्मान भारत योजना से निःशुल्क ईलाज एवं सभी PSUs व बीमा कंपनियों से अनुबंधित
• सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी (रोबोटिक/लेप्रोस्कोपिक).
• पेट, स्पैक्ट स्कैन, HDT, LDT थेरेपी
• कीमोथेरेपी, टारगेटेड थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी
• रक्त-सम्बन्धी सभी बीमारियाँ एवं बोन मेरो ट्रांसप्लांट
• आधुनिक रेडियोलॉजी, लेबोरेटरी एवं ब्लड सेंटर
• अत्याधुनिक टू-बीम लिनक एवं हैल्सीऑन मशीन द्वारा रेडिएशन थेरेपी व ब्रैकिथेरेपी की सुविधा
बीएमसी सिटी कैंसर डेकेयर - कलर्स मॉल के बाजू, धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.) 9201966330
मेन हॉस्पिटल: सेक्टर 36, नया रायपुर, (छ.ग.) 8282823333/4444

टैटू (गोदना) मिटाये नई लेजर तकनीक द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

अपेंडिक्स
अचानक तेज पेट दर्द को नजरअंदाज न करें। समय पर निदान और उचित उपचार जरूरी।
डॉ. विवेक केशरवानी
लैप्रोस्कोपिक एवं गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी विशेषज्ञ
(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, रायपुर
Ajay 9827144371

MARUTI SUZUKI ARENA
अपनी कार खरीदने का सही समय
कीमत बढ़ने से पहले खरीदने का आखिरी मौका।
7th September 2026
Maruti Suzuki Cars to soon become costlier by up to ₹20 000.
Maruti Suzuki announced a price hike of up to ₹20 000 across its range, effective from September , citing continued increases in input costs, and ongoing inflationary pressures.
EFFECTIVE PRICE ₹3 52 976*
EFFECTIVE PRICE ₹3 45 477*
EFFECTIVE PRICE ₹4 47 007*
EFFECTIVE PRICE ₹4 13 006*
ARENA SAFETY SHIELD
SCAN TO CONNECT TO SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM
Contact us at 1800-102-1800
*The effective price for Alto K10 (Standard) of ₹3.52 Lakh has been calculated after deducting the applicable consumer offer of ₹20 000, exchange/scrappage bonus of ₹25 000, and rural/ISL offer of ₹2 100 from the ex-showroom price of ₹4.00 Lakh. *The effective price for Spresso (Standard) of ₹3.45 Lakh has been calculated after deducting the applicable consumer offer of ₹10 000, exchange/scrappage bonus of ₹25 000, and rural/ISL offer of ₹2 100 from the ex-showroom price of ₹3.82 Lakh. *The effective price for WagonR (LXI) of ₹4.47 Lakh has been calculated after deducting the applicable consumer offer of ₹25 000, exchange/scrappage bonus of ₹25 000, and rural/ISL offer of ₹2 100 from the ex-showroom price of ₹4.99 Lakh. *The effective price for Celerio (LXI) of ₹4.13 Lakh has been calculated after deducting the applicable consumer offer of ₹30 000, exchange/scrappage bonus of ₹25 000, and rural/ISL offer of ₹2 100 from the ex-showroom price of ₹4.70 Lakh. The actual Effective Price mentioned may vary based on the customer's eligibility, profile, and applicable offers at the time of purchase. Applicable T&C available at the nearest Maruti Suzuki Arena dealership. Features, accessories, and specifications may vary by variant and are subject to change without prior notice. Offers and prices may also differ by variant, model, location, and city, and are subject to change or withdrawal without notice. Finance is at the sole discretion of the financier. Creative visualisation. Images are for illustrative purposes only.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com